दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 4 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-225 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

सूर्यवंशी गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट

भारत ने पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ 200 रन बनाए, गेल से आगे निकले अभिषेक



निशिन, जापान (एजेंसी)। भारत ने एशियन गेम्स के फाइनल में पाकिस्तान को 19 रन से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही वैभव सूर्यवंशी गेम्स में भारत के लिए गोल्ड जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। निशिन में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 211 रन बनाए। यह पाकिस्तान के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा टी-20 स्कोर है। वहीं भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ने टी-20 में सबसे तेज 400 लगाने के मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया। सूर्यवंशी ने 15 साल, 6 महीने और 7 दिन की उम्र में एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीता। वे गेम्स में सबसे कम उम्र में गोल्ड जीतने वाले भारतीय एथलीट बन गए। भारत ने पहले खेलते हुए 211 रन बनाए थे। यह पहली बार है जब भारत-पाकिस्तान के बीच टी-20 मैच में किसी पारी में 200 रन बने हैं। इससे पहले भारत ने ही 2012 में अहमदाबाद में 5 विकेट पर 192 रन बनाए थे।

अभिषेक ने 400 टी-20 छक्के पूरे किए

अभिषेक शर्मा ने अर्धशतकीय पारी के दौरान टी-20 क्रिकेट में अपने 400 छक्के पूरे किए। उन्होंने 3,513 गेंद में यह उपलब्धि हासिल की। अभिषेक इंटरनेशनल, डोमेस्टिक और लीग क्रिकेट मिलाकर टी-20 में सबसे तेज 400 छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। अभिषेक ने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 3557 गेंद में 400 छक्के लगाए थे। इस मामले में वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल 3027 गेंद के साथ पहले स्थान पर हैं।

एशियाड में भारत को 21 गोल्ड



दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

2023 में 28 जीते थे, इस बार कुल 85 मेडल



नागोया (एजेंसी)। भारत ने एशियन गेम्स में 21वां गोल्ड मेडल जीत लिया है। पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल मुकाबले में मलेशिया को 5-1 से हराया। शनिवार को भारत ने मेंस क्रिकेट, आर्चरी, गोल्फ और कुश्ती में भी 1-1 गोल्ड जीता। भारत अब 21 गोल्ड सहित कुल 85 मेडल के साथ टैली में चौथे स्थान पर आ गया है। यह एशियाड में भारत का अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 2023 में भारत ने 28 गोल्ड सहित 106 मेडल जीते थे।

रेसलिंग में अमन सहरावत का शानदार,गोल्ड जीता : प्रदर्शन भारत के अमन सहरावत ने पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती का गोल्ड मेडल जीत लिया। उन्होंने फाइनल में नॉर्थ कोरिया के हान को हराया।अमन ने पहले पीरियड में हान के हमलों का बचाव किया और 6-1 की बढ़त बनाई। इसके बाद हान ने लगातार 6 अंक लेकर 7-6 की बढ़त हासिल कर ली।अमन ने फिर 4 अंक की शानदार चाल चली और बढ़त हासिल की। कोरिया का रिव्यू खारिज होने पर अमन को एक अतिरिक्त अंक भी मिला।

गोल्फ में गोल्ड जीतने वाली पहली महिला बनी प्रणवी

नागोया में भारत की प्रणवी उर्स ने विमेंस इंडिविजुअल गोल्फ में गोल्ड मेडल जीता। वह एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला गोल्फर बन गईं। उन्होंने चार राउंड में 15 अंडर 265 का स्कोर किया।प्रणवी ने फाइनल राउंड में 70 का स्कोर किया। तीसरे होल पर ट्रिपल बोगी के बाद उन्होंने तीन बर्डी लगाकर वापसी की और एक शॉट की बढ़त से गोल्ड जीता।भारत ने विमेंस टीम इवेंट में सिल्वर जीता।

संक्षिप्त खबरें

नालंदा : नशे में धुत शख्स ने तीन को मारी गोली

नालंदा। नालंदा में सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है। हरनौत थाना क्षेत्र माधोपुर सबनहुआ गांव में शनिवार शाम शराब के नशे में धुत बदमाशों ने जमकर आतंक मचाया. शराब पीने के बाद उपजे विवाद में एक बदमाश ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिसमें 3 लोगों को गोली लगी है। घायलों की पहचान 30 वर्षीय मुकेश बिंद, 35 वर्षीय सोहन कुमार बिंद और एक महिला सुनीला देवी के रूप में हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए बिहार शरीफ के मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी टिंकू यादव को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

महाराष्ट्र में तीन घंटे के भीतर भूकंप के दो झटके

मुंबई। महाराष्ट्र के हिंगोली जिले के कई इलाकों में शनिवार सुबह कुछ ही घंटों के अंतराल पर भूकंप के दो हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया।हालांकि, इन झटकों के कारण किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के अनुसार, पहला झटका सुबह करीब 7:46 बजे दर्ज किया गया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.3 मापी गई।इस झटके का केंद्र औंढा नागनाथ तहसील के गाधाला गांव में जमीन से सात किलोमीटर की गहराई में था।

तिरुपति में बॉयलर फटने से 5 मजदूरों की मौत

तिरुपति। तिरुपति जिले के सत्यवेडु विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को एक फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों के लिए अचानक ऐसा हादसा हुआ जिसने पूरे इलाके को हिला दिया। वरदय्यापालेम के पास श्री सिटी औद्योगिक क्षेत्र में एक निजी फैक्ट्री का बॉयलर अचानक फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि कुछ ही सेकंड में फैक्ट्री का माहौल बदल गया. मशीनें और छत की चादरें दूर जा गिरीं। इसके बाद परिसर में आग लग गई और चारों तरफ धुआं फैल गया। मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग जान बचाने के लिए बाहर की तरफ भागे।

नायरा का पेट्रोल 5 और डीजल 3 रुपया महंगा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सागर ब्यूरो नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ा दी हैं। कंपनी ने पेट्रोल के दाम में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया है। नई कीमतें शनिवार सुबह से ही लागू हो गई हैं। इस बढ़ोतरी के बाद भोपाल में एक लीटर पेट्रोल 119.54 और डीजल 102.64 रुपए का हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में आई तेजी के बाद रिटेल कीमतों और बढ़ती लागत के बीच के अंतर को कम करने के लिए यह फैसला लिया गया है।

सूबे को उद्योग और स्किल का हब बनाना प्राथमिकता : सम्राट

सीएम ने चकाई स्थित निमार्णाधीन एथेनॉल प्लांट का किया निरीक्षण व समीक्षा बैठक

दैनिक नवसंदेश



पटना। सीएम सम्राट चौधरी ने शनिवार को जमुई जिले के चकाई प्रखंड स्थित निमार्णाधीन अंकुर बायोकेम प्रा. लि. एथेनॉल प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीएम को प्लांट के निर्माण कार्य एवं परियोजना की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्लांट से मार्च 2027 तक उत्पादन शुरू हो जाएगा। निरीक्षण के पश्चात सीएम की अध्यक्षता में एथेनॉल प्लांट परिसर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि औद्योगिक क्षेत्र के लिए चिह्नित भूमि की 10 से 12 दिनों के भीतर मैपिंग सुनिश्चित कराई जाए, ताकि वास्तविक रूप से वन विभाग की भूमि तथा उस भूमि के कितने क्षेत्र में वर्तमान में जंगल मौजूद है, इसकी स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने 4,000 एकड़ रैयती एवं अन्य श्रेणी की भूमि की वास्तविक स्थिति का भी विस्तृत आकलन करने का निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि इस कार्य में सीओ, डीसीएलआर तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संबंधित अधिकारियों का सहयोग लिया जाए। उन्होंने 30 अक्टूबर तक चिह्नित भूमि के संबंध में पूरा ब्यौरा एकत्रित कर आगे की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

सीएम ने लघुआर मंदिर एवं गरही डैम को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दोनों स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सीएम ने भीम बांध से लक्ष्मीपुर तथा मुंगेर से गंगटा को जोड़ने वाली सड़कों को दुरुस्त रखने एवं उनकी लगातार मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया, ताकि लोगों का आवागमन सुगम बना रहे। उन्होंने जिले में रोप-वे की आवश्यकता का आकलन कर आवश्यक प्रस्ताव भेजने को कहा। साथ ही कैमूर की तर्ज पर जंगल क्षेत्र में बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में भी कार्य करने का निर्देश दिया। पटना से चकाई पहुंचने के क्रम में मुख्यमंत्री ने चकाई में औद्योगिक क्षेत्र के लिए चिह्नित भूमि का हवाई निरीक्षण कर जायजा भी लिया। इस अवसर पर मंत्री श्रेयसी सिंह, दामोदर रावत, विधायक सावित्री देवी, विधान पार्षद विजय कुमार सिंह, पूर्व विधायक सुमित कुमार सिंह, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा, सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

10 हजार से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर होंगे सृजित

औद्योगिक परियोजनाओं पर 3400 करोड़ का होगा निवेश

बैठक में जमुई के डीएम ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अंकुर बायोकेम प्रा. लि. एथेनॉल प्लांट के संबंध में सीएम को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना एशिया के बड़े ग्रेन-बेस्ड एथेनॉल प्लांट्स में से एक है। इसे 105 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा है। संयंत्र की उत्पादन क्षमता 1000 किलो लीटर प्रतिदिन होगी, जिसके माध्यम से प्रतिदिन लगभग 10 लाख लीटर एथेनॉल का उत्पादन किया जाएगा। संयंत्र को प्रतिदिन लगभग 30,000 क्विंटल अनाज की आवश्यकता होगी। यह संयंत्र जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्रणाली पर आधारित होगा, जिससे जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। बैठक में बताया गया कि जमुई जिले में विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं यथा अंकुर स्टील, अंकुर बायोकेम (इथिनॉल), सीएलएम डेवलपर्स, अंकुर ट्रेडविस्टा प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से लगभग 3400 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इन परियोजनाओं से लगभग 10 हजार से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। डीएम ने बताया कि चकाई में औद्योगिक क्षेत्र के लिए लगभग 9,000 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। इसमें करीब 5,000 एकड़ भूमि वन विभाग की तथा 4,000 एकड़ भूमि रैयती एवं अन्य श्रेणी की है।

राउज एवेन्यू कोर्ट में हाजिर हुए लालू-राबड़ी व तेजस्वी

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई टली

नई दिल्ली/पटना (एजेंसी/एनएसबी)। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पत्नी व बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव शनिवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। आज आईआरसीटीसी होटल घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अहम सुनवाई होनी थी, जो टल गई है। मामले पर अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी। लालू यादव के वकील वरुण जैन ने बताया कि अदालत ने आरोप तय करने का आदेश दे दिए हैं। आज औपचारिक रूप से आरोप तय किए जाने थे। आदेश में लिखा है कि पिछली अदालत आरोप तय करके इस अदालत को भेजेगी। यह एक कानूनी प्रक्रिया है, इसलिए अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय से स्पष्टीकरण मांगा है कि औपचारिक आरोप तय करने के संबंध में आगे क्या प्रक्रिया होगी। ईडी इस पर 30 अक्टूबर को कोर्ट में अपनी स्थिति स्पष्ट करेगी। वकील ने बताया कि कोर्ट ने लालू यादव की बीमारी के आधार पर पेशी से छूट की मांग को मंजूर कर लिया है। अदालत ने बचाव पक्ष से कहा है कि वे ईडी से पुष्टि करें। अगर प्रक्रिया 30 अक्टूबर को पूरी हो जाती है, तो लालू यादव उस दिन कोर्ट में पेश होंगे, नहीं तो अगले दिन उपस्थित होंगे। इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट ने ही 10 सितंबर 2026 को लालू, तेजस्वी, राबड़ी समेत 9 लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए थे। वहीं, कोर्ट ने 7 आरोपियों को बरी कर दिया था। इस मामले ईडी 16 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।



लालू को पेशी से मिली छूट, अगली सुनवाई 30 को

नीतीश ने नीरज कुमार को दिया सिंबल

एमएलसी चुनाव



पटना (एनएसबी)। जदयू विधायक अनंत सिंह और एमएलसी प्रत्याशी नीरज कुमार के बीच का विवाद थमता नहीं दिख रहा है। पार्टी के खिलाफ जाकर अनंत सिंह जहां जनसुराज उम्मीदवार डॉ. अनुज के समर्थन में रोड शो कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने नीतीश कुमार ने मुलाकात की है। नीरज कुमार ने सोशल मीडिया पर मुलाकात की फोटो शेयर की। साथ ही लिखा- जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव 2026 के लिए एनडीए समर्थित उम्मीदवार के रूप में जेडीयू का उम्मीदवार होने का प्रपत्र प्रदान किया है।

सीतामढ़ी में करंट से तीन लोगों की मौत



सीतामढ़ी (एनएसबी) बैरगनिया प्रखंड के चकवा टोला (वार्ड संख्या-5) में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। धान के खेत की सुरक्षा के लिए लगाए गए कंटीले लोहे के तारों में प्रवाहित हो रहे बिजली के करंट की चपेट में आने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है और परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

घटनास्थल पर उमड़ी भीड़, ग्रामीणों में भारी गुस्सा : हादसे की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में लोग चकवा टोला पहुंच गए। घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि फसल की रखवाली के नाम पर नंगे तारों में हाई-वोल्टेज करंट छोड़ना एक गंभीर और जानलेवा लापरवाही है। इससे किसी भी राहगीर या किसान की जान जोखिम में पड़ सकती थी।

फसल सुरक्षा के नाम पर बिछाया गया था मौत का जाल

स्थानीय निवासियों के अनुसार, खेत मालिक ने अपनी धान की फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए खेत के चारों ओर कंटीले लोहे के तार लगाए थे। आरोप है कि सुरक्षा के नाम पर इन तारों में अवैध रूप से बिजली का करंट प्रवाहित कर दिया गया था। आम रास्तों से गुजरने वाले या खेत के पास काम करने वाले लोगों को इसकी कोई पूर्व जानकारी नहीं थी। शनिवार सुबह तीनों व्यक्ति अचानक इन तारों के संपर्क में आ गए और करंट की तीव्रता के कारण मौके पर ही दम तोड़ दिया।

मेट्रो और मरीन ड्राइव के बाद अब गंगा में 1200 करोड़ का वाटर मेट्रो



पटना सिटी (एनएसबी)। राजधानी पटना में मेट्रो रेल और मरीन ड्राइव की परिकल्पना साकार करने के बाद केंद्र एवं राज्य सरकार ने अब गंगा में वाटर मेट्रो योजना पर काम करने की दिशा में प्रयास तेज कर दिया है। राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या एक से जुड़े पटना क्षेत्र की गंगा में लगभग 1200 करोड़ रुपए से विकसित होने वाला वाटर मेट्रो शहर की तस्वीर बदलने के साथ ही आम लोगों की जिंदगी में भी बड़ा बदलाव लाएगा। प्रथम चरण में कंगन घाट और पहलवान घाट पर विश्वस्तरीय टर्मिनल बनाया जाएगा। इस रीवर क्रूज टर्मिनल पर देशी-विदेशी पर्यटकों को लेकर आने वाले क्रूज का ठहराव होगा।

कंगन-पहलवान घाट पर बनेंगे विश्वस्तरीय टर्मिनल

दोनों घाटों पर 2-2 एकड़ जमीन आवंटित : टर्मिनल के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने दोनों घाटों पर दो-दो एकड़ भूखंड भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण पटना को आवंटित कर दिया है। प्राधिकरण के पटना कार्यालय के पदाधिकारी ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रयास से इन दोनों टर्मिनल का निर्माण लगभग दो सौ करोड़ रुपए से होगा। यह निर्माण कार्य वर्ष 2029 से पहले पूरा होने की उम्मीद है। इन दोनों टर्मिनलों के आसपास के क्षेत्रों का भी विकास होगा। रोजगार के कई अवसर पैदा होंगे।

कंगन घाट पर जेपी गंगा पथ के नीचे से यात्री पहुंचेंगे पांटून तक : व्हअक पटना के पदाधिकारी ने बताया कि कंगन घाट के समीप रीवर क्रूज टर्मिनल के लिए ब्लीडिंग के साथ पूरी यूनिट का निर्माण होगा। टर्मिनल और गंगा में बनने में लगभग 150 मीटर लंबे पांटून को जेपी गंगा पथ के नीचे से गुजरने वाले गैंगवे से जोड़ा जाएगा। एक पांटून पर एक साथ चार जहाजों का ठहराव किए जाने की व्यवस्था होगी। यहां रुकने वाले जहाजों को ईंधन उपलब्ध कराने के लिए फ्यूल बंकरिंग सिस्टम की भी सुविधा होगी।

कैप्टन स्मित मच्छर के फैन हुए इजरायली प्रधानमंत्री

इजरायल के स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए किया आमंत्रित



यरुशलम (एजेंसी)। फ्लाईदुबई विमान घटना के दौरान 174 लोगों की जान बचाने वाले कैप्टन स्मित मच्छर का नाम अब दुनियाभर में गूंज रहा है। इस बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को फ्लाईदुबई के कैप्टन स्मित मच्छर से फोन पर बातचीत की और उन्हें हीरो करार दिया। 30 सितंबर को हुई मिड-एयर इमरजेंसी के दौरान उनके बहादुरी भरे जीवन-रक्षक कदमों की सराहना करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि आप इजरायल, भारत और पूरी दुनिया के हीरो हैं। नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित मच्छर को इजरायल के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मशाल जलाने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि मैं आपको इजरायल के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मशाल जलाने के लिए आमंत्रित करता हूं। इजरायली प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया है। कैप्टन मच्छर की बहादुरी की दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है।

नेतन्याहू ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया है

नेतन्याहू ने कहा कि आप इजरायल, भारत और पूरी दुनिया के हीरो हैं

खबरें : एक नजर में

पटना के आईएमए हॉल में 5 अक्टूबर को प्रात :10 बजे से भूमि एवं गांव बचाओ कन्वेंशन : संयुक्त किसान मोर्चा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना के आईएमए हॉल में 5 अक्टूबर को प्रातः10 बजे से भूमि एवं गांव बचाओ कन्वेंशन होगा। कन्वेंशन को संबोधित करेंगे प्रो विद्यार्थी विकास, सांसद सुधाकर सिंह,युद्धवीर सिंह महासचिव भारतीय किसान यूनियन टिकैत सहित अन्य स्थानीय



संयुक्त किसान मोर्चा की पटना के कदम कुआं स्थित गांधी निधि में कन्वेंशन की तैयारी की हुई समीक्षा ।

नेतागण। संयुक्त किसान मोर्चा कि पटना के कदम कुआं स्थित गांधी निधि में कन्वेंशन की तैयारी की आज हुई समीक्षा बैठक में विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बिहार में कन्वेंशन की तैयारी पर संतोष व्यक्त किया गया। कन्वेंशन में सभी जिलो से 500 किसान प्रतिनिधि भाग लेंगे। कन्वेंशन की सभी तैयारी हो चुकी।

समीक्षात्मक बैठक को किसान नेता दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, अमेरिका महतो, नरेश यादव, अशोक कुमार सिंह आदि ने संबोधित करते हुए सरकार की किसान विरोधी नीतियों की तीव भर्त्सना की।

किसानों की जमीन छीनने की सरकारी हर साजिश का मुंह तोड़ जवाब किसान देंगे। उन्होंने कहा की संपूर्ण बिहार में खाद की कालाबाजारी हो रही है। 266 रु के बदले 400 रु बैग यूरिया और 1350 रुपए के बदले 1900 रु बैग डीएपी खुलेआम बाजारों में बिक रही है।खाद माफिया और पदाधिकारी का जेब गर्म हो रहा है। दिन-दहाड़े किसान लूटे जा रहे है। पूरा कृषि विभाग खाद और बीज माफिया के कब्जे में है। मंत्री से संत्री तक सभी इस लूट में शामिल है। मगर कृषि मंत्री सिर्फ डपोरशंखी बयानबाजी कर सिर्फ नौटंकी कर रहे है। कन्वेंशन के द्वितीय सत्र में किसान आंदोलन पर गंभीरता पूर्वक विचार मंथन होगा।

पर्यटन से होता है मानसिक विकास : एसएस प्रियदर्शी



यात्रियों का जत्था यात्रा।

बिहारशरीफ / पटना (दैनिक नवसंदेश)। श्री माता वैष्णो देवी पर्यटक सेवा संस्थान के बैनर तले यात्रियों का जत्था सुजीत सिंह प्रियदर्शी के नेतृत्व में 12 सितंबर को बिहार शरीफ से रवाना हुआ था । बताते चले कि सुजीत सिंह प्रियदर्शी विगत अनेकों वर्षो से यात्रियों को धार्मिक एवं ऐतिहासिक तीर्थ स्थलों का भ्रमण सेवा भाव से करवाते रहते है । यात्रा के दौरान उचित खानपान ,सुरक्षा के अलावे चिकित्सा सहित मूलभूत सुविधाओं का भी श्री माता वैष्णो देवी पर्यटक सेवा संस्थान के कार्यकर्ता उचित ख्याल रखते है । यात्री दलों को बिहार से ओडिशा होते हुए आंध्र प्रदेश ,कर्नाटक, कन्याकुमारी सहित संपूर्ण दक्षिण भारत के प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक तीर्थ स्थलों का भ्रमण कराया गया । यात्रियों ने संवाददाता को बताया कि 3 सप्ताह की यात्रा के दौरान कोई परेशानी नहीं हुई । यात्री दलों में बृजबिहारी प्रसाद ,सुमन सिंहा , कामरेंदर कुमार ,पप्पू कुमार ,चंद्रमणि प्रसाद सिंह ,आरती देवी ,शांति सिंह ,अनिल कुमार ,निर्जला सिंहा, कुमारी शोभा सिंहा , नंदकिशोर झा, कामेश्वर राय सहित अनेकों यात्रियों का जत्था यात्रा व्यवस्थापक सुजीत सिंह प्रियदर्शी के सफल नेतृत्व में सकुशल वापस लौट गया ।

सतत निगरानी कर रहा आपदा प्रबंधन विभाग

पटना (दैनिक नवसंदेश)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन विभाग ने गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से समन्वय स्थापित कर सारण जिले के बाढ़ प्रभावित एवं दुर्गम क्षेत्रों में विशेष एयर ड्रॉपिंग अभियान शुरू किया है। जलजमाव के कारण जिन क्षेत्रों में सड़क मार्ग से पहुंचना बेहद कठिन हो गया था, वहां भारतीय वायु सेना के हेलिकाप्टरों के माध्यम से अब तक 15 सफल उड़ानों में 5,600 से अधिक ड्राई राशन पैकेट यानी लगभग 28 टन से अधिक खाद्य सामग्री एयर ड्रॉप की जा चुकी है।

रिटायर्ड जीएम की ड्राइविंग सीट पर मिली गोली लगी लाश, परिजन बोले-हत्या हुई

कनपटी के पीछे लगी थी गोली, जमीन पर गिरा मिला पिस्टल

दैनिक नवसंदेश

पटना। राजीव नगर थाना क्षेत्र में कार में झारखंड के रिटायर्ड जीएम का शव मिला है। मृतक आलोक कुमार मुलतः मोतिहारी के रहने वाले थे। फिलहाल रांची मे रह रहे थे और सीसीएल से जीएम के पद से रिटायर हुए थे। पुलिस के मुताबिक आलोक के कनपटी के पीछे गोली लगी थी। बॉडी ड्राइविंग सीट पर मिली है, सिर एक ओर लुढ़का हुआ था। कार के गेट के पास जमीन पर एक पिस्टल पड़ी मिली है।

बताया गया है कि शव की स्थिति से प्रतित हो रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी है। रिश्तेदार के मुताबिक, उनकी हत्या की गई है। घटना के कारणों को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुटी गई है। घटना राजीव नगर थाना क्षेत्र में फ्रेंड्स कॉलोनी रोड नंबर-4 स्थित जमुना पैलेस की है। पैलेस के नीचे खड़ी कार में शव मिला है।

डीएसपी सुषमा सागर के मुताबिक एफएसएल की



एफएसएल की टीम जांच करती हुई।

टीम जांच कर रही है, सी सी टी वी खंगाले जा रहे है। उनकी रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट कर सकेंगे कि यह हत्या है या आत्महत्या।

बताया गया है कि आलोक रांची के कांके रोड, इंदिरा नगर के रहने वाले थे। वे इंजीनियर थे और जीएम के पद से रिटायर्ड हुए थे। बताया जा रहा है कि आलोक अपनी बहन से मिलने फ्रेंड्स कॉलोनी के 302- ब्लॉक स्थित उनके घर आए थे।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद जमुना पैलेस के गार्ड ने मृतक के परिजनों का जानकारी दी। जिस कार में शव मिला है, उस पर झारखंड का नंबर लिखा है।

कार का ड्राइविंग सीट वाला गेट खुला था और शीशा नीचे था। कार के अंदर ड्राइविंग सीट पर इंजीनियर आलोक मृत अवस्था में पड़े थे। दिन चढ़ने के साथ लोगों की भीड़ जमा हो गई।

परिजन के मुताबिक गार्ड ने उन्हें जानकारी दी कि उनकी कार लावारिस हालत में खड़ी है। सूचना मिलने के बाद जब वे मौके पर पहुंचे तो कार के अंदर उनका शव पड़ा था।

आलोक करीब तीन दिन पहले अपनी बहन के घर आए थे। वे पहले भी कई बार यहां आ चुके थे और सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकलते थे। परिवार में किसी तरह की परेशानी होने की जानकारी उन्हें नहीं थी। आलोक का एक बच्चा है, जो विदेश में रहता है।

परिजनों के मुताबिक आमतौर पर सुसाइड करने वाला कनपटी में गोली मारता है, लेकिन गोली कान के पीछे लगी है। इसलिए हमें लग रहा है कि किसी ने इन्हें पीछे से गोली मारी है। इनकी हत्या की गई है।

पुरुष और महिला दोनों टीमों के स्वर्ण पदक पर श्रवण कुमार ने दी हार्दिक बधाई

पटना (दैनिक नवसंदेश)। एशियन गेम्स 2026 में भारतीय हॉकी के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर ग्रामीण विकास मंत्री सह अध्यक्ष, बिहार हॉकी संघ श्रवण कुमार ने भारतीय पुरुष एवं महिला हॉकी टीम को स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

श्रवण कुमार ने कहा कि एशियन गेम्स में पहली बार भारतीय पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों का एक साथ स्वर्ण पदक जीतना भारतीय हॉकी के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह सफलता देश में हॉकी के निरंतर मजबूत होते आधार, खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है।

महिला टीम ने फाइनल में चीन को 10 से हराकर 44 वर्षो बाद एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक हासिल किया। लालरेमसियामी के 10वें मिनट के निर्णायक गोल और गोलकीपर सविता पुनिया के शानदार पेनल्टी-स्ट्रोक बचाव ने जीत की नींव रखी। वहीं आज पुरुष टीम ने फाइनल में मलेशिया को 51 से पराजित कर लगातार दूसरी बार एशियन गेम्स हॉकी का स्वर्ण अपने नाम किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर से भारत का खाता खोला और भारतीय टीम ने पूरे मुकाबले में आक्रामक एवं नियंत्रित हॉकी का शानदार प्रदर्शन किया। इस जीत के साथ भारत ने 2028 ओलंपिक के लिए सीधा स्थान भी सुनिश्चित किया।

जीविका के '20 साल बेमिसाल' की सफलता नीतीश कुमार की संकल्प शक्ति का प्रमाण : शंभू नाथ सिन्हा

दैनिक नवसंदेश

पटना। प्रदेश जद(यू) प्रवक्ता शंभू नाथ सिन्हा ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर बिहार के सभी जिलों में आयोजित 'जीविका के 20 साल बेमिसाल' का राज्यव्यापी कार्यक्रम बेहद सफल रहा। इसकी व्यापक भागीदारी ने यह साबित किया है कि दूरदर्शी सोच, पारदर्शी शासन और दृढ़ संकल्प शक्ति के साथ आधी आबादी के जीवन में व्यापक और सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।



प्रदेश जद(यू) प्रवक्ता शंभू नाथ सिन्हा।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल के दो दशकों में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की है। जीविका इसी सोच और संकल्प का एक प्रमुख उदाहरण है, जिसने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बिहार के कल्याण और विकास को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले नीतीश कुमार ने वर्ष 2005 में सत्ता संभालने के बाद राज्य के चौमुखी विकास की दिशा में काम शुरू किया। समाज के शोषितों और वंचितों के अधिकारों से लेकर आम लोगों और किसानों के हितों तक, उनकी सरकार ने विभिन्न वर्गो की समस्याओं और अपेक्षाओं को प्राथमिकता दी है।

उन्होंने कहा कि बिहार लंबे समय से बाढ़ और सुखाड़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं की समस्या का सामना करता रहा है। नीतीश कुमार ने इन समस्याओं को लगातार विभिन्न मंचों पर उठाया है। विशेष रूप से फरक्का जल संधि और इसके कारण गंगा नदी में गाद की समस्या को लेकर उन्होंने बिहार के हितों को प्रमुखता से सामने रखा है।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा भी इस मुद्दे को संसद से सड़क तक उठाने का काम कर रहे हैं। गंगा नदी से सटे राज्य के करीब एक दर्जन जिलों में नीतीश संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की राय और उनके दृष्टिकोण को जानने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि संसद के मानसून सत्र के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने राज्यसभा में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद केंद्रीय विदेश मंत्री जयशंकर की ओर से भी सकारात्मक रुख व्यक्त किया गया और बिहार के हितों की अनदेखी नहीं किए जाने का आश्वासन दिया गया।

पटना के युवा लेखक अभिलाष दत्ता की पांचवी पुस्तक 'यादों के एल्बम से ' का लोकार्पण लखनऊ पुस्तक मेला में हुआ

पटना (दैनिक नवसंदेश)। लखनऊ के बलरामपुर गार्डन में आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेला में पटना के युवा लेखक अभिलाष दत्ता की पांचवी पुस्तक 'यादों के एल्बम से' का लोकार्पण (03-10-2026)' सम्पन्न हुआ।

लेखक अभिलाष दत्ता ने किताब के बारे में बताया कि यह किताब संस्मरण विधा से संबंधित है। इसमें पंद्रह हास्य-व्यंग्य विधा के संस्मरण को शामिल किया गया है। जिसमें लेखक के जीवन के मजेदार घटनाओं को संकलित किया गया है।



पटना के युवा लेखक अभिलाष दत्ता की पांचवी पुस्तक 'यादों के एल्बम से' का लोकार्पण लखनऊ पुस्तक मेला में हुआ।'

'यादों के एल्बम से.' बचपन से लेकर युवावस्था तक की उन यादों का संकलन है, जिनमें हँसी है, शरारत है, रिश्तों की गर्माहट है और जिंदगी के कुछ भावुक कर देने वाले पल भी। रोजमर्रा की छोटी-छोटी घटनाओं को लेखक ने अपने अनुभव और हास्यबोध के साथ इस तरह दर्ज किया है कि पाठक को इनमें कहीं न कहीं अपनी ही कहानी दिखाई दे। यह किताब सिर्फ लेखक की यादों का संग्रह नहीं, बल्कि उस दौर और उन रिश्तों की भी तस्वीर है, जिन्हें समय पीछे छोड़ आया है।

फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशन के मुख्य संपादक ने बताया कि लेखक अभिलाष दत्ता की चार पुस्तक उनके प्रकाशन से प्रकाशित हो चुकी है। और अभिलाष दत्ता की अगली पुस्तक इसी वर्ष पटना पुस्तक मेला 2026 में आने वाली है।

अभिलाष दत्ता के पुस्तक लोकार्पण में पटना के वरिष्ठ लेखक कमल किशोर वर्मा जी, दिल्ली के वरिष्ठ लेखक अतुल जी, राम पुजारी जी, नीरा जी, समीर घोषाल जी इत्यादि मौजूद थे।

बी-बोस, एजुकेट गर्ल्स और प्रथम की साझी पहल से जीविका दीदियां करेंगी 10वीं और 12वीं पास

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा से वंचित रह गई महिलाओं को अपनी अधूरी पढ़ाई पूरी करने का दूसरा अवसर देने के उद्देश्य से बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबोस), जीविका, एजुकेट गर्ल्स और प्रथम द्वारा संयुक्त रूप से पहल की जा रही है। इस पहल के माध्यम से जीविका दीदियों को बीबीओएसई के तहत 10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबोस) पटना , ऐसी शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराता है, जिसके माध्यम से नियमित विद्यालयी शिक्षा पूरी नहीं कर पाने वाले शिक्षार्थियों को अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाने और 10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षा पूरी करने का अवसर मिलता है। इस बोर्ड की मान्यता अन्य बोर्ड की रह ही है इसके द्वारा जारी किए गए सर्टिफिकेट गवर्नमेंट जब ओर अन्य कार्यो के लिए पूरे तरह मान्य है ।इसी व्यवस्था का लाभ जीविका दीदियों तक पहुंचाने के लिए नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस पहल के तहत जीविका दीदियों के बीच बीबीओएसई में नामांकन एवं परीक्षा के लिए आवेदन करने को लेकर जागरूकता एवं प्रोत्साहन का कार्य किया जा रहा है। विशेष रूप से उन महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जो किसी कारणवश अपनी 10वीं या 12वीं की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाई। बीबीओएसई के माध्यम से उन्हें अपनी अधूरी शिक्षा पूरी करने का दूसरा अवसर मिल रहा है।

'सेवा ज्योति कलश यात्रा' और 'वडनगर से वाराणसी' कार्यक्रम की तैयारियों की हुई समीक्षा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सासाराम पहुंचे और सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित विभिन्न बैठकों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय में कैमूर, रोहतास एवं औरंगाबाद जिले की क्षेत्रीय बैठक में सहभागिता की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर प्रदेश पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, जिलाध्यक्षों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

पीएम मोदी के जन्म नगर वडनगर (गुजरात) से लेकर उनके कर्म नगर वाराणसी तक बाइक रैली निकाली जा रही है। आगामी 6 अक्टूबर को यह बाइक रैली बिहार के 3 (औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर) जिलों से होकर गुजरेगी।

क्षेत्रीय बैठक में 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' तथा 'सेवा संकल्प यात्रा (वडनगर से वाराणसी)' को लेकर तैयारियों पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा बताते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन के सभी स्तरों पर बेहतर समन्वय और सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सेवा संकल्प अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों के साथ निरंतर संवाद करें। उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और सामूहिक प्रयासों से ही बड़े अभियानों को व्यापक जनभागीदारी से सफल बनाया जा सकता है।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा रोहतास जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने की तथा संचालन की जिम्मेदारी भी निभाई गई। बैठक में शाहाबाद प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी प्रभाकर मिश्रा, प्रदेश मंत्री मुकेश कुमार, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, स्थानीय विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, विधायक संगीता कुमारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

औरंगाबाद जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, रोहतास जिलाध्यक्ष संतोष पटेल तथा कैमूर जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय सहित तीनों जिलों के विधायक, पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए।

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, सासाराम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' एवं 'वडनगर से वाराणसी' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया। यहां दोनों कार्यक्रमों की रूपरेखा और आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय तथा अधिक से अधिक लोगों को सेवा संकल्प अभियान से जोड़ने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।



सासाराम पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सेवा संकल्प अभियान की बैठकों में हुए शामिल'।

'कैमूर, रोहतास एवं औरंगाबाद की क्षेत्रीय बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा'

'सेवा संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं का संजय सरावगी ने किया मार्गदर्शन'

'कार्यक्रमों की सफलता के लिए बेहतर समन्वय और सक्रिय सहभागिता जरूरी रू संजय सरावगी'

शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए चुनाव आयोग से मांगा गया दिशानिर्देश

'दिशा निर्देश मिलते ही शुरू होगी सामान्य स्थानांतरण प्रक्रिया'

पटना (दैनिक नवसंदेश)। आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए चुनाव आयोग से दिशा निर्देश मांगा है। विभाग की ओर से इस संबंध में चुनाव आयोग को पत्र भी भेजा गया है।

आयोग की स्वीकृति मिलते ही शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण की नई तिथि जारी कर आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 के तहत शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए पहले 4 अक्टूबर से ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू होनी थी।

राज्य में विधान परिषद् के शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव की वजह से आचार संहिता लागू है। अब चुनाव आयोग का दिशा निर्देश प्राप्त होते ही सामान्य स्थानांतरण की तारीख घोषित की जाएगी।

खबरें — खास-खास

जीकेसी का विश्वव्यापी सदस्यता अभियान शुरू, शास्त्री जी कायस्थ समाज के लिए गौरव : राजीव रंजन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। देश के दूसरे प्रधानमंत्री के रूप में कायस्थ समाज ने सादगी और शुचिता के रूप में लाल बहादुर शास्त्री को दिया। शास्त्री जी देश के लिए अमूल्य धरोहर तो थे ही कायस्थ समाज के लिए भी गौरव थे। ये बातें शास्त्री और गांधीजी जयंती के संयुक्त अवसर पर जद यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन ने जीकेसी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व पर भी विस्तार से



प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन जीकेसी के पटना जिलाध्यक्ष मधुकर वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। इस अवसर पर संगठन के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन ने नए सदस्यों को आनलाइन सदस्यता दिला कर विश्व व्यापी सदस्यता अभियान की शुरुआत की। मौके पर सदस्यता अभियान के प्रभारी निलेश रंजन ने बताया कि यह अभियान पूरे महीने विशु भर में चलेगा। मौके पर अपने संबोधन में जीकेसी ग्लोबल उपाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने कहा कि आगामी 1 नवंबर को बिहार राज्य प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक पटना में की जा रही है। इसम भाग लेने के लिए राज्य के सभी जिलों से पटना में भारी संख्या में कायस्थ समाज का जुटान होगा। इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। अंत में 20 दिसंबर को मुंबई में आयोजित हो रहा विराट कायस्थ समागम पर भी चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने आश्वासन दिया कि बिहार जी के सी से भारी संख्या में कायस्थ मुंबई पहुँचेगे। इस अवसर पर मुकेश महान अनिल दास, डा कृष्ण गोपाल सिन्हा, बलराम श्रीवास्तव धनंजय प्रसाद, सुभाष्नि स्वरूप, मंजू स्वरूप, संघमित्रा सहाय, सुमन कुमार, श्रीवास्तव, मुकुंद वर्मा, मणिभूषण प्रसाद, ओम श्री वास्तव, अनिल श्रीवास्तव नीतेश कुमार, रवि भूषण प्रसाद, ऋचा वर्मा, सहित कई लोग उपस्थित थे।

परमार्थ ज्ञान मंदिर में होगा हरिद्वार अधिवेशन : संयोजक

हरिद्वार / पटना (दैनिक नवसंदेश)। कला, साहित्य और संस्कृति के संवर्धन, संरक्षण एवं विकास के प्रति समर्पित थावे विद्यापीठ के तत्वाधान में आगामी 24 और 25 अक्टूबर, 2026 को प्रसिद्ध पावन तीर्थ स्थल हरिद्वार में स्थित परमार्थ ज्ञान मंदिर के विशाल और भव्य सभागार में दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजन होगा, जिसमें देश - विदेश से साहित्यकार, शिक्षाविद, कलाकार, पत्रकार, संस्कृति के लिए समर्पित विद्वतजन एवं समाजसेवी और राष्ट्रप्रेमी जन भाग लेंगे।यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति द्वारा हरिद्वार अधिवेशन के स्थानीय संयोजक एवं विद्यापीठ के उपकुलसचिव डा. गिरधारी लाल अग्रवाल ने दी। साथ ही यह भी बताया कि विदेशी प्रतिभागियों के साथ देश के आधा दर्जन राज्यों के लगभग 50 शहरों से प्रतिभागीगण सम्मिलित होकर अधिवेशन की शोभा बढ़ाएंगे। अधिवेशन के प्रथम दिन निबंधन, उद्घाटन समारोह और तीन तकनीकी सत्रों का संचालन होगा। वहीं दूसरे दिन प्रभात फेरी , तकनीकी सत्र के पश्चात मुक्त सत्र में विभिन्न क्षेत्र के राष्ट्रीय और सामाजिक हित में कार्य कर रहे चयनित प्रतिभागियों को सम्मानोपाधियां प्रदान की जाएगी।अतिथियों के आवासन सहित समुचित व्यवस्था हेतु थावे विद्यापीठ के कुलसचिव ड़ पी एस दयाल यति प्रो. (डा.) राम प्रकाश शर्मा एवं रंजीत कुमार के साथ हरिद्वार में अधिवेशन को सफल बनाने के लिए विद्यापीठ के पदाधिकारी एवं सदस्य गण तैयारी में जुटे हुए हैं।



डा. गिरधारी लाल अग्रवाल ।

फर्जी मेडिकल और पासपोर्ट से विदेश भेजने वाले रैकेट का भंडाफोड़, तीन को पुलिस ने दबोचा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। गांधी मैदान पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोगों को खाड़ी देशों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने शुक्रवार को सूचना के आधार पर एग्जिबिशन रोड स्थित चांदी व्यापार भवन की पांचवीं मंजिल पर संचालित वैशाली ट्रैवल्स कंसल्टेंसी सर्विस के कार्यालय पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से गिरोह के तीन मुख्य सदस्यों गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस को कार्यालय से बिहार और असम समेत देश के विभिन्न राज्यों के नागरिकों के 118 असली और फर्जी पासपोर्ट बरामद हुए हैं। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं के जाली अनुभव प्रमाणपत्र पैथोलजी लैब की फर्जी मेडिकल जांच रिपोर्ट, फर्जी इंटरव्यू लेटर, पैथोलजी पर्चियों की बुकलेट और भारी मात्रा में अन्य संदिग्ध कागजात जब्त किए गए हैं।

पुलिस ने मौके से 3 लैपटाप, 1 सीपीयू, 5 मोबाइल फोन और 144 लाख रुपये भारतीय नकद बरामद किए हैं। इसके अलावा दफ्तर से विदेशी मुद्रा भी मिली है, जिसमें दुबई की 210 दिरहम, ओमान की 7 रियाल और सऊदी अरब की 1000 रियाल शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में महनार (वैशाली) निवासी तनवीर आलम, मखदुमपुर (जहानाबाद) निवासी शाहिद अनवर और गर्दनीबाग (पटना) निवासी तौसीफ आलम शामिल हैं।

पुलिस को मुताबिक 500 से फर्जी कागजातों के आधार पर विदेश भेज चुका है। पुलिस का अनुमान है कि इस अवैध नेटवर्क के जरिए आरोपियों ने करीब 10 करोड़ रुपये से अधिक की मोटी कमाई की है। बरामद सभी इलेक्ट्रनिक उपकरणों और पासपोर्ट की गहन तकनीकी जांच की जा रही है।

डायलिसिस, हृदय रोग एवं महिला स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दवाओं और मेडिकल डिवाइसेस की उपलब्धता होगी बेहतर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक औषधियों की सूची में संशोधन किया है। इस संबंध में विभाग द्वारा आधिकारिक संकल्प जारी कर दिया गया है। संशोधित सूची में विभिन्न रोगों के उपचार के लिए आवश्यक औषधियों, मेडिकल डिवाइसेस एवं अन्य चिकित्सा सामग्रियों को शामिल किया गया है। इस निर्णय से सरकारी अस्पतालों में गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को बेहतर, सुरक्षित एवं आधुनिक उपचार निःशुल्क उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी तथा इलाज पर होने वाले उनके निजी खर्च में कमी आएगी। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के स्तर पर निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता में आयोजित कोर कमिटी की बैठक में आवश्यक औषधियों एवं मेडिकल डिवाइसेस की सूची की समीक्षा की गई। बैठक में मेडिकल कलेज अस्पतालों के अधीक्षकों, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों, सिविल सर्जनों एवं औषधि नियंत्रकों द्वारा सूची में संशोधन की अनुशंसा की गई। कमिटी की अनुशंसाओं के आलोक में सरकार द्वारा आवश्यक औषधियों एवं मेडिकल डिवाइसेस की सूची में संशोधन संबंधी संकल्प जारी किया गया है। ई डी एल में संशोधन का स्वागत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। आवश्यक औषधियों और मेडिकल उपकरणों की सूची में संशोधन से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। खासकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क इलाज का लाभ मिलेगा तथा उनके निजी खर्च में कमी आएगी। औषधियों और उपकरणों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग पूरी तरह संकल्पित है।

खाद्य सुरक्षा को लेकर राज्यभर में सघन निरीक्षण एवं कार्रवाई जारी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य में आम लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण, खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण एवं प्रयोगशाला जांच की कार्रवाई लगातार जारी है। सचिव-सह-खाद्य संरक्षा आयुक्त कुमार रवि के निर्देश पर खाद्य संरक्षा अधिकारियों द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में 03 अक्टूबर 2026 को पटना, मुजफ्फरपुर, सहरसा, पूर्णिया, मुंगेर, लखीसराय, वैशाली, गया एवं अन्य क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा टीमों द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

संक्षिप्त खबरें

बिहिया में बैरिकेडिंग से चरपोखरी में परेशानी

चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)। प्रखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्र के विभिन्न गॉवों से गुजर रहे आरा सासाराम स्टेट हाइवे पर रात होते हीं बालू लदे लम्बी लम्बी ट्रकों की परिचालन से लोगों को काफी परेशानी महसूस हो रही है। एक तरफ बाइक सवार लोगों को सामने से कतार में चल रहे ट्रकों के लाइट की चकचकाहट से हर क्षण दुर्घटना होने की डर बनी रहती है तो दूसरी ओर सड़क पर बालू और धूल उड़ने से आम आदमी को भी परेशानी महसूस होती है। रात में नो इंट्री की समय खत्म होने के साथ कतारबद्ध बड़े बड़े ट्रकों का परिचालन सुबह नो इंट्री लगने तक जारी रहता है। इस स्टेट हाइवे पर वाहनों की बढ़ती दबाव का कारण पीरो बिहिया स्टेट हाइवे को बन्द करना बताया जाता है। बताया जाता है कि पूर्व में बक्सर सहित उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले बालू लदे इन ट्रकों का परिचालन पीरो बिहिया स्टेट हाइवे के रास्ते होता था जो पटना बक्सर फोर लेन तक पहुँच जाते थे। इधर कुछ माह से बिहिया बाजार में बने रेलवे ओवर ब्रिज पर बैरिकेडिंग कर दिया गया है जिससे इस पथ पर बस ट्रक जैसे बड़े वाहनों का आवागमन बन्द है और आरा सासाराम स्टेट हाइवे पर व्यस्तता बढ़ गई है। इस समस्या की समाधान कराने के लिए राजद के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने सरकार से पीरो बिहिया स्टेट हाइवे पर लगे बैरिकेडिंग को हटवाकर यातायात सुचारू ढंग से चालू करवाने की मांग किया है।

मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान



कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। कोईलवर थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों के सेवन और बिक्री के खिलाफ पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पान दुकानों समेत विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर पुलिस टीम ने जांच की। कोईलवर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने बताया कि छापेमारी के दौरान एक पान दुकान से खाली सिगरेट बरामद किया गया, जिसे स्थानीय स्तर पर ह्यगोगोह्न कहा जाता है।

युवाओं की भागीदारी से ही बिहार का विकास संभव-रालोमो



कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से प्रदेशभर में चलाए जा रहे युवा जनसंवाद कार्यक्रम के तहत शनिवार को आरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रोहित कुशवाहा व संचालन निर्वतमान युवा जिलाध्यक्ष सुबोध केसरी ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक मोर्चा युवा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चंदन कुमार यादव एवं प्रधान महासचिव प्रतीक कुशवाहा ने भाग लेकर युवाओं को संबोधित किया। वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष सह बक्सर जिला प्रभारी जागा कुशवाहा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान जागा कुशवाहा ने कहा कि युवा जनसंवाद का उद्देश्य युवाओं की समस्याओं को सुनना, उनके समाधान की दिशा में पहल करना और संगठन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी के बिना बिहार का विकास संभव नहीं है। युवा किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं और उनमें बदलाव लाने की शक्ति होती है। कार्यक्रम में सुनील पाठक सहित पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी-अपनी बातें रखीं।

मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाके में छापेमारी कर मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। एक की गिरफ्तारी थाना के गांगी पुल एवं दूसरे की गिरफ्तारी गौसगंज तीन मुहान सिंगही रोड से हुई। गिरफ्तार तस्करों में टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ला निवासी प्रमोद माली का पुत्र सन्नी कुमार एवं उसी मोहल्ले के निवासी सुधीर राय का पुत्र कमलेश कुमार है। तलाशी के दौरान कमलेश कुमार के पास से 0.93 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। जबकि सन्नी कुमार के पास से 105 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। टाउन पुलिस को सूचना प्राप्त हुई के एक व्यक्ति बाइक के साथ गौसगंज तीन मुहान सिंगही रोड में खड़ा है और उसके बाइक के टूल बॉक्स में मादक पदार्थ रखा हुआ है। पुलिस वहां पहुंची और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाइक के टूल बॉक्स से 105 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसकी मां सरिता देवी हेरोइन लाती है और वह उसे बेचता है। टाउन थाना रात्रि गश्ती के दौरान गांगी पुल के नीचे पहुंची तो, गाड़ी की ओर आ रहा एक व्यक्ति भागने लगा। तभी सशस्त्र बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 0.93 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ।

पुलिस बल एवं गश्ती वाहनों का किया गया भौतिक जांच

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देश पर शनिवार को भोजपुर जिला अंतर्गत कानून-व्यवस्था, आपातकालीन छं प्रणाली और पुलिस गश्ती वाहनों की कार्यकुशलता की परख के लिए एक सघन अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के तहत सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को अपने अपने अनुमंडलों के अंतर्गत विभिन्न पुलिस वाहनों और सुरक्षा बलों की भौतिक जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इस विशेष अभियान के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों के वाहनों और सुरक्षाबलों की बारीकी से जांच की गई। इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टमः-आपतकालीन स्थितियों मेंज्जनता को त्वरित सहायता प्रदान करने वाले इन वाहनों की तकनीकी और मैदान कार्यक्षमता की जाँच थाना पेट्रोलिंग वाहनः-अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त करने वाली पुलिस गाड़ियों की सक्रियता, मूवमेंट और लॉगबुक की जाँचमोटरसाइकिल मोबाइल्स टीमः-संकीर्ण और घनी आबादी वाले इलाकों में त्वरित आवाजाही के लिए तैनात पुलिस बाइक दस्तों की तत्परता।पुलिस दीदी स्कूटर्सः-महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के उद्देस्य से तैनात महिला पुलिस बल के वाहनों और उनकी गश्ती व्यवस्था की हुई जांच। त्वरित कार्य बल किसी भी अप्रिय या गंभीर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार स्पेशल क्विक रिस्पांस टीम की तत्परता। औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल की मैदानी सतर्कता को परखना, रिस्पांस टाइम को और बेहतर करना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को और अधिक मजबूत करना है।

राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में हसनबाजार के रॉकी करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंडर-19 प्रतिस्पर्धा में प्लस टू उच्च विद्यालय सह सरस्वती विद्या निकेतन (माडल स्कूल) कातर के राकी कुमार भोजपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तर पर संपन्न खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर-19 कुश्ती स्पर्धा में राकी कुमार ने अपने प्रतिद्वंदी को पछाड कर प्रथम स्थान हासिल किया था। प्लस टू उच्च विद्यालय कातर के शारीरिक शिक्षक दीपक कुमार के मार्गदर्शन में कुश्ती की बारीकियां सीखने वाले राकी कुमार ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने के बाद अपनी सफलता का श्रेय शारीरिक शिक्षक दीपक कुमार को देते हुए कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि वे स्टेट चैम्पियन बनेंगे। राकी की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो फैजुल्लाह, जीतेन्द्र कुमार सिंह, शिवम कुमार, दीपक कुमार, ब्रजेश कुमार उपाध्याय, राज पटेल, डा. चुन्नु कुमारी सहित अन्य शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है।

पंचायत सरकार भवन प्रांगण में आम सभा का आयोजन

अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। गांधी जयंती के अवसर पर पंचायत सरकार वरुण प्रांगण में आम सभा का आयोजन किया गया। विभीबीजी रामजी के कार्यक्रम पदाधिकारी अनुराधा कुमारी के देखरेख में आयोजित आमसभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया आशा देवी ने किया। आम सभा के दौरान पीसीसी सड़क निर्माण कार्य आंगनबाड़ी निर्माण कार्य बकरी शेड समेत अन्य योजनाओं पर विस्तार रूप से चर्चा किया गया। इस दौरान पंचायत मुखिया आशा देवी ने कहा कि इस योजना के तहत लक्ष्य के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर कार्य करना मेरी सोच है। आप सभी के सहयोग से सरकार की इस महतकांक्षी योजनाओं का प्राकरण के अनुसार प्रारूप दिया जाएगा। आम सभा के दौरान पंचायत मुखिया आशा देवी कार्यक्रम पदाधिकारी अनुराधा कुमारी पूर्व पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर सिंह संतोष कुमार अनिल कुमार सिंह विनोद कुमार उपेंद्र सिंह संजय सिंह अवध किशोर सिंह धनंजय सिंह विकास कुमार सुमित सैकड़ो ग्रामीण जनता शामिल थे।

आरा जंक्शन यात्री सुविधा समिति के संस्थापक डॉ. भवेश से बोले रेल मंत्री आरा स्टेशन का रिव्यू कराएंगे-अश्विनी वैष्णव

आरा (दैनिक नवसंदेश)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आरा रेलवे स्टेशन का रिव्यू करवाएंगे। इस बात की जानकारी देते हुए आरा जंक्शन यात्री सुविधा समिति के संस्थापक पदमश्री डॉ. भीम सिंह भवेश ने बताया कि 29 सितंबर 2026 को उनके द्वारा ईमेल भेजकर रेल मंत्री से मिलने का समय मांगा गया था। इसी क्रम में 3 अक्टूबर की शाम 5 बजकर 10 मिनट पर रेल मंत्रालय से कॉल आया। सहायक ने नाम पूछते हुए कहा कि ह्लमाननीय रेल मंत्री बात करेंगे।ह्व इस दौरान उनसे करीब सवा मिनट बात हुई। डॉ. भवेश द्वारा मंत्री को बताया गया कि आरा रेलवे स्टेशन के विकास तथा पटना-इंदौर, राजधानी एक्सप्रेस एवं सीमांचल एक्सप्रेस के आरा में ठहराव के लिए मिलना चाहता हूँ। इस पर रेल मंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि ह्लआरा रेलवे स्टेशन का रिव्यू कराता हूँ। फिर बात

स्टेशन पर दिखने लगा निरंतर प्रयास का प्रतिफल



अश्विनी वैष्णव



डॉ. भीम सिंह भवेश



करते हैं।ह्व बता दें कि 2 सितंबर 2026 को डॉ भवेश आरा रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर जल जमाव को लेकर डीआरएम दानापुर को दो दिनों में जलजमाव की जगह पीसीसी करने की बात कही। साथ चेतावनी दी कि अगर नहीं हुआ तो स्वयं दो ट्रैक्टर रोड़ा गिराकर भरवाएंगे। लेकिन रेल प्रशासन ने 48 घंटे के भीतर ही पीसीसी करवा दिया। पुनः डॉ भवेश द्वारा रेल महाप्रबंधक हाजीपुर से मिलकर के गड्ढ़ों को भरने अथवा जन सहयोग से भरने हेतु अनुमति देने सहित 12 सूत्री मांगों को लेकर शिष्टमंडल के साथ ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में प्लेटफार्म नं0-4 पर निमार्णाधीन एस्केलेटर को एक सप्ताह में चालु करने तथा तीन टेज्नों के ठहराव हेतु अनुरोध किया गया। रेल प्रशासन द्वारा प्लेटफार्म का गडढ़े भरवाने का कार्य शुरू करने के साथ एस्केलेटर का लोकार्पण का कार्य भी तेजी से शुरू कर दिया गया। इसी दरम्यान डॉ भवेश द्वारा स्टेशन की समस्याओं का नियमित अनुश्रवण हेतु ह्लआरा जंक्शन यात्री सुविधा समितिह्व का गठन कर उसके बैनर तले गांधी जयंती (2 अक्टूबर) को आरा स्टेशन पर शहर के प्रबुद्ध लोगों के साथ एक बैठक कर यहां यात्री सुविधाओं को लेकर नियमित अनुश्रवण का निर्णय लिया गया।

तारेगना टापू पर बड़े पैमाने पर छापेमारी, 15 अवैध महुआ शराब की भट्टियां ध्वस्त

29,350 किलो जावा महुआ पास व 215 लीटर तैयार शराब नष्ट



आरा/कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के निर्देश पर अवैध महुआ शराब निर्माण के खिलाफ पुलिस ने सोन नदी के दियारा इलाके में शुक्रवार को बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई बिहटा थाना और भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के बीच सोन नदी के बीच में स्थित तारेगना टोक पर की गई कार्रवाई के दौरान अवैध शराब निर्माण के लिए संचालित 15 भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। अभियान सदर-2 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। इसमें चांदी थाना पुलिस, मद्य निषेध विभाग भोजपुर, सशस्त्र बल तथा बिहटा थाना की संयुक्त टीम शामिल रही। टीम नाव और स्टीमर के माध्यम से सोन नदी के दियारा क्षेत्र में पहुंची और शराब निर्माण के ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने करीब 29,350 किलोग्राम जावा महुआ पास बरामद कर उसे नष्ट कर दिया। यह महुआ पास करीब 40 प्लास्टिक के ड्रमों में रखा हुआ था। इसके अलावा मौके पर तैयार करीब 215 लीटर महुआ शराब को भी पुलिस ने विनष्ट कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम के पहुंचने की भनक लगते ही शराब निर्माण में शामिल लोग नाव और स्टीमर की मदद से पुलिस से बचकर बिहटा की ओर भाग निकले। हालांकि, पुलिस ने शराब निर्माण के लिए बनाए गए ठिकानों और भट्ठियों को पूरी तरह ध्वस्त करते हुए वहां मौजूद कच्चे माल और तैयार शराब को नष्ट कर दिया।पुलिस की इस कार्रवाई से सोन नदी के दियारा क्षेत्र में अवैध महुआ शराब के निर्माण पर बड़ा प्रहार हुआ है। संयुक्त टीम ने मौके पर मौजूद शराब निर्माण से संबंधित सामग्री को नष्ट करते हुए अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

मृतक के नाम पर चार बार आपत्ति दर्ज कराने का मामला सामने आया

रैयती जमीन पर दखल-कब्जा दिलाने का अधिकार अंचल को नहीं



कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। शनिवार को कोईलवर अंचल कार्यालय में भूमि विवाद एवं दाखिल-खारिज से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। राजस्व अधिकारी (आरओ) राजभूषण सिंह ने करीब एक दर्जन मामलों की सुनवाई की। कई मामलों में द्वितीय पक्ष के उपस्थित नहीं होने के कारण सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की गई। इस दौरान रैयती जमीन पर दखल-कब्जे और म्यूटेशन रोकने के लिए मृत व्यक्ति के नाम से बार-बार आपत्ति दर्ज कराने का मामला सामने आया। चांदी थाना क्षेत्र के कोसीहान गांव से जुड़े एक मामले में मो. अल्लाउद्दीन ने 17 डिसमिल जमीन के म्यूटेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। इस मामले में स्थानीय निवासी राम निवास द्वारा मृतक शेख मोहम्मद मुस्तफा के नाम से बार-बार आपत्ति दर्ज कराई जा रही थी। जबकि मृतक के वंशजों की ओर से उक्त जमीन को लेकर किसी प्रकार की आपत्ति नहीं की गई थी। सुनवाई के दौरान यह मामला सामने आने पर आरओ ने कड़ी नाराजगी जताई। बताया गया कि मृत व्यक्ति के नाम से अब तक चार बार आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है। आरओ ने राम निवास को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा की गई तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित पक्ष को अगली सुनवाई में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया।

सहयोग शिविर को लेकर डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, भोजपुर में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों एवं उनके निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई। इस क्रम में राजस्व विभाग, विद्युत आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, श्रम संसाधन विभाग एवं कल्याण विभाग तथा सोन नहर विभाग से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सहयोग शिविर के तहत कुल 226 परिवाद प्राप्त हुए हैं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त परिवादों का नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल में गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई गई



आरा (दैनिक नवसंदेश)। डी.पी.स.इंटरनेशनल स्कूल में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक अंकुर आनंद वर्मा, शिक्षकगण, अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में अर्चना सिंह, संदीप कुमार सिंह, सानिया नाज, अंकिता कुमारी, निभा सिन्हा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। पटना से आए मुख्य अतिथि बिपिन कुमार, बिपुल कुमार एवं पुनीत कुमार ने भी महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पीयूष कुमार गुप्ता, श्लोक कुमार गुप्ता, आराधना कुमारी सहित कई छात्र-छात्राओं ने भी गांधी जी के तलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों को अपनाने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का संकल्प लिया। गांधी के रूप में मयंक कुमार रहे विशेष आकर्षण कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण छात्र मयंक कुमार रहे, जिन्होंने महात्मा गांधी की वेशभूषा धारण कर उनका जीवंत रूप प्रस्तुत किया। घोड़े पर गांधी जी के रूप में मयंक कुमार की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस प्रस्तुति के माध्यम से आज के तेज गति से आगे बढ़ते भारत का प्रतीकात्मक संदेश दिया गया। मयंक कुमार की इस सुंदर एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए उन्हें मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

महाराजा कॉलेज में राष्ट्रनायकों को किया नमन

सत्य, अहिंसा, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

आरा (दैनिक नवसंदेश)। महाराजा बहादुर राम रण विजय प्रसाद सिंह कॉलेज में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या प्रो. कनक लता, डॉ. अंकिता ओझा, शिक्षकों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की। प्राचार्या प्रो. कनक लता ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। मौके पर साक्षी कुमारी, अमित कुमार, बिट्टू कुमार, रूपाली कुमारी, सुमंत कुमार, सुधांशु कुमार, नीतीश कुमार, दीपक कुमार, विकास कुमार समेत अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

भोजपुर खेल महाकुंभ के मैदानी चरण का सफल समापन

वुशू, योग एवं हॉकी के फाइनल मुकाबलों के साथ चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला प्रशासन, भोजपुर, खेल विभाग, बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (ठै।) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय ह्यजिला स्तरीय वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27ह्व का आज चैथे एवं अंतिम दिन विभिन्न खेल विधाओं के फाइनल मुकाबलों के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। अंतिम दिन खेल भवन, आरा में आयोजित वुशू के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी गति, तकनीक एवं सटीक किक्स से शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं योग प्रतियोगिता में बाल खिलाड़ियों ने कठिन आसनों के माध्यम से अद्भुत शारीरिक संतुलन, लचीलापन एवं एकाग्रता का परिचय दिया। महाराजा कॉलेज मैदान में आयोजित हॉकी के बालक एवं बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन स्टिक वर्क, पासिंग एवं फील्ड गोल के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, भारोत्तोलन, ताइक्वांडो, कराटे, बॉक्सिंग, कुश्ती, रग्बी, शतरंज सहित 20 से अधिक खेल विधाओं के विभिन्न वर्गों के फाइनल मुकाबले भी सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए। चार दिनों तक चले इस व्यापक खेल आयोजन में भोजपुर जिले के 231 से अधिक विद्यालयों के लगभग 3,750 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता ने जिले के स्कूली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मक खेल वातावरण में अनुभव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। प्रतियोगिता के उपरांत 04 अक्टूबर 2026 को खेल भवन, आरा के प्रांगण में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में जिलाधिकारी, मनेश कुमार मीणा द्वारा अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। जिला प्रशासन, भोजपुर द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी खेल पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों, शिक्षकों, विद्यालय प्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों एवं खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

पीरो सीएचसी में मरीज को दी गई एक्सपायर दवा!



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। अनुमंडल मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए गई मरीज को दवा वितरण केंद्र से एक्सपायर दवा दे दी गई, जिसका सेवन करने के बाद मरीज की तबियत और बिगड गई। आनन फानन में स्वजन मरीज को निजी चिकित्सक के पास ले गये तब जाकर मरीज की स्थिति सुधर पाई। पीरो नगर के स्नेही टोला निवासी निजी शिक्षक अजय कुमार ने बताया कि वे अपनी बेटी आस्था कुमारी को दस्त व लूज मोशन की शिकायत पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में इलाज के लिए ले गए थे। जहां रजिस्ट्रेशन कांउटर पर बजाप्ता पंजीकरण कराने के बाद ओपीडी में बैठे डा. अमरजीत सिंह से इलाज कराया। डाक्टर द्वारा जांच के बाद सिपरोफ्लोक्सिन सहित पांच दवाएं लेने की सलाह दी गयी। जब वे अस्पताल के दवा वितरण कांउटर पर गए तो वहां पांच में चार दवा ही उपलब्ध थी। इसमें से फर्मासिस्ट द्वारा सिपरोफ्लोक्सिन नाम की एक्सपायर दवा थमा दी गई। कांउटर से प्राप्त दवा का मैन्यूफैक्चरिंग तिथि देखे बिना मरीज को दवा खिला दी गई। दवा खाने के बाद जब मरीज की हालत सुधरने के बजाय बिगडने लगी तो उसे निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया जहां पता चला कि मरीज को दी गई दवा एक्सपायर हो चुकी है।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. रवि से पूछे जाने पर बताया गया कि हमारे यहां एक्सपायर्ड दवा तुरंत डिस्कार्ड कर दी जाती है पर मरीज को दी गई एक्सपायर दवा दिखाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा फर्मासिस्ट से बात करने का बहाना बनाकर सवाल को टाल दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पचाढ़ी, दरभंगा के विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

दरभंगा (एनएसबी)। समाहरणालय स्थित बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पचाढ़ी, दरभंगा के विद्यालय प्रबंधन समिति एवं विद्यालय साक्षात्कार समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष सह विद्यालय के सलाहकार समिति के सदस्य रेणु देवी, सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, विद्यानंद ठाकुर जिला शिक्षा पदाधिकारी, दरभंगा रवीन्द्र कुमार रवि कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण, दरभंगा ऋषि रमण प्राचार्य, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, दरभंगा, गणेश साहु अभिभावक प्रतिनिधि पुरुष मंजू कुमारी अभिभावक प्रतिनिधि (महिला, डॉ.हेमनाथ झा वरीय शिक्षक, पीएम श्री जे.एन.वी. पचाढ़ी, दरभंगा डॉ. चन्द्र सेन प्रभारी प्राचार्य, पीएम जे.एन.वी. पचाढ़ी, दरभंगा झ सदस्य सह सचिव उपस्थित थे।बैठक की शुरूआत जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. चन्द्रसेन द्वारा स्वागत भाषण से हुई। प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यालय की वर्तमान स्थिति, विद्यालय की उपलब्धि, स्टेडियम, खेल-मैदान एवं मुख्य सड़क से विद्यालय के मुख्य द्वार तक की सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव रखा। शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति, बिजली सप्लाई को दरभंगा के शहरी फीडर से जोड़ने, नल जल योजना से विद्यालय को जोड़ने, सोलर लाइट एवं हाई मास्ट लाइट विद्यालय में उपलब्ध कराने के संबंध में कार्यपालक अभियंता को प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। प्रतिदिन विद्यालय में एक घंटे के लिए किसी एम.बी.बी.एस. डॉक्टर के की प्रतिनियुक्ति हेतु आने के संबंध में सी.एम.ओ. को पत्र लिखने की अपनी स्वीकृति दीजिलाधिकारी ने विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया तथा बच्चों की काउंसलिंग करने की बात कही। अनुशासनहीनता में पाए गए छात्रों को निष्कासित करने का निर्देश दिया।बैठक के अंत में वरिष्ठ शिक्षक डॉ. हेमनाथ झा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

बाल विवाह, बाल श्रम वबाल सुरक्षा को ले बैठक

जाले(एनएसबी)। सेंटर डायरेक्टर कवच परियोजना के तत्वाधान में रतनपुर पंचायत में मुखिया सरीता देवी के अध्यक्षता में शनिवार को एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अपने क्षेत्र से बाल विवाह उन्मूलन, बाल सुरक्षा , बाल श्रम और बाल शिक्षण जैसे गंभीर समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया और उसके समाधान पर विचार किया गया।

लिपिक के निधन पर शोक, दो मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि सभा में भाग लेते लोग।

बेनीपुर(एनएसबी)। व्यवहार न्यायालय बेनीपुर में लिपिक विक्रम कुमार सिंह के असामयिक निधन पर शनिवार को दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा में न्यायिक पदाधिकारी एवं न्यायिक कर्मी मौजूद थे।कर्मियों ने बताया कि विक्रम कुमार विनम्र स्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे। उनके असामयिक निधन से न्यायालय परिवार शोक संतप्त है। ईश्वर परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।दिवंगत विक्रम कुमार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री ऋषि गुप्ता, बेनीपुर के न्यायालय में लिपिक के पद पर नियुक्त थे। शुक्रवार देर शाम उनके निधन की सूचना मिलते ही न्यायालय परिवार में मातम छा गया। बताया गया कि लहेरियासराय, दारू भट्ठी चौक से अपने घर बेलवागंज जाने के दौरान सड़क पर गिरने से उनकी मौत हो गई।

कटका पंचायत में स्वच्छता अभियान का हुआ शुभारंभ



संहवाड़ा के कटका मे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के दौरान मौजूद थानाध्यक्ष व अन्य।

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। कटका पंचायत मे शुक्रवार को गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत भवन परिसर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रथ को रवाना किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की बुनियाद है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छताकर्मियों का सहयोग करने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाने, स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील की।स्वच्छता रथ के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, खुले में शौच से मुक्ति, स्वच्छ पेयजल और व्यक्तिगत स्वच्छता के संबंध में संदेश दिए जाएंगे।मुखिया कुमार किसलय ने कहा कि स्वच्छता किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं। उन्होंने ग्रामीणों से घरों के साथ-साथ गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई पर ध्यान देने तथा कचरा निर्धारित स्थान पर जमा करने की अपील की।कार्यक्रम को सरपंच उदय नारायण मिश्रा, पंसस राजा पासवान, स्वच्छता पर्यवेक्षक विकास सदा, कौशलेन्द्र झा, शम्भू नाथ, कुंदन सदा, दिगंबर राम, इंदुप्रकाश झा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायतकर्मी, स्वच्छताकर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

राजकीय डिग्री महाविद्यालय कोलहंटा पटोरी में निमार्णाधीन भवन कार्यों का निरीक्षण

केंद्रीय विद्यालय व डिग्री कॉलेज में चल रहे निर्माण कार्यों की डीएम ने लिया जाएगा

दरभंगा (एनएसबी)। जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार द्वारा राजकीय डिग्री महाविद्यालय, कोलहंटा पटोरी में चल रहे भवन निर्माण कार्यों तथा परिसर में संचालित शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय डिग्री महाविद्यालय के निमार्णाधीन भवन के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया तथा निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने भवन निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री, निर्माण की गुणवत्ता, कार्य की गति तथा अब तक पूर्ण किए गए कार्यों की स्थिति के संबंध में बारीकी से जानकारी ली।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप तेजी से पूर्ण कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को शीघ्र ही बेहतर शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।निरीक्षण के अवसर पर सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर सहित संबंधित पदाधिकारी, अभियंता एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

जोगबनी दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का लहेरियासराय स्टेशन पर ठहराव कल से

दरभंगा (एनएसबी)। लहेरियासराय स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव का सिलसिला जारी है। 2 अक्टूबर से नमो भारत रैपिड ट्रेन का ठहराव लहेरियासराय स्टेशन पर शुरू हुआ है तथा अब 5 अक्टूबर से लहेरियासराय स्टेशन पर जोगबनी दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का भी ठहराव की शुरूआत की जाएगी। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर जी के निजी सचिव ने जानकारी देते हुए बताया है कि लहेरियासराय रेलवे पर गाड़ी संख्या 13211/13212 जोगबनी दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मंजूरी दे दी गई थी जिसकी शुरूआत 5 अक्टूबर से की जाएगी। सांसद डा ठाकुर के सचिव ने बताया है कि स्थानीय सांसद सह रेलवे स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य डा गोपाल जी ठाकुर के द्वारा 5 अक्टूबर को प्रातः समय साढ़े नौ बजे इस ट्रेन को झंडी दिखाकर ठहराव की शुरूआत की जाएगी तथा इस मौके पर जिले के जनप्रतिनिधि तथा रेलवे के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

दरभंगा के आठ मदरसों के विकास हेतु 16.15 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार राज्य मदरसा सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत प्राप्त प्रस्तावों पर विचार एवं अनुमोदन हेतु जिला स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला स्तरीय अनुमोदन समिति, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आठ मदरसों से प्राप्त प्रस्तावों के नजरी नक्शा, एलपीसी एवं मदरसा बोर्ड से प्राप्त प्रस्वीकृति पत्र का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया।

समीक्षा के उपरांत आठ मदरसों में मूलभूत सुविधाओं एवं आधारभूत संरचना के विकास तथा शैक्षणिक सुधार के लिए सोलह करोड़ पंद्रह लाख पैंतालीस हजार पाँच सौ तीस रुपयेके प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।जिला स्तरीय अनुमोदन समिति द्वारा केवटी प्रखण्ड के मदरसा मुफ्ताहुल उलूम, त्रिमुहान, सिंहवाड़ा प्रखण्ड के फलाइहुल मुस्लिमीन मदरसा, कन्हौली, एवं मदरसा बसतुन्नूर उलूम, टेकटार, कुशेश्वरस्थान प्रखण्ड के मदरसा सेफातुल इस्लाम बरी, एवं मदरसा अशरफुल उलूम, गोठानी, जाले प्रखण्ड के मदरसा कासिमुल उलूम हुसैनिया, दोघरा, हायाघाट प्रखण्ड के मदरसा मदरसातुल बनात, चन्दनपट्टी तथा बहेड़ी प्रखण्ड के मदरसा अमीनिया अजीजुल उलूम, लक्ष्मीपुर वकराईपुर, जोगरजा के प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है।

स्वीकृत प्रस्ताव के तहत मदरसों में वर्ग कक्ष, शौचालय, प्रायोगिक कक्ष, कम्प्यूटर रूम, पुस्तकालय, रसोईघर, छात्रावास हॉल, वोकेशनल प्रशिक्षण हॉल, बहुउद्देशीय भवन, सीढ़ी एवं प्राचार्य कक्ष आदि के निर्माण एवं विकास का प्रावधान किया गया है।

सीए आदित्य झा का स्नातक निर्वाचन से नामांकन कल

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा स्नातक क्षेत्र के जुझारू प्रत्याशी दिनांक 5 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। आज चुनाव प्रचार के तहत सीए आदित्य झा ने स्नातक की पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों और शिक्षक बंधुओं से मुलाकात की तथा अपने अकादमिक विजन को रखा।

विद्यार्थियों ने भी अपनी तैयारी, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में खुलकर बात की। सीए आदित्य झा ने आज अपने गहन चुनाव प्रचार के क्रम में लहेरियासराय,झझरी,चकवा, हायाघाट,बहेड़ी,बिरौल,गौड़ाबराम आदि क्षेत्रों में स्नातक व शिक्षक मतदाता से मुलाकात कर प्रथम वरीयता का मत देकर आशीर्वादित करने की अपील की।चुनावी सभा में जगदीश मांझी ने भावुक होते हुए कहा कि राजनीतिक दल तो दलदल में चले गए हैं लेकिन हम बहेड़ीवासी आपको दिल से मदद करेंगे। आगे श्री मांझी ने सीए आदित्य झा के अनोखे व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि यह हमलोगों का सौभाग्य है कि सीए और सीएस की पढ़ाई करके जमीनी स्तर पर सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों को गहराई से समझने एवं परखने वाले ऐसे प्रत्याशी विरले मिलते हैं। दिन भर सार्थक संवाद में समय देने वाले सभी स्नातक और शिक्षक बंधुओं के प्रति सीए आदित्य झा ने आभार व्यक्त किया।



लोगों से मिलते सी ए आदित्य झा।

जितिया पर्व समृद्ध लोक-संस्कृति, मातृत्व व त्याग का पावन प्रतीक : डॉ. धर्मशीला गुप्ता

दरभंगा (एनएसबी)। जितिया पर्व के अवसर पर स्वयं व्रत रखने वाली डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि जितिया केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मातृत्व की ममता, त्याग, तपस्या और संतान के सुख-स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना का पर्व है। मिथिला और बिहार की लोक-संस्कृति में इस पर्व का विशेष महत्व है। पीढ़ियों से चली आ रही यह परंपरा हमारी सांस्कृतिक जड़ों और पारिवारिक संस्कारों से गहराई से जुड़ी हुई है।

उन्होंने कहा, मथिला की माटी की अपनी विशिष्ट संस्कृति, परंपरा और लोक आस्था है। जितिया व्रत में माताओं की श्रद्धा, संकल्प और अपनी संतान के प्रति असीम स्नेह की अद्भुत अभिव्यक्ति देखने को मिलती है। मैं स्वयं भी इस व्रत को श्रद्धा और आस्था के साथ रखती हूं, इसलिए इस पर्व से जुड़ी भावनाओं को आत्मीय रूप से महसूस करती हूं।ह्व डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि बिहार और मिथिला की पहचान उसकी समृद्ध लोक परंपराओं, संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत से है। जितिया जैसे पर्व हमारी इस विरासत को जीवंत बनाए रखते हैं और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का अवसर देते हैं। उन्होंने कहा कि जितिया का संदेश केवल व्रत और उपासना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मातृशक्ति के त्याग, परिवार के प्रति समर्पण और समाज में प्रेम एवं संस्कारों को मजबूत करने का भी संदेश देता है। हमें अपनी लोक-संस्कृति और परंपराओं को संजोते हुए आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए।डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कामना की कि जितिया पर्व मिथिला, बिहार और देश के सभी परिवारों में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए तथा सभी माताओं एवं उनके बच्चों के जीवन में स्वास्थ्य और मंगल बना रहे।



जितिया पर्व के दौरान राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता व अन्य ।

लवानी गांव में पिकअप से 1126 लीटर हरियाणा निर्मित शराब बरामद

बेनीपुर (एनएसबी)। बहेड़ा थाना पुलिस ने मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई कर लवानी गांव में राम-जानकी मंदिर के पास एक बगीचे में खड़े एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पिकअप से शराब उतारी जा रही है। टीम के पहुंचते ही वाहन के पास मौजूद 2-3 लोग अंधेरे का फायदा उठाकर गाछी की ओर भाग निकले। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन सभी फरार हो गए।बहेड़ा थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि बरामद महिंद्रा वीरो सीएनजी पिकअप (निबंधन संख्या वढ14फ्ळ6613) से रॉयल ग्रीन की 375 एमएल की 1368 बोतल, 180 एमएल की 3360 बोतल तथा ब्लेंडर्स प्राइड की 750 एमएल की 12 बोतल बरामद हुई है। कुल 1126.8 लीटर शराब जब्त की गई है। सभी बोतलों पर 'फॉर सेल इन हरियाणा ओनली' अंकित है। मामले में वाहन मालिक और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

दरभंगा एम्स के नजदीक एक एकड़ जमीन में बनेगा शहीद पार्क : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

■ सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर ने पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित



पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

दरभंगा (एनएसबी)। देश की संप्रभुता की रक्षा में सदैव तत्पर रहने वाले सैनिक जीवन पर्यन्त समाज तथा राष्ट्र के लिए आदर्श माने जाते हैं। इनके सेवा भाव तथा राष्ट्र निर्माण की सोच को आत्मसात करनी चाहिए।2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत दरभंगा बलभद्रपुर लहेरियासराय स्थित संसदीय कार्यालय में आयोजित सैनिक सम्मान समारोह के आयोजन में स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने अपने संबोधन में उपरोक्त विचार व्यक्त किए।

सांसद डा ठाकुर ने पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक महेंद्र साह की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित जिले के भूतपूर्व सैनिकों का पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया तथा संवाद कर उनके अनुभवों को समाज तथा राष्ट्र के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि राष्ट्र रक्षा में अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले वीर पूर्व सैनिकों का सम्मान करना एक जनप्रतिनिधि के लिए सौभाग्य की बात है। सांसद डा ठाकुर ने प्रधानमंत्री श नरेंद्र मोदी की एनडीए सरकार को सैनिकों के मान सम्मान के लिए तत्पर बताते हुए कहा कि दरभंगा में एम्स के नजदीक भूतपूर्व सैनिक संघ को एक एकड़ जमीन मिली हुई है जहां शहीद पार्क के निर्माण की पहल शीघ्र शुरू की जाएगी। सम्मान समारोह में पूर्व सैनिक अभय कुमार मिश्र, वेदानन्द झा, ललन कुमार, अनिल कुमार मिश्र, मोहन ठाकुर, परमानंद सहित भूतपूर्व सैनिक मौजूद थे।

महिला स्वास्थ्य व सुरक्षा को लेकर प्रथम हॉस्पिटल में सेवा पखवाड़ा संकल्प अभियान

बिरौल (एनएसबी)। सुपौल बाजार, डुमरी रोड स्थित प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी सेंटर में सेवा पखवाड़ा संकल्प अभियान के तहत महिला सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर विशेष चिकित्सा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के निदेशक मृत्युंजय कुमार झा, भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह 'पप्पू सिंह' एवं भाजपा दरभंगा पूर्वी के जिला अध्यक्ष विनय कुमार पासवान सहित अस्पताल के चिकित्सक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड एवं आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में महिला स्वास्थ्य को परिवार और समाज के स्वास्थ्य से जोड़ते हुए महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।इस अवसर पर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के निदेशक मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि सुपौल बाजार जैसे सुदूर क्षेत्र में प्रथम हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी सेंटर द्वारा आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलना जनसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य है।भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह ह्यापप्पू सिंहह्न ने कहा कि प्रथम हॉस्पिटल ने ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर आम लोगों की बड़ी जरूरत पूरी की है। महिला स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को लेकर ह्यमहिला स्वस्थ रहेगी तो परिवार स्वस्थ रहेगा और परिवार स्वस्थ होगा तो समाज भी स्वस्थ एवं मजबूत बनेगा।इसी उद्देश्य से सेवा पखवाड़ा संकल्प अभियान के तहत सैकड़ों महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड एवं आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। डॉ. राजेश झा ने कहा कि प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी सेंटर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बेहतर एवं सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने प्रथम हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी सेंटर की ओर से सुदूर क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने तथा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीबों को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास की सराहना की और अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी।



कार्यक्रम में मृत्युंजय कुमार झा, संजय कुमार सिंह 'पप्पू सिंह', विनय कुमार पासवान, डॉ. राजेश झा व अन्य ।

■ सैकड़ों महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड व दवाओं का निःशुल्क वितरण, आयुष्मान कार्ड से गरीबों को मिल रहा निःशुल्क इलाज

अस्पताल की यह पहल समाज में जागरूकता पैदा करने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूत कर रही है।भाजपा दरभंगा पूर्वी के जिला अध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने कहा कि सुपौल बाजार में प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी सेंटर जैसी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा का होना आसपास के लोगों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीब मरीजों को निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलना जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत है।अस्पताल के संस्थापक एवं भाजपा दरभंगा पूर्वी जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. राजेश झा ने कहा कि महिला का स्वस्थ रहना पूरे परिवार और समाज के स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है।उन्होंने कहा कि

मधुबनी पुलिस की मानवीय पहल

■ 3 दिनों में बिछड़े 3 बच्चों, 1 विक्षिप्त महिला व 1 युवती सहित 5 लोगों को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेशानुसार जिलान्तर्गत इंद्र पूजा मेला के अवसर पर भारी भीड़ को देखते हुए मधुबनी पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में अंधराठाढ़ी थाना पुलिस ने अपनी सतर्कता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए विगत 03 दिनों के भीतर विभिन्न परिस्थितियों में बिछड़े एवं भटके कुल 05 व्यक्तियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया।

मेले की भीड़ में खोए 03 मासूम बच्चों का सकुशल रेस्क्यू

2 अक्टूबर को एक परिवार अपने तीन छोटे बच्चों के साथ बाजार में डॉक्टर के पास दवा लेने आया था। इंद्र पूजा मेले की अत्यधिक भीड़ के कारण तीनों बच्चे बाजार में परिजनों से बिछड़कर अचानक लापता हो गए। परिजनों द्वारा अपने स्तर से काफी खोजबीन की गई परंतु कुछ पता नही चला। तदोपरांत इसकी सूचना अंधराठाढ़ी थाना को दी गई। सूचना दिए जाने के तुरंत बाद अंधराठाढ़ी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे मेला क्षेत्र में सघन खोजबीन अभियान चलाया। पुलिस की तत्परता से महज 01 घंटे के भीतर तीनों बच्चों को सकुशल बरामद किया गया एवं सुरक्षित उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।



नगर क्षेत्र से भटकी मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को परिजनों से मिलाया

मधुबनी जिलान्तर्गत नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला रास्ता भटककर अंधराठाढ़ी थाना क्षेत्र में पहुंच गई थी। गश्ती दल द्वारा मानवता का परिचय देते हुए महिला को सुरक्षित संरक्षण में लेकर थाना लाया गया। इसके पश्चात त्वरित सत्यापन कर परिजनों से संपर्क स्थापित कर विधिवत उन्हें सुपुर्द कर दिया गया।

दरभंगा से घर से निकली युवती को कमला तटबंध से सुरक्षित बरामद किया गया

दरभंगा जिला के बहेड़ी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती दिनांक 28.09.2026 को अपने घर से निकल गई थी। जिसे अंधराठाढ़ी थाना अंतर्गत तारापट्टी कमला तटबंध पर असहाय अवस्था में देखा गया एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा डायल-112 पर सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही डायल-112 व अंधराठाढ़ी थाना की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर युवती को सुरक्षित संरक्षण में लिया। पहचान व सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद युवती के परिजनों को सूचना देकर उसे सकुशल सौंप दिया गया।

लूट की घटना का 24 घंटे के अन्दर सफल उद्भेदन

तीन अवैध देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस व लूट की अन्य सामान के साथ 4 अभियुक्त गिरफ्तार

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 1 अक्टूबर को थानाध्यक्ष, बाबूबरही को एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ कि रामवृक्ष साहु, पे०-स्व० सूर्यनारायण साहु, सा० तिरहुता, थाना-बाबूबरही, जिला-मधुबनी से 3,40,000/- रूपया नगद, 02 मोबाईल फोन एवं 01 मोटरसाईकिल छिनने की घटना घटित हुई थीं। थानाध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई कर इस घटना के संबंध में वादी के लिखित आवेदन के आधार पर बाबूबरही थाना कांड संख्या-528/26, दिनांक-01. 10.2026, धारा-309 (4) बी०एन०एस० दर्ज कर विधि सम्मत आवश्यक कारवाई की जा रही थी।



जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

घटना के संवेदनशीलता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेर्शानुसार घटना में शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं लूट की सामान बारामदगी हेतू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-02 के नेतृत्व मे अंचल पुलिस निरीक्षक, खजौली एवं थानाध्यक्ष द्वारा एक विशेष टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा द्वारा अनुसंधान के क्रम में जिले में स्थापित तकनीकी टीम के सहयोग से आसूचना संकलन कर एवं तकनीकी / मानवीय पहलुओं पर अनुसंधान कर घटना में संलिप्त कुल-04 अपराधकर्मियों 01. राजकुमार मंडल, 02. करण साफी, 03. विजय कुमार राम, 04. दिपक सरहान सभी जिला मधुबनी को उसके ठिकानों पर विधिवत छापेमारी कर चारों अभियुक्तों को 03 अवैध देशी कट्टा, 03 जिन्दा कारतुस, 02 मोटरसाईकिल, 2.5 कि०ग्रा० गांजा (मादक पदार्थ) एवं 2,36,000/- रूपया नगद के साथ गिरफ्तार किया गया है। अवैध हथियार एवं गांजा जैसा पदार्थ की बरामदगी के संबंध में बाबूबरही थाना कांड संख्या-529/26दर्ज कर विधि सम्मत आवश्यक

10 वाहन चालकों से आर्थिक दंड स्वरुप कुल 13 हजार रुपये की वसुली



वाहन जांच करते अधिकारी।

खजौली (एनएसबी)। एसडीपीओ सदर-2 कामिनी कौशल के नेतृत्व में शनिवार को थाना क्षेत्र के स्थानीय मंगती चौक एवं ठहर विद्यापति चौक के पास वाहन चेकिंग किया गया। इस दौरान बिना वैध कागजात के सड़क से गुजर रहे 10 वाहन चालकों से आर्थिक दंड स्वरुप कुल 13 हजार रुपये की वशूली की गई। खजौली से कलुआही एवं मधुबनी जाने वाली मुख्य सड़क में दो जगहों पर वाहन चेकिंग किये जाने से बिना वैध कागजात के सड़क पर भ्रमण करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप देखा गया। कई वाहन चालक मुख्य रास्ता को छोड़ बगल के रास्ते से आगे बढ़ते देखे गए। वहीं एसडीपीओ सदर-2 ने वाहन चालकों से अपील किया की हेमलेट एवं सभी आवश्यक वैध कगजत के साथ ही वाहन से कहीं यात्रा करें। इस मौके पर एसआई रजनीश राज सहित थाना पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

दो वर्षों से लापता युवक को बासोपट्टी पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा



बरामद युवक के साथ पुलिस।

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि जमुई जिला से करीब 02 वर्षों से लापता युवक को 2 अक्टूबर को थानाध्यक्ष, बासोपट्टी थाना द्वारा जयनगर रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद किया गया। युवक रेलवे पटरी के आसपास घूमते हुए मिला, जिसकी स्थिति एवं हुलिया काफी अस्त-व्यस्त थी। पुलिस द्वारा युवक को थाना लाकर बाल दाढ़ी कटवाकर एवं खाना खिलाकर नए कपड़े पहनाए गए। उक्त युवक जमुई जिला का निवासी था। उसके परिजनों को सूचना देकर थाना बुलाया गया एवं आवश्यक सत्यापन के उपरांत युवक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

सिमरी पंचायत में विशेष ग्रामसभा का आयोजन, नशामुक्ति अभियान को लेकर दिलाई गई शपथ



शिविर में उपस्थित लोग।

बिस्फी (एनएसबी)। बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के निर्देश एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी, मधुबनी के पत्र के आलोक में सिमरी पंचायत में मुखिया सुधीर यादव की अध्यक्षता में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा का आयोजन पीपल प्लान कैंपेनिंग एवं रिफॉर्म उत्सव के तहत किया गया। बैठक में ग्राम पंचायत विकास योजना की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही रिफॉर्म उत्सव के अंतर्गत ग्राम जी से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान नशामुक्त बिहार अभियान के तहत लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों ने नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। वहीं,ह्ल अभियान के तहत नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और नशामुक्ति की शपथ दिलाने पर भी जोर दिया गया। ग्रामसभा में पंचायत के विकास कार्यों की योजना तैयार करने तथा सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर भी चर्चा हुई। मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक श्रवण पंजियार, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक मनोज कुमार, दीपक कुमार, शंकर यादव, अनिल कुमार भारती, बेचन यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

12 सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया एक दिवसीय धरना



घरना देते शिक्षक।

बिस्फी (एनएसबी)। शिक्षक संघ बिहार पटना के आवाहन पर प्रखंड इकाई बिस्फी के द्वारा शनिवार को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन प्रखंड सह अंचल कार्यालय के परिसर मे किया गया. कार्यक्रम कि अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश यादव ने किया. इस मौके पर 12 सूत्री मांगों के समर्थन में शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी की और मांग पूरा करने का आग्रह सरकार से किया. प्रखंड अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि सरकार के द्वारा शिक्षकों के जबरन स्थानांतरण पर रोक लगाने, सातवे वेतनमान का लाभ देने, पुरानी पेंशन को लागू करने, प्रमोशन का लाभ देने, सभी कोर्ट के शिक्षकों के वेतन का भुगतान ससमय किए जाने और अंतर वेतन का भुगतान करने, सेवा पुस्तिका का संधारण अभिलंब किए जाने सहित कई मांग शामिल है. इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद साबिर, जिला सचिव विश्वनाथ राय, प्रखंड प्रधान सचिव दिलीप कुमार महतो, प्रखंड महिला प्रभारी विभा कुमारी,रतन यादव, राजा राम यादव, रविंद्र मोहन यादव, मो अफरोज, फुलेश्वर सिह, तिलेश्वर मोची,अशोक चौधरी, दशरथ महतो,हरि नारायण मंडल, शम्भू यादव, राजकिशोर, महाराणा प्रताप, संतोष शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे!

बिहार शिक्षक संघ के लदनियां प्रखंड इकाई के द्वारा बारह सूत्री मांगों को



धरना पर बैठे शिक्षक।

लदनियां (एनएसबी)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर बारह सूत्री मांगों को लेकर बिहार शिक्षक संघ के लदनियां इकाई के अध्यक्ष लाल बिहारी प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में धरना - प्रदर्शन का आयोजन शनिवार को किया गया। धरना -प्रदर्शन में शामिल कोषाध्यक्ष लेख नारायण यादव, प्रधान सचिव सह उपाध्यक्ष मोहम्मद रेयाज अर्सी, सचिव भोला लाल दास, सचिव गंगाधर राम भारती, विजय कुमार साह,अनिल कुमार, मोहम्मद शकील, रामनारायण साफी, राम दयाल यादव,सवित्रा कुमारी, मिश्रीलाल राम, प्रवक्ता दिनेश कुमार यादव,मिडीया प्रभारी सह संयोजक राम सुफल मंडल ने शिक्षकों के चिर सिंचित बारह सूत्री मांगों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सरकार के शिक्षक विरोधी गलत नीतियों एवं क्रियाकलापों के विरोध में जमकर नारेबाजी की। हालांकि धरना प्रदर्शन में शामिल शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने बुद्धिमत्ता एवं अनुशासन का प्रचय देते हुए सरकार के शिक्षक विरोधी नीतियों का खुल कर विरोध करते हुए कहा शिक्षकों के मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया गया तो जिला मुख्यालय मधुबनी में विशाल धरना प्रदर्शन एवं विधानसभा का घेराव बिहार शिक्षक संघ के आह्वान पर किया जाएगा। पांच सदस्यीय दल ने अपने बारह सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सौंप कर शिक्षकों के मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उचित माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया। तत्पश्चात प्रखंड अध्यक्ष लाल बिहारी प्रसाद वर्मा ने धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को समाप्त करते हुए सभी शिक्षकों को बिहार शिक्षक संघ के निर्णय का इंतजार करने एवं अगला कार्यक्रम में अधिक से अधिक शिक्षकों को सामिल होने का आग्रह किया।

लदनियां बाजार में लगभग दस एकड़ सरकारी जमीन पर भू- माफियाओं का कब्जा



अतिक्रमण स्थल।

लदनियां (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय का एकलौता बाजार जो की एन एच 227 के बीचों-बीच अवस्थित है। उक्त बाजार के अधिकांश मकान सहित दुकान सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर स्थापित किया गया है। स्थानीय लोगों ने अंचल एवं अनुमंडल कार्यालय में दर्जनों बार इस अतिक्रमण के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराया। आदेश भी निर्गत हुआ।

अंचल कार्यालय से अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध दर्जनों बार अतिक्रमण हटाने को लेकर नोटिस निकाला गया, परंतु किसी अधिकारी ने अतिक्रमण हटाने के दिशा में कोई ठोस पहल या बुल्डोजर नहीं चलाया, जबकि यह भूमि करोड़ों रुपए मूल्य की है। और अतिक्रमणकारियों ने उक्त भूमि पर आलिशान भवन बना कर लाखों रुपए प्रति वर्ष कमा रहा है। कारण स्थानीय लोगों में प्रशासन के विरुद्ध भारी आक्रोश है। शिकायत कर्ता एवं आमलोगों के अनुसार लदनियां बाजार में दो जगहों पर विशाल सरकारी भूमि पर अतिक्रमणकारियों का अवैध कब्जा है। बिहार सरकार के नाम दर्ज जिसका खाता नंबर - 365, खेसरा नंबर - 1198 कुल रकबा लगभग तीन एकड़,दूसरा खेसरा - 970 ,कुल रकबा सात एकड़ 10 कट्ठा है।जो प्रखंड मुख्यालय लदनियां बाजार के बीचों-बीच अवस्थित है, और उक्त भूमि का सारा सबूत अंचल कार्यालय एवं जिला भू-अर्जन कार्यालय में मौजूद है। इसके बावजूद भू-माफिया और दबंगों के द्वारा रोज व रोज खुलेआम इस पर पक्का मकान और दुकानें बना कर मोटी कमाई किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह भूमि कभी मिजार्पुर महंत चतुर्भुज सिंह का हुआ करता था। परंतु राज्य में सेलिंग एक्ट के तहत इस भूमि को अधिग्रहण कर अपने खाते में शामिल किया था। परंतु सरकार के जबाव देह अधिकारी इसे सुरक्षित रखने में कम और अवैध कमाई के चक्कर में सरकारी भूमि कब्जा का छुट दे रखा है। लोगों ने उच्च अधिकारी एवं सरकार से मांग किया है कि इसका जांच करा कर इसे अतिक्रमण मुक्त करा कर जनहित में सुरक्षित रखा जाय!

मातृनवमी तिथि का विशेष महत्व, आज है तिथि

मधुबनी (एनएसबी)। पितृपक्ष के दौरान आने वाली नवमी तिथि को मातृ नवमी कहा जाता है,पंचांग अनुसार इस बार मातृ नवमी 04 अक्टूबर , रविवार को है। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि सनातन धर्म में दिवंगत माताओं, बहनों और बेटियों के श्राद्ध व तर्पण के लिए विशेष धार्मिक और मनोवैज्ञानिक महत्व है। इसे 'सौभाग्यवती श्राद्ध' या 'अविधवा नवमी' भी कहा जाता है, क्योंकि इस दिन विशेष रूप से उन महिला पूर्वजों का श्राद्ध किया जाता है जिनका निधन सुहागन रहते (पति के जीवित रहते) हुआ हो या जिनकी मृत्यु तिथि ज्ञात न हो। यह दिन परिवार के संवर्धन और निर्माण में महिलाओं के अतुलनीय योगदान के प्रति आभार प्रकट करने और उनका आशीर्वाद पाने का अवसर माना जाता है। पंचांग अनुसार इस बार मातृ नवमी तिथि का आरम्भ 04 अक्टूबर रविवार को दिन के 07 बजकर 37 मिनट के बाद से है और तिथि समापन रात्रि 03 बजकर 02 मिनट तक है।

गांधी जयंती पर गांधी चौक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया माल्यार्पण

■ स्वच्छता का संकल्प लेकर गांधीजी के विचारों को आत्मसात करने का लिया प्रण



बेनीपट्टी (एनएसबी)। महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को बेनीपट्टी नगर पंचायत की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर बेहटा स्थित गांधी चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में मुख्य पार्षद मंजू देवी, उपमुख्य पार्षद दीपशिखा कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी गौतम आनंद एवं समाजसेवी रूपन साह सहित अन्य लोगों ने गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर मुख्य पार्षद मंजू देवी ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक स्वच्छ, शांतिपूर्ण और बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। वहीं, गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वार्ड पार्षदों, नगर पंचायत कर्मियों एवं आमलोगों ने गांधीजी के संकल्प पत्र को शपथ के रूप में ग्रहण किया। सभी ने अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद राजीव यादव, योगेंद्र यादव, शत्रुघ्न ठाकुर, अंजली देवी, लक्ष्मण पंडित, रामवरण राम, फैयाज अहमद, अर्जुन कुमार, संस्थापक जामुन यादव, ललन साह, स्वच्छता पदाधिकारी शिवकुमार, कर संग्रह पदाधिकारी राकेश तिवारी, रोहित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय बुद्धिजीवियों ने भी महात्मा गांधी के विचारों को याद करते हुए स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

महिला फुटबाल प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले में बंगाल की टीम ने नेपाल की टीम को तीन-एक से शिकस्त देकर विजेता कप पर कब्जा जमा लिया



सम्मानित करते।

खजौली (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के ठेंगहा गांव स्थित खेल मैदान पर गांधी जयंती के अवसर पर एमएसएफसी ठेंगहा के तत्वावधान में शुक्रवार को आयोजित एक दिवसीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले में बंगाल की टीम ने नेपाल की टीम को तीन-एक से शिकस्त देकर विजेता कप पर कब्जा जमा लिया।

इससे पूर्व एसडीपीओ सदर-2 कामिनी कौशल, प्रमुख कुमारी उषा, जिला पार्षद दीपक कुमार सिंह ने मैच का शुभारंभ करवाया। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी जुटे थे। वहीं एसडरपीओ ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजन से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है। नेपाल टीम की लीला मायागिरी को बेस्ट इलेवन तथा बंगाल की सागरिका को बेस्ट-22 का पुरस्कार दिया गया। नेपाल की उपविजेता टीम को मुखिया मोहन झा, सरपंच रामानंद ठाकुर, पूर्व सरपंच शिवशंकर साह व पूर्व मुखिया चंद्रमोहन उर्फ बिजली राय ने कप प्रदान किया। जबकि विजेता बंगाल टीम को एसडीपीओ कामिनी कौशल, प्रमुख कुमारी उषा, जिला पार्षद जितेंद्र भारती, थानाध्यक्ष सपन कुमार, मो. कलाम, भूषण कुमार ने कप प्रदान दिया। मैच रेफरी की भूमिका सुरेश कुमार, शंभू पंजियार एवं जीबछ सिंह ने निभाई।

परीक्षा से दो दिन पहले नहीं मिला एडमिट कार्ड तो भड़कीं कॉलेज की छात्राओं ने कॉलेज गेट पर काटा बवाल

मिठनपुरा मुख्य मार्ग जाम कर एक घंटे तक किया प्रदर्शन

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बीआरएबीयू की स्नातक (यूजी) सेमेस्टर-4 की सोमवार से होने वाली परीक्षा से दो दिन पहले तक शनिवार को भी एमडीडीएम कॉलेज प्रबंधन द्वारा परीक्षार्थी छात्राओं को परीक्षा प्रवेश पत्र उपलब्ध नहीं कराने पर बड़ी संख्या में जुटी छात्राओं ने कॉलेज के सामने सड़क जाम कर जमकर हंगामा और कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ एक घंटे से अधिक समय तक रोषपूर्ण प्रदर्शन किया।

एडमिट कार्ड नहीं मिलने से नाराज एमडीडीएम कॉलेज की सैकड़ों छात्राओं ने कॉलेज और यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। प्रदर्शनकारी छात्राओं के अनुसार यूजी सेमेस्टर-4 की परीक्षा 5 अक्टूबर से शुरू होनी है। छात्राओं को शनिवार को एडमिट कार्ड मिलने की सूचना दी गई थी, इस सूचना पर मुजफ्फरपुर के अलावा वैशाली, सीतामढ़ी और शिवहर समेत कई दूर-दराज के इलाकों से छात्राएं अपना एडमिट कार्ड लेने के लिए कॉलेज पहुंची थीं। लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी एडमिट कार्ड नहीं मिलने और कॉलेज प्रबंधन द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दिए जाने पर अचानक छात्राओं का गुस्सा भड़क गया। तत्क्षण सभी छात्राएं एमडीडीएम कॉलेज गेट के सामने मिठनपुरा मुख्य सड़क पर ही धरने पर बैठ गईं। वही छात्राएं सड़क पर हंगामा और रोषपूर्ण प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क पर हंगामा और प्रदर्शन के कारण मिठनपुरा मुख्य मार्ग (क्लब रोड) पर यातायात ठप हो गया और कुछ ही देर में मुख्य सड़क जाम हो गया।

वहीं स्थिति की सूचना मिलते हीं मिठनपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित



कॉलेज के सामने सड़क जाम कर हंगामा और रोषपूर्ण प्रदर्शन करती परीक्षार्थी छात्राएं।

छात्राओं को समझाने और यातायात बहाल कराने का प्रयास किया। लेकिन छात्राएं नहीं मानी।

कॉलेज प्रबंधन ने कहा- बड़ी संख्या में एडमिट कार्ड की प्रिंटिंग और वेरिफिकेशन करने में समय लगा

स्थिति को देखते हुए पुलिस द्वारा कॉलेज प्रबंधन से संपर्क किए जाने पर कॉलेज प्रशासन की ओर से त्वरित समाधान का ठोस आश्वासन दिया गया, जिसके बाद छात्राएं सड़क से हटीं और मार्ग पर आवागमन सामान्य हो सका।

उधर, कॉलेज प्रबंधन ने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय स्तर से ही एडमिट कार्ड देर से पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया था। इसके बाद इतनी बड़ी संख्या में एडमिट कार्ड की प्रिंटिंग और वेरिफिकेशन करने में समय लगा, जिसके कारण वितरण में देरी हुई। स्थिति को देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने छात्राओं से कक्षाओं में जाने और शांति से एडमिट कार्ड प्राप्त करने की अपील की। कॉलेज में दिन के 3 बजे के बाद एडमिट कार्ड वितरण सुचारू रूप से शुरू हुआ।

शनिवार को सभी परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड वितरण करना संभव नहीं था। इस स्थिति में कॉलेज प्रबंधन द्वारा छात्राओं की सुविधा के लिए रविवार को भी एडमिट कार्ड काउंटर विशेष रूप से खुला रहने की घोषणा की गई और नोटिस जारी किया गया। इसके बाद दूर दराज से आई छात्राएं रविवार को एडमिट कार्ड प्राप्त करने की बात कहते हुए अपने घर लौट गईं। उधर, कॉलेज प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि रविवार को एडमिट कार्ड काउंटर दिनभर बिशेष रूप से खुला रहेगा, ताकि 5 अक्टूबर से शुरू होने वाली परीक्षा में किसी भी छात्रा को कोई परेशानी न हो।

संक्षिप्त खबरें

गोविंद हत्याकांडः फरार शूटर राजा सिंह ने कोर्ट में किया सरेंडर

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। चर्चित गोविंद शर्मा हत्याकांड में फरार चल रहे कथित शूटर राजा सिंह ने शनिवार को मुजफ्फरपुर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। करीब सात दिन पहले ही पुलिस ने साहेबगंज स्थित उसके घर पर ढोल-बाजे के साथ इश्तेहार चस्पाया था। पुलिस ने उसे 15 दिनों के भीतर कोर्ट में सरेंडर करने की चेतावनी दी थी। सरेंडर नहीं करने पर संपत्ति की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की बात कही गई थी। ज्ञात हो कि नगर थाना पुलिस ने थानाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में साहेबगंज के प्रताप पट्टी गांव स्थित राजा सिंह के घर पर इश्तेहार चस्पाया था। पुलिस ने आसपास के लोगों को भी कार्रवाई की जानकारी दी थी। हालांकि, 15 दिन की समय-सीमा पूरी होने से पहले ही राजा सिंह ने शनिवार को कोर्ट पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। गौरतलब है कि गोविंद शर्मा की हत्या 31 मई की देर रात नगर थाना क्षेत्र के आइकॉन टावर अपार्टमेंट में गोली मारकर की गई थी। घटना के बाद गोविंद की पत्नी रीना उर्फ अंजली के बयान पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच आगे बढ़ने के बाद पुलिस ने कई आरोपितों के नाम सामने आने की बात कही थी। पुलिस के अनुसार गोविंद शर्मा पर हत्या और रंगदारी समेत कई गंभीर मामले दर्ज थे। गोविंद हत्याकांड मामले में पुलिस अब तक तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इनमें गोविंद का प्रॉपर्टी पार्टनर और बेगूसराय का कुख्यात रंजय ओंकार, कुढ़नी निवासी बाबुल चौधरी और पारू निवासी कथित शूटर सौरभ उपाध्याय शामिल हैं। राजा सिंह के सरेंडर के बाद पुलिस अब उससे पूछताछ करेगी। जांच के दौरान हत्या की वजह, कथित साजिश और वारदात में शामिल अन्य लोगों की भूमिका को लेकर राजा सिंह से जानकारी जुटाई जा सकती है।



बीआरए बिहार विश्वविद्यालय पीजी परीक्षा में दो बार गलत प्रश्नपत्र, छात्रों ने किया बहिष्कार

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के परीक्षा हॉल में शनिवार को पीजी चतुर्थ सेमेस्टर (सत्र 2024-26) की परीक्षा के दौरान गलत प्रश्नपत्र बांटे जाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। दूसरी पाली में दोपहर एक बजे परीक्षा शुरू होनी थी। उत्तर पुस्तिका और प्रश्नपत्र मिलने के बाद परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र गलत होने का विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रश्नपत्र वापस लेकर दूसरा प्रश्नपत्र वितरित किया, लेकिन दूसरा प्रश्नपत्र भी गलत निकला। इससे आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया और परीक्षा हॉल से बाहर निकल आए। दो बार गलत प्रश्नपत्र मिलने से नाराज परीक्षार्थी परीक्षा भवन के बाहर एकत्रित हो गए और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी परीक्षा दोबारा शुरू नहीं हो सकी। हंगामे की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. विपिन कुमार राय और परीक्षा नियंत्रक प्रो. अरविंद कुमार भी परीक्षा केंद्र पहुंचे और आक्रोशित छात्र-छात्राओं से बातचीत शुरू की। हंगामा कर रहे परीक्षार्थियों का कहना था कि परीक्षा केंद्र पर पांच मिनट देर से पहुंचने पर उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया जाता है, जबकि विश्वविद्यालय की गलती के कारण उनका डेढ़ घंटे से अधिक समय बर्बाद हो गया। दरभंगा, मधुबनी और बेतिया समेत दूर-दराज के जिलों से परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों, खासकर छात्राओं ने कहा कि परीक्षा में देरी होने से शाम को घर लौटने में परेशानी होगी। पीजी परीक्षा में गलत प्रश्नपत्र बांटे जाने की घटना के बाद विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। इससे पहले एडमिट कार्ड नहीं मिलने के विरोध में एमडीडीएम कॉलेज की छात्राओं ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था।

साहेबगंज में कमरे में मिला 60 वर्षीय महिला का शव, भाई ने पड़ोसियों पर लगाया हत्या का आरोप

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र में 60 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। महिला का शव उसके कमरे में संदिग्ध हालत में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मृतका की पहचान वासदेव सराय ग्राम निवासी उमेश पांडे की पत्नी 60 वर्षीय सुदामा देवी के रूप में हुई है। मृतका के भाई लक्ष्मी नारायण चौधरी ने पड़ोस के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। काँटी थाना क्षेत्र निवासी लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि उनकी बहन की शादी साहेबगंज थाना क्षेत्र में हुई थी। उन्होंने बताया कि सुदामा देवी का पट्टीदारों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस विवाद को लेकर पहले भी कई घटनाएं हो चुकी थीं, जिनकी शिकायत उनकी बहन ने की थी। मृतका के भाई के अनुसार उनकी बहन ने एक दिन पहले ही फोन कर उन्हें बुलाया था। जब वे आज पहुंचे तो घर में बहन का शव पड़ा मिला। उन्होंने आरोप लगाया है कि रात में घर में किसी के नहीं होने का फायदा उठाकर आरोपियों ने उनकी बहन को जहर देकर मार दिया और फरार हो गए। साहेबगंज थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत नहीं हो रहा है।

6वीं सब जूनियर ईस्ट जोन रोल बॉल प्रतियोगिता के लिए बिहार टीम घोषित

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। 6वीं सब जूनियर ईस्ट जोन रोल बॉल प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ (छत्तीसगढ़) में शुरू हो गया है। इस ईस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए बिहार राज्य की टीम की घोषणा कर दी गई है। बिहार टीम में चयनित खिलाड़ी मे अविघ्न, शाश्वत झा, रुद्र कुमार पार्थ (ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल, समस्तीपुर), आशुतोष कुमार, सौरव कुमार, आयुष कुमार, संस्कार व सात्विक (सभी माउंट लिटेरा), देवांश (डीएवी, कांटी) एवं कार्तिक (उच्च, मालीघाट) शामिल हैं।बिहार रोल बॉल टीम के कोच के रूप में ओम प्रकाश (स्पोर्ट्स टीचर, पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल, समस्तीपुर) एवं टीम प्रबंधक के रूप में कुमार आदित्य को नियुक्त किया गया है। उनके मार्गदर्शन में बिहार की टीम इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। रोल बॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के सदस्य ज्योति श्रीवास्तव, माधुरी कुमारी, प्रशांत कुमार, धनंजय कुमार सिंह एवं विकास कुमार आदि ने चयनित सभी खिलाड़ियों और कोच ओम प्रकाश को बधाई दी है तथा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं जीत के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

मुजफ्फरपुर-छपरा मुख्य सड़क बंद रेवा घाट के पास रोड पर चढ़ा पानी

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। गंडक नदी में आई बाढ़ के कारण मुजफ्फरपुर-छपरा मुख्य मार्ग एनएच-102 पर आवागमन बाधित हो गया है। रेवा घाट के पास सड़क पर करीब 3 से 4 फीट बाढ़ का पानी बह रहा है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने अंबारा चौक के पास बैरिकेडिंग कर मार्ग पर भारी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित कर दिया है।

अधिकारियों के अनुसार, सारण जिले के मकेर इलाके में सड़क पर पानी का तेज बहाव है। कुछ स्थानों पर पानी का स्तर करीब 5 फीट तक पहुंच गया है। ऐसे में इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा माना जा रहा है। अंबारा चौक पर पुलिस ने लंबी दूरी की बसों और ट्रकों समेत भारी वाहनों को रोक दिया है। वहीं, आसपास के गांवों में जाने वाले छोटे वाहनों और दोपहिया वाहनों को स्थिति देखकर सावधानी के साथ जाने दिया जा रहा है। बैरिकेडिंग स्थल पर सुरक्षा के लिए पुलिस जवानों की तैनाती की गई



मुजफ्फरपुर छपरा मुख्य मार्ग पर तेज धार मे बह रहा बाढ़ का पानी।

है। सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर ने बताया कि सारण जिले में गंडक नदी का सुरक्षात्मक बांध टूटने के बाद बाढ़ का पानी मुख्य सड़क पर पहुंच गया है। सड़क पर पानी का बहाव काफी तेज है, इसलिए वर्तमान परिस्थितियों में यहां से आवागमन सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मार्ग को डायवर्ट और नियंत्रित किया है। अधिकारियों की टीम लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। लोगों से अपील की गई है कि वे पानी के तेज बहाव वाले रास्तों से गुजरने से बचें और प्रशासन के निदेर्शों का पालन करें।

मुजफ्फरपुर में जीएनएम छात्रा ने नींद की गोलियां खाकर की आत्महत्या का प्रयास, वार्डन पर प्रताड़ना का आरोप

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। स्थानीय एसकेएमसीएच परिसर स्थित जीएनएम कॉलेज के छात्रावास में शनिवार को सेकेंड ईयर की एक छात्रा ने कथित तौर पर नींद की गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के बाद हॉस्टल में अफरातफरी मच गई। तबीयत बिगड़ने पर छात्रा को तत्काल एसकेएमसीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आइसीयू में भर्ती किया। फिलहाल छात्रा बेहोश बताई जा रही है। अस्पताल में भर्ती छात्रा ने हॉस्टल की एक वार्डन पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

छात्रा के परिजनों और सहपाठियों का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से परेशान थी। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल अधीक्षक ने जांच के आदेश दिए हैं। वहीं जीएनएम कॉलेज के प्राचार्य राम



छात्रावास जिसमें रह रही थी छात्रा।

अवतार शर्मा के अनुसार, छात्रा के बैच की अन्य छात्राओं से इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।

जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि छात्रा ने कौन-सी दवा ली, दवा कहां से मिली और किन परिस्थितियों में उसने यह कदम उठाया। संबंधित वार्डन से भी रिपोर्ट मांगी गई है। पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। छात्रा के होश में आने के बाद उसके बयान से घटना की परिस्थितियों को स्पष्ट करने में मदद मिल सकती है।

गायघाट में आम के बगीचे से कंकाल बरामद, महिला का होने की आशंका

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। गायघाट थाना क्षेत्र के भूसरा गांव में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब राजकीय मध्य विद्यालय के सामने स्थित आम के बगीचे से एक मानव कंकाल बरामद हुआ। कंकाल की खोपड़ी मिट्टी से बाहर निकली हुई थी। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पुलिस ने पहुंचकर जांच शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह गांव का एक व्यक्ति बगीचे की तरफ शौच के लिए गया था। इसी दौरान उसकी नजर मिट्टी से बाहर निकली मानव खोपड़ी पर पड़ी। उसने तत्काल इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को दी। इसके बाद देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि जंगली जानवरों या आवारा कुत्तों ने मिट्टी खोदकर खोपड़ी को बाहर निकाला होगा। शरीर की अन्य हड्डियां अभी भी जमीन के अंदर दबी हुई बताई गई। घटना की सूचना पर गायघाट थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में आसपास के इलाके की जांच की गई। खोपड़ी के पास से लंबे बाल भी बरामद हुए हैं। इन्हें देखकर पुलिस और स्थानीय लोगों को आशंका है कि कंकाल किसी महिला का हो सकता है। कंकाल



मानव कंकाल मिलने पर बगीचे में लगी भीड़।

की स्थिति देखकर उसके करीब एक साल पुराना होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि, इसकी पुष्टि वैज्ञानिक जांच के बाद ही हो सकेगी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से मिट्टी, बाल और हड्डियों के नमूने एकत्र किए हैं। शुरूआती जांच में घटनास्थल से कोई अन्य स्पष्ट या ठोस साक्ष्य मिलने की बात सामने नहीं आई है। गायघाट थानाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने मानव कंकाल मिलने की पुष्टि की है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों से पिछले एक साल के दौरान लापता हुई महिलाओं और युवतियों की सूची भी खंगाल रही है। ग्रामीणों से भी पूछताछ कर कंकाल की पहचान और घटना से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि कंकाल की पहचान और मौत के कारण का पता वैज्ञानिक जांच तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर लगाया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

थाना परिसर में अब बच्चों को मिलेगा डर से मुक्त एवं सुरक्षित-खुशहाल माहौल

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुजफ्फरपुर पुलिस द्वारा बच्चों को लेकर एक संवेदनशील पहल करते हुए थाना परिसर में बच्चों के लिए विशेष चाइल्ड फ्रेंडली कॉर्नर की शुरूआत की गई है। इस कॉर्नर में बच्चों के मनोरंजन, खेलकूद और रचनात्मक सीखने से संबंधित आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। एसएसपी रेल सह प्रभारी एसएसपी बीना कुमारी नें शुक्रवार को गाँधी जयंती पर नगर के अहियापुर थाना परिसर में ह्यचाइल्ड फ्रेंडली कॉर्नरह्ल का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा की यह पहल बिहार पुलिस के निदेर्शानुसार राज्यभर के सभी थानों में बच्चों के लिए सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण तैयार करने के तहत की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य थाने में आने वाले बच्चों को एक सहज, सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण प्रदान करना है। अक्सर देखा जाता है कि पुलिस स्टेशन के माहौल को लेकर बच्चों के मन में एक अनजाना डर होता है। इस भय को दूर करने और बच्चों के साथ एक सकारात्मक व संवेदनशील संवाद स्थापित करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। चाइल्ड फ्रेंडली कॉर्नर में बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक किताबें, कॉमिक्स, ड्राइंग बुक्स, विभिन्न प्रकार के इनडोर खेल, खिलौने और पहेलियाँ, बच्चों के अनुकूल बैठने की व्यवस्था और रंग-बिरंगी दीवारों से सजाया गया एक विशेष स्थान की सुविधा के माध्यम से पुलिस अधिकारी बच्चों से बेहद दोस्ताना माहौल में बातचीत कर सकेंगे।

एक सप्ताह में दुरुस्त होंगी कांटी मड़वन की जर्जर ग्रामीण सड़कें

विधायक ने अभियंताओं एवं संवेदको को दिया निर्देश



संबंधित अभियंताओं के साथ बैठक करते विधायक अजीत कुमार।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। कांटी विधायक अजीत कुमार ने शनिवार को क्षेत्र की जर्जर ग्रामीण सड़कों के जीर्णोद्धार को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंताओं एवं संवेदकों के साथ बीबीगंज स्थित अपने आवास पर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि क्षेत्र में जर्जर पड़ी उन सभी सड़कों की एक सप्ताह के अंदर मरम्मत कराई जाए, जिनके कारण आम लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सड़कों को मोटरेबल अर्बन आवागमन सुचारू कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मौके पर मौजूद अभियंताओं और संवेदकों ने विधायक को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के अंदर सभी चिह्नित जर्जर सड़कों को मोटरेबल बनाने की कार्रवाई पूरी की जाएगी। विधायक ने नरसंडा चौक से पकड़ी, नरसंडा चौक से मानिकपुर चौक, मुबारकपुर फरदो पुल से मुबारकपुर स्कूल, मुबारकपुर स्कूल से फंसिहरवा चौक, बथनाराम बाईपास सड़क से बथना हाई स्कूल, करजा चट्टी से फंदा तथा कांटी एनएच स्थित दलित बस्ती से ढेमहां होते हुए रामपुर जाने वाली सड़क को उच्च प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

श्री कुमार ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के अंदर सड़कों के जीर्णोद्धार नहीं हुई तो संबंधित अभियंताओं एवं संवेदकों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता धीरेंद्र कुमार, सभी सहायक एवं कनीय अभियंता, संवेदक सीके शाही, राम सोगारथ राय, एसएस कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि तथा संवेदक गुड्डू सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

157वीं गांधी जयंती पर उनके सपनों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। महात्मा गांधी की 157वीं जयंती पर शुक्रवार को गांधी शांति प्रतिष्ठान के तत्वावधान में लंगट सिंह कॉलेज के ऐतिहासिक गांधी उद्यान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं तत्पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इसमें शहर के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकताओं और गांधीजनों ने महात्मा गांधी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्तव्यों के माध्यम से गांधी के योगदान को याद किया गया और गांधी के सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।



सभा के दौरान हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा मे शामिल गाँधी शांति प्रतिष्ठान के पदाधिकारी एबं नगर के गांधीवादी प्रबुद्ध जन।

इस अवसर पर गांधी के प्रिय भजनों का गायन भी हुआ। सर्वधर्म प्रार्थना की अगुवाई गांधी शांति प्रतिष्ठान के संयुक्त सचिव प्रभात कुमार, रामबाबू भक्ता एवं रंजीत मेहता ने की। इस मौके पर मुजफ्फरपुर केंद्र के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए...का सामूहिक गायन हुआ। इसके अलावा शांति गीत भी गाए गए। प्रार्थना के बाद वयोश्रेष्ठ सर्वोदयी एवं गांधी शांति प्रतिष्ठान के संरक्षक लक्षणदेव प्रसाद सिंह ने उपस्थित गांधीजनों को संबोधित करते हुए गांधी के निजी सचिव प्यारे लाल की ऐतिहासिक पुस्तक पूणार्हुति से विभिन्न संदर्भों का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधी ने अपने आखिरी वसीयतनामा में कहा था कि आजादी के बाद लोकतंत्र की जड़ें जितनी गहरी होंगी, नागरिक शक्ति और शासन की शक्ति के बीच टकराव उतना अवश्यंभावी होगा। गांधी की बातें आज देश में सच साबित हो रही हैं।

गांधी अध्येता प्रो प्रमोद कुमार ने कहा कि गांधी का सार्वजनिक जीवन में प्रवेश इसी लंगट सिंह कॉलेज से शुरू होता है, जब चंपारण जाने के लिए वे यहां रुककर आगे के संघर्ष की योजना बनाते हैं। उनके संघर्ष के केंद्र में मध्य वर्ग नहीं होता, बल्कि किसान होते हैं। सिंडिकेट के पूर्व सदस्य डॉ हरेंद्र कुमार ने कहा कि आज विश्वविद्यालय परिसर का माहौल गांधी के विपरीत है। लेकिन, परिस्थितियां जितनी विपरीत होती हैं, गांधी और गांधी के संदर्भ उतने ही मौजूं और दृढ़ होते जाते हैं। लंगट सिंह कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य प्रो एस आर चतुर्वेदी ने कहा कि गांधी में प्रेम और करुणा जैसे तत्व आसमानी शक्ति के रूप में समाहित थे, जिसका उपयोग वे पूरी मानवता के हित में कर रहे थे। समारोह में उपस्थित गांधीजनों ने गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में यह संकल्प लिया कि लोकतंत्र, संविधान एवं सांप्रदायिक सौहार्द की रक्षा के लिए वे अपनी पूरी ताकत से काम करेंगे। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं संविधान प्रदत्त अधिकारों की उपलब्धता के वास्ते लोक चेतना जागृत करने का प्रयास जारी रखेंगे। समारोह का संचालन गांधी शांति प्रतिष्ठान के सचिव अरविंद वरुण ने किया, जबकि कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉ कृष्ण मोहन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में महिला शिल्प कला भवन के प्राचार्य प्रो राकेश कुमार सिंह, प्रो संजय सुमन, प्रो एमएन रजवी, डॉ शिवेंद्र कुमार मौर्य, डॉ खलीकुर रहमान, सोनू सरकार, अनिल शंकर ठाकुर, अच्युतानंद किशोर नवीन, राकेश कुमार, विनय प्रशांत, संजय कुमार मयंक, भूपाल भारती, संजय प्रधान, राधेश्याम सिंह, डॉ श्याम कल्याण पासवान, डॉ शशिकांत पाण्डेय, सुशांत शेखर, संजीव साहू, डॉ दीपक कुमार, अनिल कुमार, विक्रम निषाद, मुकेश कुमार, डॉ प्रदीप कुमार, मुकेश प्रसाद ठाकुर, डॉ आलोक कुमार, राम उदय पासवान, डॉ वेदप्रकाश दुबे, डॉ मणिभूषण कुमार, डॉ गौतम कुमार, डॉ गुंजन कुमार, रूपनारायण सिंह, आकाश कुमार तिवारी आदि शामिल थे।

बैरगनिया में फसल बचाने के लिए बिछाया बिजली का तार बना जानलेवा

तीन ग्रामीणों की मौत, तीन झुलसे

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। अख्ता पश्चिमी चकवा पंचायत के तकिया टोला वार्ड-5 में शनिवार की अहले सुबह धान के खेत में बिछाए गए नंगे बिजली के तार की चपेट में आने से तीन ग्रामीणों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। मृतकों की पहचान सलाम मंसूरी, उनकी पत्नी रुबैदा खातून और हसमत अंसारी के रूप में हुई है। घटना सुबह करीब चार बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, सलाम मंसूरी की भैंस शनिवार रात खूंटा तोड़कर भाग गई थी। उसकी तलाश में सलाम मंसूरी अपनी पत्नी और अन्य ग्रामीणों के साथ निकले थे। घने अंधेरे और भोर के धुंधलके के कारण उन्हें खेत में बिछे करंट प्रवाहित नंगे तार का पता नहीं चला। खेत में प्रवेश करते ही वे करंट की चपेट में आ गए। बचाने के प्रयास में एक



रोते - बिलखते मृतक के परिजन व ग्रामीण।

के बाद एक अन्य लोग भी करंट की चपेट में आ गए। मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई।

चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बैरगनिया पहुंचाया। इनमें दो को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि सैफ अली खान समेत एक अन्य का इलाज किया गया।

खेत में मिले दो जंगली सूअरों के शव : हादसे वाले खेत में दो जंगली सूअरों के शव भी मिले। इससे आशंका जताई जा रही है कि फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेत के चारों ओर नंगे तार बिछाकर उनमें बिजली प्रवाहित की गई थी।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गिरी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस की मौजूदगी में जनाजे के बाद अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने बताया कि आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पुलिस ने कथित रूप से तार बिछाने वाले सुप्पी निवासी इंदल पासवान की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की, लेकिन वह फरार है। पुलिस ने उसके अख्ता पश्चिमी चकवा स्थित बैठका से ट्रैक्टर और बाइक जब्त की है।

वाम मोर्चा ने किया प्रदर्शन, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का फूंका पुतला

सीतामढ़ी (एनएसबी)। वाम मोर्चा ने चुनाव आयोग के खिलाफ शुक्रवार को प्रदर्शन किया। शहीद चंद्रनाथ भवन से मेहसौल चौक तक जुलूस निकाला गया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर वाम मोर्चा कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पूर्व वाम मोर्चा सीतामढ़ी के तत्वावधान में शुक्रवार को मेहसौल चौक स्थित शहीद चंद्रनाथ भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव जयप्रकाश राय ने की। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, प्रेम, भाईचारा, सामाजिक सद्भाव एवं सांप्रदायिक एकता के विचारों को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने अन्याय, शोषण, छुआछूत



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन करते वाम मोर्चा कार्यकर्ता।

और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन को जन आंदोलन का रूप दिया। वक्ताओं ने गांधीजी के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता जताई।

जयप्रकाश राय ने कहा कि गांधीजी का जीवन संघर्ष, त्याग और मानवता के प्रति समर्पण का प्रतीक है। कार्यक्रम में केदार शर्मा, बैद्यनाथ हाथी, शिवशंकर प्रसाद, सीपीएम नेता देवेंद्र प्रसाद यादव, विश्वनाथन बुंदेला, भाकपा माले नेता नेयाज सिद्दीकी, दिगंबर ठाकुर, मदन राय, सुरेश बैठा, शिव कुमार, नवीन कुमार, लक्ष्मी ठाकुर, रविशंकर ठाकुर, मो. नूरैन, गणेश राम, सोनू कुमार, संतोष पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

बैरगनिया के राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई गांधी और शास्त्री की जयंती

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक श्यामबाबू पाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन, विचारों एवं देश के प्रति योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के संदेश को जीवन में अपनाने की अपील की। वहीं लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, ईमानदारी, देशभक्ति एवं कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए उनके प्रसिद्ध नारे ह्जय जवान, जय किसानह्न के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर शिक्षक राजीव कुमार, दीनानाथ कुमार, ललन पासवान, संतोष कुमार, निलेश मिश्रा, नरेंद्र आर्या, रामाशंकर कुमार, शिक्षिका शिवानी ठाकुर, लिपिक आनंद कुमार, आदित्य कुमार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



जयंती कार्यक्रम में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को नमन करतीं छात्राएं।

एसआईआर पूरा कर चुके राज्यों में फॉर्म-6 से हटाया गया अतिरिक्त घोषणा-पत्र

सीतामढ़ी (एनएसबी)। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। 26 सितंबर 2026 को हुई आयोग की पूर्ण बैठक में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) पूरा कर चुके राज्यों में फॉर्म-6 के साथ भरे जाने वाले अतिरिक्त घोषणा-पत्र को हटाने का निर्णय लिया गया। अब इन राज्यों में नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए केवल पंजीकरण निर्वाचक नियम, 1960 के तहत निर्धारित फॉर्म-6 भरना होगा। पूर्व में फॉर्म-6 के साथ यह घोषणा भी ली जाती थी कि आवेदक अथवा उसके माता-पिता या दादा-दादी का नाम पूर्व एसआईआर के दौरान तैयार मतदाता सूची में दर्ज था या नहीं। अब अलग से घोषणा-पत्र देना आवश्यक नहीं होगा। हालांकि, जिन राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया जारी है, वहां फॉर्म-6 के साथ अतिरिक्त घोषणा-पत्र की व्यवस्था लागू रहेगी। यह घोषणा-पत्र ईसीआई नेट पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। जिला प्रशासन ने पात्र नागरिकों से निर्धारित प्रक्रिया एवं प्रपत्र के माध्यम से ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने अथवा आवश्यक संशोधन कराने की अपील की है।

स्मार्ट सिटी में जलजमाव व अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल स्मृति समारोह समिति, मुजफ्फरपुर के संस्थापक सचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार शुक्ला ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को ई-मेल भेजकर मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में जलजमाव एवं कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले में आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में श्री शुक्ला ने बताया कि 2 अक्टूबर को नवयुवक समिति सभागार में महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, अमर क्रांतिकारी योगेंद्र शुक्ल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. ललितेश्वर प्रसाद शाही की संयुक्त जयंती समारोह के दौरान स्मार्ट सिटी परियोजनाओं से जुड़ी समस्याओं पर परिचर्चा हुई। समिति के अनुसार, परिचर्चा में शहर में जलजमाव तथा विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर वक्ताओं ने सवाल उठाए और योजनाओं के अपेक्षित लाभ की समीक्षा की आवश्यकता जताई। पत्र के अनुसार, समिति ने संबंधित अधिकारियों को दो बार कानूनी नोटिस भेजे, लेकिन अपेक्षित जवाब नहीं मिलने पर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने की तैयारी की गई। इसी बीच जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय में दायर आवेदन पर परिवाद दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है। 10 अक्टूबर 2026 को दोनों पक्षों को साक्ष्य एवं अभिलेख के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। समिति ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि सुनवाई की सूचना नगर निगम के महापौर, उप-महापौर, पार्षदों, संबंधित विधायकों, सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को जिला प्रशासन के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जाए। पत्र में अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल बस स्टैंड निर्माण से संबंधित कथित अनियमितताओं का भी उल्लेख करते हुए मामले में आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।



वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार शुक्ला ने मुख्यमंत्री को भेजा ई-मेल

सीता कुंज नगर उद्यान के सौंदर्यीकरण पर बैठक

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सीता कुंज नगर उद्यान की सुव्यवस्था, रख-रखाव एवं सौंदर्यीकरण को लेकर नगर उद्यान समिति की कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को पार्क के संस्थापक स्व. टीके चटर्जी के आवासीय कक्ष में हुई। अध्यक्षता समिति के सचिव प्रमोद कुमार नील ने की। बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष संजय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रेणु चटर्जी, नागेंद्र प्रसाद सिंह, मो. अफाक खान, रकटू प्रसाद, डॉ. प्रतिमा आनंद, दीपक मस्कारा सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में उद्यान के पदेन अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में प्रस्तावित बैठक के एजेंडे पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यकारिणी के प्रतिनिधियों ने जिला पदाधिकारी के साथ पार्क की व्यवस्था एवं विकास को लेकर हुए संवाद की जानकारी सदस्यों को दी। सदस्यों ने उद्यान के नियमित रख-रखाव, साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. प्रतिमा शाह ने उद्यान के विकास को लेकर रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में प्रस्तावित जिला पदाधिकारी की बैठक के दौरान इन बिंदुओं को प्रमुखता से रखने पर सहमति बनी।

कायाकल्प अभियान की जिलाधिकारी ने की समीक्षा, समयबद्ध क्रियान्वयन का निर्देश

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में शनिवार को विमर्श सभा कक्ष में कायाकल्प अभियान के तहत जिले में संचालित कार्यों एवं अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान योजनाओं के चयन, विभागवार प्रगति, पोर्टल पर प्रविष्टि, आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि कायाकल्प अभियान 17 सितंबर 2026 से मार्च 2027 तक संचालित होगा। अभियान के तहत प्रत्येक पंचायत से 15 योजनाओं का चयन किया जाना है। जिलाधिकारी ने दीपावली से पूर्व सभी स्वास्थ्य संस्थानों में रंग-रोगन, आवश्यक मरम्मत, साफ-सफाई एवं अन्य छोटे ढांचागत सुधार प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि मरीजों एवं परिजनों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण



कायाकल्प अभियान के तहत संचालित कार्यों एवं अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते जिलाधिकारी।

मिल सके। उन्होंने चयनित योजनाओं की पोर्टल पर समयबद्ध प्रविष्टि तथा नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने को कहा। विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन और नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने को कहा गया। डीएम ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल मरम्मत तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत एवं जनोपयोगी परिसंपत्तियों को मजबूत करने के साथ आवश्यकतानुसार नई परिसंपत्तियों का निर्माण भी करना है। विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। योजनाओं के चयन में स्थानीय आवश्यकता, जनहित एवं उपयोगिता को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीडीसी श्वेता भारती, सिविल सर्जन डॉ. आरके यादव सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे।

समयबद्ध कार्य निष्पादन पर डीएम का जोर, बाल विवाह उन्मूलन टास्क फोर्स की बैठक शीघ्र कराने का निर्देश

सीतामढ़ी (एनएसबी)। समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में बाल संरक्षण एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को किसी कार्य के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। संबंधित अधिकारी एवं कर्मी अपने स्तर से मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें।

बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जीवन प्रमाणीकरण, यूडीआईडी शिविर, बैटरी चालित ट्राईसाइकिल, कबीर अंत्येष्टि योजना एवं सहयोग शिविर की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने तथा यूडीआईडी शिविर में अधिक से अधिक दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बाल संरक्षण की समीक्षा के दौरान डीएम ने अनाथ एवं जरूरतमंद बच्चों की पहचान कर उन्हें परवरिश योजना से जोड़ने को कहा। बालिकाओं के अल्प प्रवासन से संबंधित समस्याओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में रह रहे बच्चों की दत्तक ग्रहण प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित प्रक्रियाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया।

बाल विवाह उन्मूलन की समीक्षा के दौरान डीएम ने बाल विवाह उन्मूलन टास्क फोर्स की बैठक शीघ्र कराने के लिए आवश्यक फाइल बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई पर जोर दिया।

बैठक में डीडीसी श्वेता भारती, एडीसीपी -सह- एडीएसएस लाल कृष्ण राय सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी बीडीओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे।

सीतामढ़ी के सभी थाना परिसरों में चाइल्ड हेल्प डेस्क-चाइल्ड कार्नर का हुआ शुभारंभ

महिला थाना में एसपी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। गांधी जयंती के अवसर पर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एसपी के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना परिसरों में चाइल्ड हेल्प डेस्क/चाइल्ड कॉर्नर शुरू किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए थानों में सुरक्षित, सहज और बालमित्रवत वातावरण उपलब्ध कराना है।

यहां बच्चे अपनी समस्याएं और शिकायतें बिना झिझक रख सकेंगे। बाल शोषण, हिंसा, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, गुमशुदगी समेत बच्चों से संबंधित मामलों में आवश्यक सहायता, मार्गदर्शन और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डेस्क का संचालन संबंधित बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में होगा। बालिकाओं की समस्याओं के लिए महिला पुलिसकर्मी अथवा महिला कर्मी की भी व्यवस्था की गई है।



महिला थाना परिसर में चाइल्ड हेल्प डेस्क का शुभारंभ करते एसपी व अन्य।

इसी क्रम में एसपी ने महिला थाना परिसर में फीता काटकर चाइल्ड हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। उन्होंने उपस्थित बालक-बालिकाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना 400 जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग वितरित

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में अक्टूबर माह के शनिवार के अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर सदस्यों, लायंस क्लब सीतामढ़ी सेंट्रल के सदस्यों एवं उपस्थित मां भक्तों ने परम मंगलमयी माता श्री की पूजा कर मां भक्तों के कल्याण की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद माता श्री को खिचड़ी भोग लगाया गया। इसके पश्चात लगभग 400 जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। लायंस क्लब सीतामढ़ी सेंट्रल के सदस्यों ने भोजन सहायता पखवाड़ा के अंतर्गत माता श्री के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा की।

एसडीएम गौरव कुमार समेत कुल 36 रक्तदानियों ने किया जिले के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ रक्तदान

विद्युत कार्यपालक अभियंता समेत आधा दर्जन विद्युत कर्मियों ने भी किया रक्तदान

पुपरी/सीतामढ़ी (एनएसबी)। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, उप जिला शाखाः- पुपरी के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय डाकबंगला परिसर में जिले के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम, पुपरी गौरव कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता मो. नबील अंसारी समेत कुल 36 रक्तदानियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की एक अद्भुत मिसाल कायम कर दिया। रक्त केंद्र, सदर अस्पताल, सीतामढ़ी में रक्त की कमी को देखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया था। एक दर्जन रक्तदानियों ने जीवन का प्रथम रक्तदान किया और रक्तदान कर काफी प्रसन्न दिखे। रक्तदाता समूह, बाजपट्टी के रक्तदानी भी शिविर में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिये।

रक्तदानियों का उत्साहवर्धन करते हुये एसडीएम, पुपरी गौरव कुमार, विधुत कार्यपालक अभियंता मो नबील अंसारी एवं उपस्थित अन्य अतिथियों ने सभी रक्तदानियों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित व प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने मौके पर कहा कि पुपरी रक्तदानियों की भूमि है और यहाँ के युवा प्रशंसा के पात्र हैं जो सामाजिक सरोकार से जुड़े क्रियाकलापों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया करते हैं। हर स्वस्थ मनुष्य को नियमित रूप से रक्तदान करते रहना चाहिये ताकि पीड़ित मानवता की निःस्वार्थ भाव से सेवा की जा सके। शिविर का संचालन कर रहे रेडक्रॉस पुपरी शाखा के सचिव अतुल कुमार ने कहा कि पुपरी अनुमंडल क्षेत्र में रक्तदान जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का



रक्तदान करते एसडीएम व उपस्थित रेडक्रॉस प्रतिनिधि।

आयोजन किया जाता है ताकि आमजनों विशेषकर ग्रामीण इलाकों में रक्तदान को ले व्याप्त भ्रांतियां दूर हो सके। शिविर में रक्त संग्रह का कार्य रक्त केंद्र, सदर अस्पताल, सीतामढ़ी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित प्रकाश, एलटी मो. तनवीर जकी, विकास कुमार पंडित एवं काउंसलर अमित कुमार कर्ण ने किया।

इस अवसर पर पुपरी अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ कफील अख्तर अंसारी, रणजीत कुमार, आशुतोष कुमार, मो शाकिर हुसैन, रक्तदाता समूह, बाजपट्टी के संस्थापक अभिषेक कुमार, पुपरी पेज के एडमिन नवीन नयन, पूर्व मुखिया मो. इसरारुल हक पप्पू, राकेश रंजन, अमरेन्द्र पांडेय, पंकज बाजोरिया, मो मोतिउर रहमान, मनोरंजन प्रतिहस्त मन्नू, विनोद कुशवाहा, बबलू राम, सुधीर मल्लिक आदि भी रक्तदानियों के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित थे।

निर्वाचित हुआ तो पूरा वेतन शिक्षक केयर फंड में दूंगा : भूषण कुमार झा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार भूषण कुमार झा ने प्रेस वार्ता कर कहा कि वर्ष 2019 से उनके द्वारा संचालित शिक्षक केयर फंड का उद्देश्य शिक्षक की घटना, दुर्घटना एवं प्राकृतिक आपदा की स्थिति में आर्थिक सहयोग करना है। उन्होंने घोषणा की कि निर्वाचित होने पर वे अपना पूरा वेतन शिक्षक केयर फंड में दान करेंगे। उन्होंने इसे तिरहुत शिक्षक क्षेत्र के लिए देश में एक अनोखी पहल बताया।

डुमरा स्थित गुरूकल कॉलेज में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में भूषण कुमार झा ने कहा कि विकास कार्यों के लिए मिलने वाली सालाना चार करोड़ रुपये की राशि को 40 विद्यालयों में 10-10 लाख रुपये के हिसाब से दिया जाएगा। विद्यालयों में शिक्षकों का समूह बनाकर विकास कार्य कराया जाएगा और



प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार भूषण कुमार झा व अन्य।

किसी ठेकेदार को ठेकेदारी नहीं दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि विभिन्न कोटि के शिक्षकों को एक कोटि में लाना और एक समान वेतनमान लागू कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान और उनके सम्मान की रक्षा उनके एजेंडे में प्रमुख रूप से शामिल है।

चुनावी मैदान में मौजूद अन्य उम्मीदवारों पर निशाना साधते हुए झा ने आरोप लगाया कि कुछ उम्मीदवारों को शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की भूमिका, दायित्व और कर्तव्य की समुचित जानकारी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने शिक्षक प्रतिनिधित्व को व्यवसाय और परिवार के पालन-पोषण का साधन बना लिया तथा शिक्षकों को मिलने वाली सुविधाओं से जुड़े फंड के उपयोग पर भी सवाल उठाए।

झा ने तिरहुत शिक्षक क्षेत्र का लंबे समय तक प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इतने लंबे कार्यकाल के बावजूद विद्यालयों में शुद्ध पेयजल, बेहतर वॉशरूम और शिक्षकों के बैठने की व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं के लिए शिकायत पेटी तक नहीं लगाए जाने का भी मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा गठबंधन की सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2006 में शिक्षक के मूल कैडर को समाप्त किया गया और शिक्षक का वेतनमान छह हजार रुपये से शुरू किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि उस समय शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में सदन में मौजूद लोगों ने इस मुद्दे पर क्या आवाज उठाई। उन्होंने शिक्षकों की योग्यता विस्तार, मेडिकल सुविधा, सीसीएल तथा एरियर भुगतान से संबंधित कथित सेवा शुल्क और प्रतिशत की मांग के आरोपों को भी उठाया और प्रतिनिधियों की भूमिका पर सवाल खड़े किए। प्रेस वार्ता में एबीएस कॉलेज लालगंज के अवकाश प्राप्त प्राचार्य प्रो. अश्वनी कुमार सिंह, लक्ष्मी किशोरी उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार सिंह, प्रो. गौहर सिद्दीकी, मो. अरमान अली, मो. अजमल, जितेन्द्र माधव, राजेंद्र कुमार, अंजुम रजा, राजीव कुमार पांडेय, मो. जमीरूद्दीन, अमरेन्द्र कुमार, निर्भय कुमार सिंह, मो. मुख्तार अंसारी, सुभाष झा, राज कुमार ठाकुर, दिनेश कुमार समेत दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

सम्पादकीय

जनविश्वास की कसौटी पर चुनाव व्यवस्था

चुनाव केवल राजनीतिक सत्ता के गठन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों के लोकतांत्रिक विश्वास की अभिव्यक्ति है। इसलिए चुनाव के दौरान या उसके बाद यदि मतदाता सूची, मतदान प्रक्रिया, मतों की गणना, आंकड़ों की पारदर्शिता अथवा चुनावी प्रशासन को लेकर कोई सवाल उठता है, तो उसका महत्व केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रह जाता। ऐसे प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर देना लोकतांत्रिक संस्थाओं और पूरी चुनाव व्यवस्था के लिए आवश्यक है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चुनाव पर उठने वाले सवालों को न तो बिना जांचे सच मान लेना उचित है और न ही हर सवाल को राजनीतिक दुर्भावना कहकर खारिज कर देना। लोकतंत्र में प्रश्न पूछना नागरिक का अधिकार है और प्रमाण के आधार पर उनका परीक्षण करना संस्थाओं की जिम्मेदारी। जनविश्वास किसी एक बयान से नहीं बनताय वह लगातार पारदर्शी प्रक्रिया, स्पष्ट सूचना और शिकायतों के निष्पक्ष समाधान से निर्मित होता है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के संदर्भ में निर्वाचन आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार राज्य में मतदान का अंतिम प्रावधिक आंकड़ा अलग-अलग चरणों में अद्यतन हुआ और आयोग ने कुल मतदान को ऐतिहासिक रूप से ऊंचा बताया। आयोग की 12 नवंबर 2025 की विज्ञप्ति में 67.13 प्रतिशत मतदान का प्रावधिक आंकड़ा दिया गया था। साथ ही आयोग ने 90,740 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग और जांच के बाद पुनर्मतदान की सिफारिश न होने की जानकारी दी थी। ये आधिकारिक दावे चुनावी प्रक्रिया की एक तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, लेकिन जनविश्वास का प्रश्न केवल आंकड़ों से समाप्त नहीं होता। लोकतंत्र में संस्थाओं की विश्वसनीयता इस बात से भी तय होती है कि वे असहमति और संदेह के प्रश्नों का सामना किस तरह करती हैं।

चुनावी प्रक्रिया की पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी मतदाता सूची है। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में नहीं है या किसी अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल होने का आरोप है, तो उसका सीधा संबंध मताधिकार से जुड़ता है। बिहार में 2025 में विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया। निर्वाचन आयोग के अनुसार 24 जून से 30 सितंबर 2025 तक चले इस अभियान में लगभग 7.89 करोड़ मतदाताओं के आधार आंकड़े से प्रक्रिया शुरू हुई, लगभग 65 लाख नाम ड्राफ्ट सूची से हटे, 21.53 लाख पात्र मतदाताओं को जोड़ा गया और अंतिम सूची में लगभग 7.42 करोड़ मतदाता रहे। आयोग ने यह भी कहा कि राजनीतिक दलों को संबंधित सूचियां और दावे-आपत्तियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

यहां दो बातें साथ-साथ समझना जरूरी है। पहली, मतदाता सूची का नियमित पुनरीक्षण चुनाव व्यवस्था का आवश्यक हिस्सा है। दूसरी, इतनी बड़ी संख्या में नामों में परिवर्तन होने वाली प्रक्रिया में यह सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है कि कोई पात्र नागरिक अनजाने में अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। यही कारण है कि चुनावी सुधार का सही रास्ता आरोप और प्रत्यारोप नहीं, बल्कि दावे, आपत्तियां, सुनवाई और अपील की पारदर्शी व्यवस्था है। निर्वाचन आयोग ने बताया था कि अंतिम मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि से असंतुष्ट व्यक्ति के लिए निर्धारित अपील व्यवस्था उपलब्ध है। चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों और नागरिक संगठनों की ओर से अनेक प्रकार के सवाल उठ सकते हैं। इनमें मतदाता सूची, मतदान प्रतिशत, बूथ प्रबंधन, मशीनों की सुरक्षा, मतदान केंद्रों की व्यवस्था और मतगणना जैसी बातें शामिल हो सकती हैं। लेकिन किसी भी आरोप को तथ्य मान लेने से पहले प्रमाण की आवश्यकता होती है। इसी तरह किसी गंभीर शिकायत को केवल इसलिए नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि वह किसी राजनीतिक पक्ष की ओर से उठाई गई है।

यदि किसी मतदान केंद्र पर अनियमितता की शिकायत है तो संबंधित रिकॉर्ड, मतदान एजेंटों की रिपोर्ट, उपलब्ध दस्तावेज और निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से उसकी जांच होनी चाहिए। यदि मतदाता सूची पर सवाल है तो नामवार और क्षेत्रवार सत्यापन संभव होना चाहिए। यदि मतदान प्रतिशत के आंकड़ों को लेकर भ्रम है तो आंकड़ों के स्रोत, समय और अंतिम सत्यापन की स्थिति सार्वजनिक रूप से स्पष्ट होनी चाहिए। इसी प्रक्रिया से लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता मजबूत होती है। चुनाव के समय मतदान प्रतिशत का आंकड़ा जनता और मीडिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। लेकिन प्रारंभिक मतदान प्रतिशत और अंतिम सत्यापित आंकड़े में अंतर हो सकता है। निर्वाचन आयोग स्वयं बताता है कि मतदान के दौरान अलग-अलग समय पर अनुमानित प्रतिशत दर्ज किया जाता है और मतदान समाप्त होने के बाद विस्तृत तथा बहु-स्तरीय सत्यापन की प्रक्रिया होती है।

महिला सुरक्षा : कानून के कागज और सड़क की सच्चाई !



रजनीश कपूर ।

भारत में महिलाओं के विरुद्ध अपराध कोई नई त्रासदी नहीं है। यह एक पुरानी बीमारी है जो हर कुछ वर्षों में किसी न किसी जघन्य घटना से राष्ट्र की अंतरात्मा को झकझोर देती है, फिर नारे लगते हैं, कानून सख्त होते हैं और कुछ महीनों बाद वही चक्र लौट आता है।

एनसीआरबी के ताजा आँकड़े 2024 में महिलाओं के विरुद्ध दर्ज अपराधों में मामूली 1.5 प्रतिशत गिरावट दिखाते हैं, यानी करीब 4.41 लाख मामले। संख्या में यह 'गिरावट' सांत्वना नहीं देती। इसका अर्थ है कि अभी भी लगभग हर 71 सेकंड में एक मामला सामने आता है। आंकड़ों के अनुसार 2024 में भारत में बलात्कार के 29,536 मामले दर्ज हुए। महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों में दिल्ली महानगरों में सबसे आगे है। आँकड़े गिरें या न गिरें, ये लेकिन सड़क, घर, अस्पताल और पार्क महिलाओं के लिए अभी भी सुरक्षित नहीं हैं।

ऐसे में पुरानी स्मृतियाँ आज भी ताजा हैं। दिसंबर 2012 का निर्भया कांड देश की उस पीढ़ी की चेतना का हिस्सा बन गया जिसके विरोध प्रदर्शन के बाद कानून बदले, फास्ट ट्रैक अदालतें बनीं, निर्भया कोष बना, सजाएँ कठोर हुईं। फिर भी 2017 का उन्नाव मामला याद दिलाता है कि जब आरोपी सत्ता के निकट हो तो पीड़िता का परिवार कैसे टूटता है, सबूत कैसे कमजोर पड़ते हैं और न्याय कितना लंबा खिंचता है। 2020 का हाथरस कांड जाति, पुलिस की लापरवाही और शव के अंतिम संस्कार को लेकर उठे सवालों से भरा रहा। ये मामले सिर्फ अपराध नहीं थे, ये राज्य की मशीनरी की विश्वसनीयता की परीक्षा थे।

वहीं नए मामले पुरानी कहानी दोहराते हैं। अगस्त 2024 में कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ड्यूटी के बाद आराम कर रही युवा डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या ने पूरे चिकित्सा समुदाय को सड़कों पर ला दिया। एफआईआर में देरी, सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप, अस्पताल प्रशासन की कथित लीपापोती और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप ने जांच को और जटिल बना दिया। उच्च न्यायालय को जांच सीबीआई को सौंपनी पड़ी, सर्वोच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना पड़ा। जून 2026 में बिहार के बेगूसराय में एक महिला पर उसी के घर में बर्बर हमला हुआ। सितंबर 2026 में दिल्ली के कालकाजी मंदिर के पास युवकों ने पुलिस होने का नाटक कर किशोरी से दुष्कर्म किया। उसी माह राजधानी में कई नाबालिगों से जुड़े मामले भी सामने आए। बिजनौर थाने में न्याय न मिलने की पीड़ा में एक युवती ने खुद को आग लगा ली। ये घटनाएँ अलग-अलग राज्यों की हैं, पर इनका पैटर्न एक हैं। देरी, दबाव और पीड़िता का अकेला पड़ जाना।

उल्लेखनीय है कि इन मामलों में सबसे बड़ा अवरोध राजनीतिक हस्तक्षेप है। जब आरोपी किसी दल का कार्यकर्ता, विधायक या स्थानीय दबंग हो, तो पीड़िता द्वारा थाने में एफआईआर लिखवाना ही संघर्ष बन जाता है। गवाह मुकर जाते हैं, परिवार को समझौते का दबाव पड़ता है और मीडिया का शोर थमते ही फाइलें ठंडी पड़ जाती हैं। उन्नाव इसका जीवंत उदाहरण रहा। आरजी कर मामले में भी राज्य पुलिस की विश्वसनीयता पर अदालतों ने सवाल उठाए। राजनीति अपराध को 'कानून-व्यवस्था बनाम विपक्ष' के द्वंद्व में बदल देती है। पीड़िता केंद्र से हट जाती है, सत्ता का बचाव या हमला मुख्य कथानक बन जाता है। पुलिस स्वतंत्र एजेंसी नहीं रह पाती, वह सत्ता की छाया में काम करती दिखती है। जब तक अन्वेषण राजनीतिक रूप से 'सुविधाजनक' नहीं होता, निष्पक्षता संदिग्ध रहती है।

> भारत कानूनों की कमी से नहीं, उनके ईमानदार क्रियान्वयन की कमी से जूझ रहा है। दुनिया में कई ऐसे कई देश हैं जहाँ महिलाओं के प्रति अपराध पर कड़ी से कड़ी सजा दी जाती है जिससे उन देशों ऐसे अपराध नहीं होते। जब तक पुलिस राजनीति से मुक्त नहीं होगी और अदालतें वर्षों का इंतजार नहीं मिटाएँगी, अपराधी यह संदेश पाते रहेंगे कि शोर कुछ दिन का है, सजा अनिश्चित है।

दूसरा बड़ा अवरोध न्यायिक प्रक्रिया की मंद गति है। बलात्कार के मामलों में अदालतों में लंबितता करीब 90 प्रतिशत रही है। 2024 में हजारों मुकदमों में से केवल एक छोटे हिस्से का ही निपटारा हुआ, दोषसिद्धि दर पूर्ण हुए मुकदमों में भी लगभग एक-चौथाई के आसपास बताई गई। फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें कागज पर तो तेज हैं, पर देश भर में बलात्कार और पॉक्सो के ढाई लाख से अधिक मामले लंबित बताए गए हैं। कई राज्यों में इन अदालतों की दोषसिद्धि दर चिंताजनक रूप से कम है। पीड़िता सालों तक अदालत के चक्कर काटती है, गवाह थक जाते हैं, सबूत कमजोर पड़ते हैं।

'जस्टिस डिलेयड इज जस्टिस डेनियड' यह महज एक मुहावरा नहीं, रोजमर्रा की सच्चाई है। कठोर सजा का डर तभी काम करता है जब सजा समय पर और निश्चित लगे। अनिश्चितता अपराधी को हिम्मत देती है। इसका समाधान नारे से नहीं, व्यवस्था से आएगा।

पहला कदम पुलिस की स्वायत्तता और जवाबदेही है। महिलाओं के विरुद्ध गंभीर अपराधों में एफआईआर दर्ज करने में देरी को स्वयं दंडनीय लापरवाही माना जाए। जिला स्तर पर स्वतंत्र पर्यवेक्षण और सीसीटीवी, फरेंसिक व डिजिटल साक्ष्य की अनिवार्य समयबद्धता जरूरी हो।

दूसरा, अन्वेषण राजनीतिक नियंत्रण से बाहर हो। संवेदनशील मामलों में राज्य के बाहर की एजेंसी या विशेष स्वतंत्र इकाई तभी नहीं बुलाई जाए जब सड़कें गर्म हों, बल्कि मानक प्रक्रिया बने।

तीसरा, फास्ट ट्रैक अदालतों को वास्तव में तेज बनाने के लिए न्यायाधीश, अभियोजक और फरेंसिक क्षमता भी बढ़े। एक साल की वैधानिक समय-सीमा कागज पर न रहे।

चौथा, पीड़िता संरक्षण पर भी जोर दिया जाएय सुरक्षित आवास, कानूनी सहायता, गवाह सुरक्षा और मुआवजा आदि मुकदमे के अंत तक सुनिश्चित हो, ताकि वो पारिवारिक समझौते या दबंगई के आगे न झुके।

शिक्षा और सामाजिक बदलाव की एक लंबी दौड़ है, पर तत्काल जरूरत निवारक दंड की निश्चितता की है। सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों, परिवहन और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निगरानी को औपचारिकता न बनाया जाए। पुरुषों के समाजीकरण, घर, स्कूल और कार्यस्थल पर सहमति, गरिमा और जवाबदेही को नीति का हिस्सा बनाना होगा। राजनीतिक दल महिलाओं की सुरक्षा को चुनावी भाषण तक सीमित न रखें। किसी भी दल के नेता पर आरोप हो तो उसी कठोरता से कार्रवाई दिखे, जिससे जनता विश्वास करे कि कानून सबके लिए एक है।

भारत कानूनों की कमी से नहीं, उनके ईमानदार क्रियान्वयन की कमी से जूझ रहा है। दुनिया में कई ऐसे कई देश हैं जहाँ महिलाओं के प्रति अपराध पर कड़ी से कड़ी सजा दी जाती है जिससे उन देशों ऐसे अपराध नहीं होते। जब तक पुलिस राजनीति से मुक्त नहीं होगी और अदालतें वर्षों का इंतजार नहीं मिटाएँगी, अपराधी यह संदेश पाते रहेंगे कि शोर कुछ दिन का है, सजा अनिश्चित है। महिलाओं की सुरक्षा राष्ट्र की परीक्षा है। इसे और विफल नहीं होना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

सैमसंग ने गैलेक्सी टैब एस12 सीरीज की कीमत और खास ऑफर्स पेश किए

पटना (दैनिक नवसंदेश) । सैमसंग ने बताया कि उसकी गैलेक्सी टैब एस12 सीरीज 7 अक्टूबर से भारत में उपलब्ध होगी।

ग्रे और सिल्वर रंगों में आने वाले गैलेक्सी टैब एस 12 अल्ट्रा और टैब एस 12 प्लस सैमसंग का अब तक का सबसे सक्षम और वर्सेटाइल टैबलेट एक्सपीरियंस देते हैं। इनमें अल्ट्रा-थिन डिजाइन के साथ नए स्तर की परफार्मेंस, लंबी बैटरी लाइफ और लेटेस्ट गैलेक्सी एआई मिलता है।

गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा और टैब 12 प्लस में बड़े डायनैमिक एमोलेड 2 एक्स डिस्प्ले हैं, जिनकी पीक ब्राइटनेस 1600 निट्स तक जाती है। इसके अलावा इन टैब्स



का विजन बूस्टर फीचर रियल टाइम में ब्राइटनेस एडजस्ट करता है, ताकि हर तरह की रोशनी में विजुअल चटख दिखें और देखने में आराम रहे।

14.6-इंच वाले अल्ट्रा और 12. 6-इंच वाले प्लस मॉडल में यूजर्स मल्टी विंडो लेआउट में स्क्रीन को तीन हिस्सों में बांटकर आसानी से मल्टीटास्किंग कर सकते हैं। जैसे, वे एक साथ लेक्चर स्ट्रीम कर सकते हैं, एआई असिस्टेंट इस्तेमाल कर सकते हैं और सैमसंग नोट्स में नोट्स ले सकते हैं।

सिर्फ 5.1 एमएम पतला गैलेक्सी टैब 12 अल्ट्रा सैमसंग का अब तक का सबसे पतला गैलेक्सी टैब है, जबकि 5. 3 एमएम का गैलेक्सी टैब एस12 प्लस भी लगभग उतना ही पतला है। दोनों डिवाइस में कम बिजली खपत वाला 3 एनएम प्रोसेसर है, जो पिछले मॉडल के मुकाबले 61 प्रतिशत तेज एनपीयू प्रोसेसिंग, 19 प्रतिशत तेज सीपीयू परफर्मेंस और 17 प्रतिशत बेहतर जीपीयू पावर देता है। इससे क्रिएटिव प्रोजेक्ट रेंडर करने या लेक्चर और नोट्स के साथ मल्टीटास्किंग जैसे भारी कामों में भी परफार्मेंस स्मूद रहती है।

ऑल-डे बैटरी अल्ट्रा में 23 घंटे तक (1) और प्लस में 21 घंटे तक चलती है।

'तपती धूप में जिन्दगी' के लिए सतीश सिंह को आशीर्वाद मूल साहित्यिक कृति पुरस्कार

मुंबई (दैनिक नवसंदेश)। वरिष्ठ आर्थिक एवं बैंकिंग स्तंभकार तथा साहित्यकार सतीश सिंह को उनके कहानी-संग्रह 'तपती धूप में जिन्दगी' के लिए 'आशीर्वाद मूल साहित्यिक कृति पुरस्कार2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 34वें आशीर्वाद भाषा-सेतु पुरस्कार समारोह में मंगलवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई, पवई के पीसी सक्सेना सभागार में प्रदान किया गया।

मंजुल पब्लिशिंग हाउस, भोपाल से प्रकाशित इस संग्रह की 25 कहानियाँ जीवन-संघर्ष, मानवीय रिश्तों और सामाजिक यथार्थ के विविध रंग सामने लाती हैं। इनमें कठिन परिस्थितियों से जूझते आम लोगों की पीड़ा के साथ उनकी जिजीविषा भी है। रिश्तों की ऊष्मा और विपरीत हालात में बची रहने वाली उम्मीद इन कहानियों को संवेदना देती है।

समारोह के प्रथम सत्र में 'अपनी भाषा, अपना गौरव' विषय पर आयोजित परिचर्चा में भी सतीश सिंह ने अपने विचार रखे। उन्होंने मातृभाषा में शिक्षा से व्यक्तित्व के विकास, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय स्वाभिमान में भाषा की भूमिका पर चर्चा की। साथ ही डिजिटल युग और वैश्वीकरण के दौर में भारतीय भाषाओं के लिए खुल रही संभावनाओं की ओर ध्यान दिलाया।

समारोह में अभिनेता विद्युत जामवाल, पद्मश्री सीमा घोष, संगीतकार कुलदीप सिंह, शायर एवं गीतकार राजेश रेड्डी, आईआईटी मुंबई के निदेशक प्रो. शिरीष केदारे, वरिष्ठ फिल्म निर्देशक रमेश तलवार, अभिनेता विष्णु शर्मा एवं अशोक बंथिया, वरिष्ठ पत्रकार विमल मिश्र, अभिनेत्री उषा नाडकर्णी, आईआईएम मुंबई के डीन प्रो. निखिल मेहता, आईआईटी मुंबई के संयुक्त कुलसचिव चिंतामणि जोगलेकर और मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के अध्यक्ष आदित्य दुबे उपस्थित थे। आशीर्वाद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, निदेशक नीता वाजपेयी, सांस्कृतिक सचिव राजेश विक्रांत तथा संस्था के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



34वें आशीर्वाद भाषा-सेतु पुरस्कार समारोह में मंगलवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई, पवई के पीसी सक्सेना सभागार में प्रदान किया गया।

भारतीय स्टेट बैंक के कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई में सहायक महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत सतीश सिंह करीब 36 वर्षों से लेखन में सक्रिय हैं। आर्थिक, बैंकिंग और सामाजिक विषयों पर उनके 2500 से अधिक आलेख प्रकाशित हो चुके हैं। साहित्य की विभिन्न विधाओं में उन्होंने 7 दर्जन से अधिक कहानियाँ और 500 से अधिक कविताएँ एवं गजलें लिखी हैं। उनकी 5 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और उनके लिखे गीतों के 7 संगीत एल्बम जारी हो चुके हैं। बैंकिंग का अनुभव, पत्रकारिता की तथ्यपरक दृष्टि और साहित्य की मानवीय संवेदना उनके लेखन में साथ दिखाई देती हैं।

इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत : मेरी जिंदगी का सबसे बेहतरीन फैसला था शादी

शादी या सिंगल रहने की चर्चा पर अनिल कपूर ने कही दिल की बात

मुंबई (दैनिक नवसंदेश)। क्या एक रिश्ते को उम्र भर निभाने के लिए शादी जरूरी है और यदि कोई सिंगल रहकर खुश है, तो क्या उसे शादी करनी ही चाहिए, स्टार प्लस के इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत - द अनिल कपूर शो के आगामी एपिसोड में प्यार, रिश्तों और शादी को लेकर ऐसी ही दिलचस्प बातचीत देखने को मिलेगी। पहेलियों के बीच जब प्रतिभागी अपनी जिंदगी के किस्से साझा करते हैं, तो अनिल कपूर भी इस चर्चा में शामिल हो जाते हैं।

पुणे के सुमीत मेलवानी बताते हैं कि वे पिछले 35 साल से एक मजबूत रिश्ते में हैं, लेकिन उन्होंने और उनकी पार्टनर ने कभी शादी नहीं की। उन्हें अपने रिश्ते को कोई नाम देने की जरूरत भी महसूस नहीं होती। वहीं, बड़ौदा के रोचक सक्सेना सिंगल रहकर खुश हैं। उन्हें अपनी आजादी और खुद के लिए मिलने वाला समय पसंद है। उनका कहना है कि वह सिर्फ परिवार की इच्छा पूरी करने के लिए शादी नहीं करना चाहते।

शादी को लेकर अनिल का अपना नजरिया है। सुनीता के साथ अपने सफर को याद करते हुए वे कहते हैं, मैं यह नहीं बोल सकता कि मैंने गलती की है या यह मेरी जिंदगी का सबसे अच्छा फैसला था। लेकिन मुझे लगता है कि शादी करना मेरी जिंदगी का सबसे बेहतरीन फैसला था।

इसी बीच, गुजरात के शुभम बालांडे अपनी एक खास ख्वाहिश साझा करते हैं। वे कहते हैं कि यदि वे एक करोड़ रुपए जीतते हैं, तो अपनी पत्नी से दोबारा धूमधाम से शादी



करना चाहेंगे और उन्हें दूसरे हनीमून पर ले जाएँगे। उनकी यह बात अनिल का ध्यान खींच लेती है। वे याद करते हुए हैं कि शादी के बाद सुनीता अकेले ही हनीमून पर गई थीं, क्योंकि वे शूटिंग में व्यस्त थे। शुभम की बात सुनकर अनिल कहते हैं, आपने मुझे आइडिया दिया कि हनीमून दोबारा प्लान किया जा सकता है।

बिना शादी के 35 साल से रिश्ता निभा रहे सुमीत से लेकर अपनी पत्नी से दोबारा शादी करने की ख्वाहिश रखने वाले शुभम तक, हर किसी की कहानी इस बातचीत को खास बनाती है। और शायद इसी चर्चा ने अनिल को भी सुनीता के साथ दूसरे हनीमून की योजना बनाने का ख्याल दे दिया है।

देखिए इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत - द अनिल कपूर शो, स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार पर।

भारत से विदेशों तक बढ़ा डा. खोजा का प्रभाव, विवेक ओबेरॉय, उदित नारायण और डेजी शाह जैसी हस्तियों के साथ साझा कर चुके हैं मंच

पटना (दैनिक नवसंदेश) । वास्तु और ज्योतिष की दुनिया में तेजी से पहचान बना रहे डा. खोजा आज केवल भारत ही नहीं, बल्कि कई देशों में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। दो बार गोल्ड मेडल से सम्मानित और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करा चुके डा. खोजा ने वर्षों के अध्ययन, शोध और अनुभव के बल पर वास्तु एवं ज्योतिष के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है।



गुजरात के वलसाड जिले के वापी से मुंबई पहुंचे डा. खोजा आज अमेरिका, दुबई, केन्या, मलेशिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, सऊदी अरब और दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों में लोगों को वास्तु और ज्योतिष परामर्श दे रहे हैं।

डा. खोजा विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में अभिनेता विवेक ओबेरय, अभिनेत्री डेजी शाह, गायक उदित नारायण, कुमार सानू, ईशा गुप्ता, संगीता बिजलानी, अभिनेता एवं होस्ट अनु कपूर तथा कमेडियन राजीव ठाकुर जैसी हस्तियों के साथ मंच साझा कर चुके हैं।

वास्तु और ज्योतिष के क्षेत्र में डा. खोजा ने नाड़ी ज्योतिष, वैदिक ज्योतिष, लाल किताब, अंक ज्योतिष, हस्तरेखा विज्ञान, फेस रीडिंग और वेस्टर्न एस्ट्रोलजी जैसे विषयों का गहन अध्ययन किया है। हाल ही में उन्होंने मलेशिया में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लिया, जहां दुनिया भर के वास्तु विशेषज्ञों, ज्योतिषाचार्यों और आध्यात्मिक विद्वानों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

डा. खोजा के अनुसार, उन्होंने कई बड़े उद्योगपतियों और व्यावसायिक समूहों के साथ भी कार्य किया है। वे मानते हैं कि भारतीय वास्तु और ज्योतिष के प्रति दुनिया भर में लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

अपने करियर के एक महत्वपूर्ण अनुभव को याद करते हुए डा. खोजा बताते हैं कि केन्या की राजधानी नैरोबी में स्थित एक 20 मंजिला इमारत में लगातार हो रही नकारात्मक घटनाओं और मौतों के कारण वहां रहने वाले लोग भयभीत थे। स्थिति ऐसी थी कि पूरी इमारत में केवल लगभग 5 प्रतिशत लोग ही रह रहे थे।

डा. खोजा ने करीब 25 दिनों तक वहां रहकर अध्ययन किया और कई वास्तु सुधारों की सलाह दी। उनके अनुसार, समय के साथ परिस्थितियां बदलने लगीं और आज वही इमारत लगभग पूरी तरह आबाद है।

डा. खोजा का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव रेडियो मिर्ची का लोकप्रिय ज्योतिष कार्यक्रम रहा, जिसे देशभर में करोड़ों श्रोताओं ने सुना। कार्यक्रम के दौरान उन्हें प्रतिदिन 100 से अधिक कल प्राप्त होती थीं, जिनमें लोग अपने व्यक्तिगत, पारिवारिक और व्यावसायिक जीवन से जुड़े सवाल पूछते थे।

डा. खोजा का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल भविष्यवाणी करना नहीं, बल्कि लोगों को सकारात्मक सोच और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उनका मानना है कि सकारात्मक विचार और सही निर्णय जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

भारत से लेकर अमेरिका, दुबई, केन्या, मलेशिया, थाईलैंड और अन्य देशों तक अपनी पहचान बना चुके डा. खोजा आज वास्तु और ज्योतिष के क्षेत्र में एक चर्चित नाम बन चुके हैं।

टाइगर की माँ है पुष्पा

इस सच के सामने आने से बहुत कुछ बदलने वाला है : मुकुल हरीश (टाइगर), पुष्पा इम्पॉसिबल, सोनी सब

मुंबई (दैनिक नवसंदेश)। सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल एक भावनात्मक मोड़ लेने जा रहा है, जब टाइगर (मुकुल हरीश) एक ऐसी सच्चाई जानता है, जो पुष्पा (करुणा पांडे) के साथ उसके रिश्ते को पूरी तरह बदल देती है। जैसे-जैसे उसे टाइगर को यह सच पता चलता है कि पुष्पा उसकी माँ है, वह अपने अतीत और इस बात को लेकर सवालों से घिर जाता है कि क्या पुष्पा को यह सच पहले से पता था।

जहाँ टाइगर इस नई हकीकत को समझने की कोशिश कर रहा है, वहीं पुष्पा इस बात को लेकर चिंतित है कि इस खुलासे का उनके रिश्ते पर क्या असर पड़ेगा।

आगामी एपिसोड्स में, पुष्पा का दूसरा बेटा चिराग (नितिन बाबू) सच्चाई के और करीब पहुँच जाता है। जैसे-जैसे वह डीएनए टेस्ट की जाँच जारी रखता है, चिराग के हाथ वह रिपोर्ट लग जाती है, जो टाइगर और पुष्पा से



जुड़ा सच सामने ला सकती है। लेकिन, रिपोर्ट में क्या लिखा है, यह जानने से पहले ही पुष्पा उसे हासिल कर लेती है और सच्चाई को छिपाए रखने की उम्मीद में उसे जला देती है। अब जब टाइगर सच जान चुका है और चिराग भी उसके खुलासे के करीब पहुँच रहा है, तो पुष्पा खुद को अपने इस राज से सुरक्षित रखने के लिए कड़ा संघर्ष करती है।

आगामी ट्रैक के बारे में बात करते हुए, मुकुल हरीश ने साझा किया, पुष्पा उसकी माँ है, यह सच टाइगर की जिंदगी में बहुत कुछ बदलने वाला है। यह उसके मन में कई भावनाएँ और सवाल लेकर आएगा, खासकर इस बात को लेकर कि उससे यह सच्चाई इतने समय तक क्यों छिपाई गई। वह पुष्पा के साथ अपने रिश्ते को भी एक नए नजरिए से देखना शुरू करेगा। टाइगर और पुष्पा के लिए चीजें अब और भी जटिल होने वाली हैं।

हर सोमवार से शनिवार रात 9 : 30 बजे, केवल सोनी सब पर पुष्पा इम्पसिबल देखना न भूलें।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

कोयला काला हीरा, युवा देश का असली हीरा : सतीश चंद्र दुबे

चंपारण की धरती से राष्ट्रीय पटल तक पहुंची एमजीसीयू की पहचान

10वें स्थापना दिवस पर उपलब्धियों का लेखा-जोखा, नई उपलब्धियों का संकल्प



कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय मंत्री सतीश, सांसद राधामोहन एवं कुलपति संजय श्रीवास्तवस।

मोतिहारी(एनएसबी)। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी का 10वां स्थापना दिवस शनिवार को गांधी प्रेक्षागृह में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान शिक्षा, शोध, नवाचार और गांधीवादी मूल्यों के प्रसार पर जोर दिया गया।मुख्य अतिथि केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि चंपारण ऐतिहासिक धरती है और विश्वविद्यालय ने शिक्षा व शोध के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विद्यार्थियों को गांधीजी के सत्य, अहिंसा और अंत्योदय के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, कोयला काला हीरा है, पर युवा ही देश का असली हीरा है।जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो़ मजहर आसिफ ने कहा कि ज्ञान और शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक हैं। वहीं, नैक की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष प्रो़ नागेश्वर राव ने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता आधारित मूल्यांकन के महत्व को रेखांकित किया। पद्मश्री लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों को समाज की मजबूती का आधार बताया। सेंट स्टीफंस कलेज के प्रो़ चंद्र भूषण झा ने विश्वविद्यालय की प्रगति की सराहना की।सांसद राधा मोहन सिंह ने स्थापना दिवस को आत्ममंथन और नए संकल्प का अवसर बताते हुए नवाचार, अनुशासन, नशामुक्ति और आत्मनिर्भरता पर बल दिया।अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव ने कहा कि स्थापना दिवस उपलब्धियों की समीक्षा और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में विभागों की संख्या 14 से बढ़कर 20 हो गई है। तीन अतिरिक्तपरिसरों तक विस्तार हुआ है। मार्च 2024 में 12726 एकड़ भूमि मिलने के बाद कुल भूमि 26126 एकड़ हो गई है। स्थायी परिसर की डीपीआर शिक्षा मंत्रालय को सौंपी जा चुकी है।कुलपति के अनुसार, तीन वर्षों में 500 से अधिक विद्यार्थियों ने यूजीसी-नेट और लगभग 300 ने गेट परीक्षा उत्तीर्ण की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने के साथ 13 संस्थानों से समझौते किए गए हैं। विश्वविद्यालय अब गांधीवादी मूल्यों के साथ दूसरे दशक में प्रवेश करते हुए स्थायी परिसर, गुणवत्तापूर्ण शोध और चंपारण की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।कार्यक्रम का संचालन एवं समापन संबंधी औपचारिकताओं के क्रम में ओएसडी प्रो़ अतुल कुमार शरण ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

पानी में डूबने से सात की मौत सभी मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख का अनुग्रह अनुदान

मोतिहारी (एनएसबी)। जिले में पानी में डूबने से हुई अलग-अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई। पहाड़पुर और बंजरिया अंचल में हुई इन घटनाओं के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी मृतकों के निकटतम परिजनों को आपदा अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान चेक के माध्यम से कर दियास प्राप्त जानकारी के अनुसार, 02 अक्टूबर 2026 को पहाड़पुर अंचल क्षेत्र में पानी में डूबने से प्रतिभा कुमारी, पिता अच्छेलाल पासवान, सोनमती कुमारी, पिता प्रमोद महतो, फूलमती कुमारी, पिता प्रमोद महतो तथा कीर्ति कुमारी, पिता वीरेंद्र महतो की मौत हो गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर मृतकों के निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान घटना के आठ घंटे के अंदर चेक के माध्यम से किया गया।वहीं, बंजरिया अंचल क्षेत्र में 02 अक्टूबर को पानी में ान करने के दौरान तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान समीर आलम, पिता बशीर आलम, शकील अंसारी, पिता साहेब अंसारी तथा यश राज, पिता विनोद कुमार सिंह, निवासी छैलाहा टाल, वार्ड संख्या-13, बंजरिया के रूप में हुई है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर तीनों मृतकों के पिता को भी चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि चेक के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई।जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि आपदा से जुड़ी घटनाओं में पीड़ित परिवारों को निर्धारित प्रावधान के तहत तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है।

गंडक के भीषण उफान से संग्रामपुर की पांच पंचायतें प्रभावित



सुरक्षित स्थान पर लोग।

संग्रामपुर(एनएसबी)। गंडक नदी में आई भीषण बाढ़ से संग्रामपुर प्रखंड की पांच पंचायतों में जनजीवन प्रभावित है। बाढ़ प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने के साथ राहत कार्यो की अद्यतन जानकारी सार्वजनिक करने की मांग तेज हो गई है। इसको लेकर प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने अंचलाधिकारी को पत्र भेजकर बाढ़ राहत कार्यो से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है।प्रखंड प्रमुख ने पत्र में कहा है कि गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण पश्चिमी संग्रामपुर, पूर्वी संग्रामपुर, दक्षिणी बरियरिया, दक्षिणी भवानीपुर और डुमरिया पंचायत बाढ़ से प्रभावित हैं। इन पंचायतों में बड़ी संख्या में परिवार बाढ़ की स्थिति से प्रभावित हुए हैं। ऐसे में प्रभावित परिवारों तक समय पर राहत सामग्री और आवश्यक सुविधाएं पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए।उन्होंने प्रखंड राहत अनुश्रवण सह निगरानी समिति के माध्यम से बाढ़पीड़ितों के राहत कार्य में किए गए खर्च से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। इसके साथ ही प्रखंड की सभी पंचायतों में संचालित राहत कार्यो, राहत सामग्री के वितरण तथा लाभुकों तक पहुंचाई गई सुविधाओं की अद्यतन स्थिति मांगी गई है।प्रखंड प्रमुख ने कहा है कि राहत कार्यो की जानकारी उपलब्ध होने से यह स्पष्ट हो सकेगा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों तक सरकारी सहायता किस स्तर तक पहुंची है। साथ ही आवश्यकता वाले क्षेत्रों में राहत कार्यो को और प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगास बाढ़ के कारण प्रभावित पंचायतों में ग्रामीणों को आवागमन, भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में प्रभावित परिवारों ने भी राहत एवं बचाव कार्यो में तेजी लाने की मांग की है।

संक्षिप्त खबरें

जमुनिया पंचायत के मुखिया ने किया आत्मसमर्पण

पिपरा(एनएसबी)सपुलिसिया दाविस के कारण पूर्व के मामले में वांछित अभियुक्त क्षेत्र के जमुनिया पंचायत के वर्तमान मुखिया कमलेश सिंह पिता स्वा रामजी सिंह ने माननीय न्यायालय में खुद को समर्पित किया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध थाने में कांड संख्या 96ध्22 दर्ज है ।जिसमें अभियुक्त के घर माननीय न्यायालय द्वारा इस्तेहार चस्पा व पुलिसिया दानिश के कारण अभियुक्त ने खुद को माननीय न्यायालय में समर्पण किया है।

मक्के के खेत में मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप

पीपराकोठी(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के मझरिया गांव में शनिवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थिति में घर के पीछे स्थित मक्के के खेत से बरामद हुआ। मृतका की पहचान मझरिया गांव निवासी विनय सहनी की पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। बताया जाता है कि परिजनों ने घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर अपने पट्टीदार राजेंद्र सहनी के दरवाजे पर शव रखकर हत्या का आरोप लगाया। दोनों पक्षों के बीच पूर्व से जमीन को लेकर विवाद चलने की बात सामने आ रही है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह पुलिस बल तथा फरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी भेज दिया।थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मोतिझील में लाइट एंड साउंड शो का शिलान्यास

नौ करोड़ की लागत से विकसित होगा आधुनिक मल्टीमीडिया प्रोजेक्ट, पर्यटन को मिलेगी नई पहचान



सभा को संबोधित करते राधामोहन

मोतिहारी (एनएसबी)। मोतिझील को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में शनिवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। बिहार सरकार के पर्यटन विभाग एवं बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के सहयोग से गायत्री मंदिर के निकट 'मोतिझील लाइट एंड साउंड शो' परियोजना का शिलान्यास सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने किया।इस अवसर पर सांसद ने कहा कि मोतिझील चंपारण की ऐतिहासिक, सांस्तिक एवं प्रातिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला लाइट एंड साउंड शो पर्यटकों को चंपारण के इतिहास और गौरवशाली विरासत से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे पर्यटन गतिविधियों के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।परियोजना के तहत करीब 22 मिनट का द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेजी) मल्टीमीडिया शो प्रस्तुत किया जाएगा। पानी की स्क्रीन पर 3डी प्रोजेक्शन, लेजर, डायनामिक फाउंटेन और प्रोफेशनल साउंड सिस्टम के माध्यम से इतिहास, संसति और विरासत को आधुनिक तकनीक के जरिए जीवंत किया जाएगा।सांसद ने कहा कि रामायण, बौद्ध और गांधी सर्किट से जुड़ी चंपारण की विरासत को आधुनिक प्रस्तुति के माध्यम से पर्यटकों और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का यह प्रयास है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के माध्यम से स्वीत परियोजना में पांच वर्षो तक संचालन एवं रखरखाव का भी प्रावधान है।कार्यक्रम में विधायक प्रमोद कुमार, बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन कुमार सहनी, नगर निगम के उप महापौर ड़ लाल बाबू प्रसाद, नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष पवन राज, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मोहिब्बुल हक सहित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

दुर्गापूजा पंडालों में अग्नि सुरक्षा से समझौता नहीं, फायर एनओसी जरूरी : अरिफुज्जमन



पूजा समितियों के साथ बैठक करते जिला अग्निशमन पदाधिकारी मो़ अरिफुज्जमन।

मोतिहारी(एनएसबी)। दुर्गापूजा के दौरान अगि सुरक्षा को लेकर जिला अगिशमन विभाग ने पूजा समितियों को सतर्क किया है। जिला अगिशमन कार्यालय में जिले की दुर्गापूजा समितियों के अध्यक्षों के साथ बैठक कर पंडाल निर्माण एवं विद्युत व्यवस्था में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने का निर्देश दिया गया।जिला अगिशमन पदाधिकारी मो़ अरिफुज्जमन ने कहा कि दुर्गापूजा के दौरान पंडालों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। ऐसे में अगि सुरक्षा के मानकों की अनदेखी नहीं की जा सकती। बड़े पूजा पंडालों के लिए फायर एनओसी लेना अनिवार्य है। बिना एनओसी पंडाल का निर्माण नहीं किया जाए। उन्होंने बताया कि फायर एनओसी के लिए बिहार अगिशमन सेवा के पोर्टल पर अनलाइन आवेदन किया जा सकता है।उन्होंने पूजा समितियों को निर्देश दिया कि पंडाल में प्रवेश और निकास के लिए कम से कम दो अलग-अलग एवं पर्याप्त चौड़े रास्ते रखे जाएं। बिजली के तारों को व्यवस्थित तरीके से लगाने के साथ ओवरलोडिंग से बचने को कहा गया। पंडाल में प्लास्टिक, कपड़ा और थर्माकोल जैसी ज्वलनशील सामग्री का उपयोग न्यूनतम रखने की सलाह दी गई।अरिफुज्जमन ने कहा कि प्रत्येक पूजा पंडाल में दो से चार फायर एक्सटिंग्विशर और बालू से भरी बाल्टियां उपलब्ध रहनी चाहिए। उन्होंने समितियों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल अगिशमन नियंत्रण कक्ष के 101 नंबर पर सूचना दें।बैठक में पूजा समितियों के अध्यक्षों ने अगिशमन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का भरोसा दिलाया।

सुगौली के दो फरार अभियुक्तों पर 10-10 हजार का इनाम

एसपी स्वर्ण प्रभात ने जारी किया पोस्टर, सूचना देने वाले की पहचान रहेगी गुप्त

मोतिहारी(एनएसबी)ससुगौली थाना क्षेत्र में दर्ज गंभीर आपराधिक कांडों के फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस ने दो फरार अभियुक्तों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित करते हुए पोस्टर जारी किया है। पुलिस ने आम लोगों से दोनों के संबंध में विश्वसनीय सूचना उपलब्ध कराने की अपील की है।एसपी स्वर्ण प्रभात के अनुसार, सुगौली थाना कांड संख्या 485ध्26, एससीध्एसटी अधिनियम के अभियुक्त मनोज सहनी, पिता-स्व राम अयोध्या सहनी, निवासी सुगौली तथा सुगौली थाना कांड संख्या 449ध्26, गैर इरादतन हत्या के अभियुक्त ब्रजकिशोर गुप्ता, पिता-शंभू साह, निवासी श्रीपुर बिशुनपुर की गिरफ्तारी के लिए 10-10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई है।पुलिस के अनुसार, मनोज सहनी के विरुद्ध हत्या एवं हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों सहित चार कांड दर्ज हैं। इनमें सुगौली थाना कांड संख्या 381ध्14, 314ध्19, 33ध्21 एवं 477ध्23 शामिल हैं।वहीं ब्रजकिशोर गुप्ता के विरुद्ध पुलिस के अनुसार रंगदारी, एससीध्एसटी अधिनियम एवं हत्या से संबंधित मामलों सहित 10 कांड दर्ज हैं। इनमें कांड संख्या 319ध्13, 22ध्14, 19ध्15, 429ध्21, 101ध्22, 115ध्22, 433ध्23, 434ध्23, 437ध्23 एवं 80ध्25 शामिल हैं।एसपी स्वर्ण प्रभात ने लोगों से अपील की है कि दोनों अभियुक्तों के संबंध में किसी प्रकार की विश्वसनीय जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा घोषित इनाम राशि प्रदान की जाएगी। सूचना पुलिस अधीक्षक, मोतिहारी के मोबाइल नंबर 9031827100 पर दी जा सकती है।एसपी ने बताया कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

तुरकौलिया मुख्य मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा

बस की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत, चालक हिरासत में

तुरकौलिया(एनएसबी)) पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी-तुरकौलिया मुख्य मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आक्रोशित लोगों की भीड़ जमा हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक उमेश कुमार अपनी बाइक से मोतिहारी से तुरकौलिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान बलुआ चौक से सटे पुल से पहले रघुनाथपुर बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार बस ने उसकी बाइक को जोरदार ठोकर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही रघुनाथपुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए दुर्घटनाकारी बस को जब्त कर लिया है तथा बस चालक को भी अपनी हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया है। इस अकाल मौत से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैस

सुंदरकांड पाठ से आपसी सद्भाव और विश्वशांति का संदेश

चकिया((एनएसबी)। शहर के कुअंवा रोड स्थित शनि मंदिर परिसर में शनिवार को श्री हनुमत सेवा समागम के तत्वावधान में सभी लोगों के मंगलकामना एवं विश्वशांति की कामना को लेकर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आराधना मंडल के व्यास नंदकिशोर सिंह, रामाधार सिंह एवं अजय कुमार ने संगीतमय सुंदरकांड का पाठ कर श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराया।समागम के लखींद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि रामचरितमानस के सभी कांडों में सुंदरकांड में सबसे सुंदर कथा का वर्णन मिलता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से लोगों में आपसी सद्भाव और भाईचारे की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर शंभू तुलस्यान, अर्जुन झुनझुनवाल, अशोक कुमार, आशदेव कुमार, मनोज कुमार, अखिलेश्वर पाठक, विजय लोहिया, राजेश कुमार, रिशु राज सहित अन्य लोग मौजूद थे।



सुंदरकाण्ड का पाठ करते मंडली।

राधा मोहन सिंह लगातार तीसरी बार रक्षा संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष

मोतिहारी(एनएसबी)। सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह को संसद की रक्षा संबंधी स्थायी समिति का लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्वी चंपारण में हर्ष है। उनके पुनर्नियुक्त होने को जिले के लिए महत्वपूर्ण संसदीय उपलब्धि माना जा रहा है।रक्षा संबंधी स्थायी समिति संसद की महत्वपूर्ण समितियों में शामिल है। समिति में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद सदस्य हैं। इनमें राहुल गांधी, कार्ति पी़ चिदंबरम, महुआ मोइत्रा, पवन खेड़ा, कमल हासन, पार्थ अजीत पवार, धर्मेंद्र प्रधान, सुधांशु त्रिवेदी, उज्ज्वल निकम, अनिल बलूनी और जगदीश शेट्टार समेत अन्य सांसद शामिल हैं।राधा मोहन सिंह को लगातार तीसरी बार समिति की अध्यक्षता मिलने को उनके लंबे संसदीय अनुभव और संसदीय कार्यो में सक्रिय भूमिका से जोड़कर देखा जा रहा है। इससे पहले वे लगभग पांच वर्षो तक संसद की स्थायी समिति रेलवे के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों से जुड़ी समिति की लगातार तीसरी बार जिम्मेदारी मिलना उनके लिए महत्वपूर्ण संसदीय दायित्व है।बहुदलीय समिति में रक्षा नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य मामलों और रक्षा मंत्रालय से जुड़े विभिन्न विषयों पर संसदीय समीक्षा की जाती है। ऐसे में समिति की अध्यक्षता महत्वपूर्ण मानी जाती है। राधा मोहन सिंह के पुनर्नियुक्त होने पर उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है। पूर्वी चंपारण के लिए भी इसे सम्मान का विषय बताया गया है।

एसपी ने राजेपुर थाना भवन व गार्ड का किया औचक निरीक्षण

तेतरिया(एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने शुक्रवार को राजेपुर थाना के नवनिर्मित भवन एवं गार्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्था, सुरक्षा तैयारियों और पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसपी ने थाना भवन के विभिन्न कक्षों, कार्यालय, मालखाना, हवालात और गार्ड रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दस्तावेजों के रखरखाव, अभिलेखों की स्थिति, साफ-सफाई तथा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। थाना परिसर में उपलब्ध संसाधनों और पुलिसकर्मियों की तैनाती की भी समीक्षा की गई।एसपी ने गार्ड की परेड का निरीक्षण कर जवानों की तत्परता परखी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।निरीक्षण के दौरान एसपी ने अधिकारियों को थाने पहुंचने वाले फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए नियमानुसार उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय एवं विश्वास कायम करना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित थाना भवन का बेहतर उपयोग करते हुए कार्यप्रणाली को व्यवस्थित और जनोन्मुख बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ नियमित गश्ती और पुलिसिंग को प्रभावी बनाने का निर्देश दिया।

जनसुनवाई में भूमि विवाद के पांच मामले, डीएम ने दिए जांच के निर्देश

मोतिहारी(एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने शनिवार की शाम अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई कर आम लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान जिले के सभी अंचलाधिकारी वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जनसुनवाई में कुल 12 लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया, जिनमें पांच मामले भूमि विवाद से जुड़े थे।पहाड़पुर के राम नारायण सिंह ने दस्तावेजी जमीन पर दूसरे व तीसरे पक्ष द्वारा कब्जे के प्रयास की शिकायत की। डीएम ने पहाड़पुर सीओ से वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जानकारी लेते हुए आवेदन की जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।पताही अंचल के चंपानगर निवासी नारायण सिंह ने बताया कि वर्ष 1963 में पूर्वजों द्वारा आपसी सहमति से खतियानी एवं दस्तावेजी जमीन का बंटवारा किया गया था। इसके बावजूद उन्हें संपत्ति से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है। डीएम ने पताही सीओ को आवेदन की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया।बड़ा बरियारपुर निवासी परमा प्रसाद यादव ने कुछ लोगों पर 103 वर्ष पुराने मृत खतियान के आधार पर जमीन का अवैध एग्रीमेंट कराने तथा निर्माण कार्य रोकने का आरोप लगाया। डीएम ने मोतिहारी सीओ को स्थल जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया।चकिया के बलोचक निवासी तबरेज आलम ने अतिक्रमण वाद संख्या 11ध्2026-27 की जांच की मांग की। वहीं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ा टोला निवासी शिवपुकार ने सरकारी जमीन पर कब्जे और विरोध करने पर धमकी देने की शिकायत की। दोनों मामलों में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

जीविका के 20 साल महिलाओं के सम्मान

स्वावलंबन व सशक्तिकरण की कहानी : स्मिता सिन्हा

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। मधेपुरा के कला भवन में ह्नीतीश संवाद जीविका के 20 साल बेमिसाल कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिहार सरकार की मंत्री शीला मंडल, कार्यक्रम प्रभारी जदयू प्रदेश सचिव स्मिता सिन्हा, पूर्व प्रत्याशी सह नगर परिषद अध्यक्ष कविता कुमारी साहू, मधेपुरा जिला अध्यक्ष मंजू कुमारी उर्फ गुड्डी देवी, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष ललिता देवी, उपाध्यक्ष कंचन देवी के द्धारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।



मंचासीन मंत्री शीला मंडल व महिला कार्यकर्ता।

मंत्री शीला मंडल के दौरान कहा कि जीविका सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गांव की महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की एक नई कहानी है। वही दुसरी ओर कार्यक्रम प्रभारी जदयू प्रदेश सचिव स्मिता सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम का जदयू के सभी सम्मानित पदाधिकारी और मधेपुरा के कोने-कोने से आई हमारी जीविका दीदियों एवं माताओं-बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जीविका दीदियों से सीधे संवाद करने का मौका मिला। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि जीविका से जुड़ने के बाद उनके जीवन में कितना बदलाव आया है। महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। जीविका दीदीयों ने कहा कि हमलोग आर्थिक रूप से मजबूत हुई हैं और अपने परिवार के साथ-साथ समाज में भी अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। मेरे लिए सबसे खुशी की बात यह रही कि मधेपुरा की इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें इस संवाद में शामिल हुईं। उनकी बातें सुनकर लगा कि यह कार्यक्रम हम सभी के लिए यादगार रहा। जीविका के 20 साल महिलाओं के सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण की कहानी। मंत्री ने सभी जीविका दीदियों, माताओं-बहनों और कार्यक्रम में उपस्थित सभी साथियों का दिल से धन्यवाद दिया।

डीआईजी द्वारा चलाये जा रहे, नशा मुक्त कोशी अभियान को मिल रही भारी सफलता

सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। कोशी क्षेत्रान्तर्गत सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा जिला में चलाये जा रहे ह्यनशा मुक्त कोशीह्य अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। इस अभियान में आमजनों का भी अप्रतिम सहयोग प्राप्त हो रहा है। पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र कुमार आशीष द्वारा इस अभियान के तहत जारी किये गये हेल्पलाईन नं0-9060384865 पर आम जनता द्वारा बढ़-चढ़कर सूचना दी जा रही है। सूचना देने वाले व्यक्ति का मोबाइल न० एव उनकी पहचान गोपनीय रखी जाती है।

इस हेल्पलाईन से प्राप्त सूचना पर सीधे पुलिस उप महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, सहरसा के अनुश्रवण में कार्रवाई की जाती है। इस अभियान के तहत विगत सप्ताह में कुल 1486.385 लीटर अवैध शराब, गाँजा-508.85 किलोग्राम, स्मैक-34.67 ग्राम, अवैध कफ सिरप 3. 625 लीटर, नशीला इंजेक्शन 250 एमएल, मोटरसाइकिल 12, चार पहिया वाहन 02. मोबाइल-02, गैस सिलेण्डर-01, गैस चुल्हा-01, रेगुलेटर-01, तसला-03, बाल्टी-01 एवं नकद भारतीय मुद्रा-570 रूपया बरामद किया गया है। अवैध शराब के मामले में 91 एवं सूखा नशा के मामले में 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है तथा इनलोगों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस अभियान के प्रारम्भ होने (फरवरी-2026) से अबतक कुल 72705. 84 लीटर अवैध शराब, अवैध कफ सीरफ 4317.195 लीटर, गाँजा 6977.055 किलोग्राम, स्मैक 8096. 892 ग्राम, नशीला इंजेक्शन-12984 एमएल, नशीला टैबलेट-325 अदद, सिरिंज-01 पैकेट, विदेश निर्मित पिस्टल-02, पिस्टल-01, देशी कट्टा-06, देशी मस्केट-01, मैगजीन-03, कारतूस-38, मोबाइल-92, चार चक्का-33, नाव-01, भारतीय मुद्रा-61,63,252 रूपया, नेपाली मुद्रा-27570 रूपया, ट्रक-01, पासबुक-03, एटीएम कार्ड-01, लोहा का भट्ठी-01, इलेक्ट्रीक तराजू-04 बरामद किया गया है। इस मामले में कुल 2238 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आमजनों से अपील है कि ह्यनशा मुक्त कोशीह्य अभियान के तहत जारी हेल्पलाईन नं0-9060384865 पर नशा से संबंधित सूचना कॉल, मैसेज एवं व्हाट्स एप के माध्यम से दें। उक्त जानकारी सूचना में अवैध नशा कारोबारी का नाम, पता, अवैध करोबार करने का स्थान यदि संभव हो तो फोटो, वीडियो भी दे सकते हैं। आपका मोबाइल न० एवं पहचान को पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी। जिनकी सूचना पर विशेष उपलब्धि प्राप्त होगी, उन्हें पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, सहरसा के द्वारा यथोचित रूप से पुरस्कृत किया जायेगा।



वाहन जांच करते डीआईजी व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

यूजीसी एवं एससी एसटी एक्ट समाप्त करने को लेकर ब्राह्मण महासभा संरक्षण मंडल की बैठक आयोजित



बैठक में ब्राह्मण महासभा।

सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। ब्राह्मण महासभा के संरक्षक मंडल की एक बैठक वरिष्ठ अधिवक्ता शिवेंद्र झा उर्फ शंभू बाबू के अध्यक्षता एवं मधुकांत झा के संचालन में शिवेंद्र झा के निज आवास पर आयोजित कि गई। बैठक में वर्तमान समय में ब्राह्मणों के एकजुटता, सांगठनिक व्यवस्थाएं में सभी कि भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उपेंद्र झा, संजय मिश्रा, भवानंद राय, मनोज ठाकुर, संजय मिश्रा, पारस कुमार झा, सुमन समाज, अरविंद झा, महादेव अमरनाथ झा, सूर्य नारायण झा, अमरनाथ झा, किशोर राय, मनोज कुमार ठाकुर, अरविंद मिश्रा, नरेश कुमार राय, गोपाल कुमार झा, कि उपस्थिति में सर्व सम्मति से महासभा के संरक्षक मंडल का एक कोष गठन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही ग्रामीण स्तर पर युवाओं एवं बुजुर्गों को जोड़कर वर्तमान समय में ब्राह्मणों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार, सरकारी स्तर पर ब्राह्मणों कि अनदेखी, यूजीसी, एसी/एसटी एक्ट, आरक्षण जैसी व्यवस्थाओ के प्रतिकार के लिए आगे आने पर बल दिया गया। सर्वसम्मति से अंशु मिश्रा बनगांव को संरक्षक मंडल द्वारा गठित कोष का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में अंशु झा, अंशु मिश्रा, रौशन माधव, अमित कुमार मिश्रा, शैलेश कुमार झा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

वाहन चेकिंग अभियान में कई वाहनों के काटे चालान



वाहन जांच करते पुलिस कर्मी।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (दैनिक नवसंदेश)। थाना क्षेत्र में शनिवार को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एसआई साकेत बिहारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुगमा चैक के समीप तथा तेलियाहाट-रंगीनियां मार्ग स्थित कुशमी दोहरा पुल के पास वाहनों की जांच की। इस दौरान पुलिस ने दोपहिया सहित अन्य वाहनों को रोककर चालकों के हेलमेट, वाहन के कागजात व अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की। चेकिंग अभियान की जानकारी मिलते ही वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के चालान काटे गए। वहीं, कुछ चालकों को नियमों का पालन करने की हिदायत देकर छोड़ दिया गया। एसआई साकेत बिहारी ने वाहन चालकों से वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने और सभी जरूरी कागजात साथ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ नियमों के पालन का संदेश गया।

आपदा मित्रों की समस्याओं को लेकर चिराग पासवान से कार्रवाई की मांग



भेजे गए पत्र दिखाते पीड़ित।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (दैनिक नवसंदेश)। आपदा मित्रों की समस्याओं को लेकर युवा लोक जनशक्ति पार्टी के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को पत्र भेजकर आवश्यक पहल करने की मांग की है। शनिवार को भेजे गए पत्र में उन्होंने ऑल इंडिया आपदा मित्र ट्रेड यूनियन के संगठन मंत्री रंजन कुमार यादव के अभ्यावेदन का हवाला दिया है। पत्र में कहा गया है कि आपदा मित्र लंबे समय से बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। इससे उनके सामने आर्थिक संकट की स्थिति बनी हुई है। अमरेंद्र यादव ने कहा कि सरकार की ओर से आपदा मित्रों के लिए किए गए प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू कराया जाए तो बेरोजगारी और पलायन की समस्या को कम करने में मदद मिल सकती है। साथ ही आपदा प्रबंधन और आपदा न्यूनीकरण के कार्यों को भी अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने चिराग पासवान से मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए संबंधित स्तर पर आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि आपदा मित्रों की समस्याओं के समाधान के लिए पहल होने से उनमें भी विश्वास का माहौल बनेगा।

नन्हे हाथों ने चाक पर गढ़ी मिट्टी की कला बच्चों ने सीखी पारंपरिक हुनर की बारीकियां

सोनवर्षाराज (सहरसा) (दैनिक नवसंदेश)। नगर पंचायत के न्यू बस स्टैंड के स्थित प्ले एंड लर्न स्कूल में शनिवार को ह्यनन्हे हाथ माटी के साथह्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों को किताबी पढ़ाई के साथ भारतीय सभ्यता, संस्कृति और पारंपरिक कला से रूबरू कराया गया। इस दौरान बच्चों ने उत्सुकता के साथ चाक चलाकर मिट्टी को आकार दिया और मिट्टी के बर्तन बनाने का अभ्यास किया। नन्हे हाथों से मिट्टी को अलग-अलग आकार लेते देख बच्चों में खासा उत्साह रहा। गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने पारंपरिक कला को करीब से समझने के साथ उसके महत्व की जानकारी भी हासिल की। विद्यालय के निदेशक अनुज कुमार सोनू ने बच्चों को बताया कि मिट्टी से बर्तन बनाने की कला भारतीय संस्कृति की प्राचीन विरासत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मिट्टी की कला पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ इससे जुड़े कारीगरों और उनके परिवारों को रोजगार का अवसर भी उपलब्ध कराती है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक एवं कौशल आधारित शिक्षा देना तथा भारतीय पारंपरिक कला और संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में चेतन तमांग, अमर विश्वकर्मा, इंदरजीत रविदास, प्रज्ज्वल छेत्री, सिद्धार्थ शर्मा, मुराजना छेत्री, इंदिरा थापा, अंजुना थापा, छोटी सिंह, पूजा सिंह, मनीष सिंह, संतोष कुमार, विवेक कुमार, अमित झा, मुनमुन सिंह, संजीव कुमार, सरिता सिंह, कंचन कुमारी, कोमल सिंह, खुशी सिंह, आरती कुमारी, रिमझिम कुमारी, नेहा सिंह सहित सभी शिक्षकगण मौजूद थे।



महिषी स्थित कोशी सेवा सदन : सर्वोदय आश्रम में स्वच्छता व नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। गांधी जयंती के अवसर पर महिषी स्थित कोशी सेवा सदन, सर्वोदय आश्रम, आचार्य वन में उत्साहपूर्वक अनेकों सुधिजनों की उपस्थिति में स्वच्छता एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुई। गांधी जयंती के अवसर पर कोशी सेवा सदन में संस्थापक सचिव राजेन्द्र झा संबोधित करते हुए कहा कि पिछले पांच दशकों से कोशी से अभिशप्त लोगों के जीवन उत्थान करने के उद्देश्य से स्थापित कोशी सेवा सदन उत्तर बिहार का एक महत्वपूर्ण संस्था अपनी उपादेयता सिद्ध करने के लिए निरंतर सक्रिय रहा है। गांधी जयंती और शास्त्री जयंती संयुक्त रूप से मनाते हुए सर्वोदय आश्रम परिसर में संस्थापक सचिव गांधीवादी राजेंद्र भाई ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय अहिंसा के रास्ते चलेगा। जिस हाड़ मांस के व्यक्ति बिना हिंसा के देश को आजाद करा दिया हो उसकी सानी पूरी दुनिया मानती है। अहिंसा परमो धर्म के मार्ग पर चलना ही होगा दुनिया को। आजके समय में नई पीढ़ी को नशा से पूर्ण दूर रहने की सलाह दी और सभी आगत लोगों को प्रण लेने की शपथ भी दिलाई। सर्वोदय आश्रम के विगत के दिनों में किए सामाजिक कार्यों को जिक्र करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को हमलोगों को ही दूर करना होगा। अपने आसपास पेड़ और पौधों को ज्यादा से ज्यादा लगाने की आवश्यकता है और उसक संरक्षण भी।इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा की उपस्थिति के संग आसपास के क्षेत्रों के जीविका दीदी की मौजूदगी रही। इनमें प्रमुख रूप से अनिता देवी, रंजू देवी, प्रमिला देवी, कंचन देवी सदानंद झा, मणि कुमार, राजीव कुमार महतो, प्रतिज्ञ कुमार चैधरी, प्रिंस कुमार, गौतम मिश्र सहित दर्जनों नारी शक्ति के प्रतिरूप के रूप में उपस्थित थीं।



जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीण व अन्य।

दुर्गा पूजा को लेकर लाइन मेंटेनेंस कार्य हेतु तीन फीडरों की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सहरसा के अंतर्गत, अगामी होने वाले दुर्गा पूजा के अवसर पर विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ एवं निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से आवश्यक लाइन मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसको लेकर रविवार को विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, सहरसा शहरी अंतर्गत टाउन-1, टाउन-2 एवं डी.बी. रोड फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 09,00 बजे से दोपहर 01रू00 बजे तक बाधित रहेगी। मेंटेनेंस कार्य के कारण निम्नलिखित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी टाउन-1 फीडररूशंकर चैक, दहलान चैक, महावीर चैक, कपड़ा पट्टी, बंगाली बाजार, शारदा नगर, बटराहा, चांदनी चैक, मारूफगंज एवं सब्जी मंडी सहित आसपास के क्षेत्र टाउन-2 फीडररूपूरब बाजार, प्रशांत सिनेमा, मीरा सिनेमा, राइस मिल कैंपस एवं कायस्थ टोला सहित आसपास के क्षेत्र डीबी रोड फीडर, थाना चैक, दुर्गा मंदिर, पोस्ट ऑफिस, जिला परिषद, थाना, वीर कुंवर सिंह चैक सहित आसपास के क्षेत्र। इस संबंध में सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, सहरसा शहरी द्वारा संबंधित उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित अवधि को ध्यान में रखते हुए आवश्यक विद्युत कार्य पूर्व में ही पूरा कर लें तथा सहयोग प्रदान करें। मेंटेनेंस कार्य में सहयोग करने की अपील की है।



मेंटेनेंस कार्य।

कृषि गणना विभाग के उपनिदेशक ने अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

बनमा ईटहरी (सहरसा) (दैनिक नवसंदेश)। कृषि गणना विभाग के उपनिदेशक अशोक कुमार शर्मा ने शनिवार को बनमा ईटहरी अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में संधारित विभिन्न राजस्व अभिलेखों की जांच की। उन्होंने दाखिल-खारिज, म्यूटेशन समेत अन्य राजस्व मामलों की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक ने अंचलाधिकारी आशीष कुमार एवं राजस्व अधिकारी शशिभूषण कुमार से लंबित मामलों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित मामलों का निर्धारित प्रक्रिया के तहत शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसके बाद उपनिदेशक ने अंचल कार्यालय पहुंचे फरियादियों से भी उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने फरियादियों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों से मामले की स्थिति पूछी। अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर फरियादियों की समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने पर जोर दिया।



निरीक्षण करते उपनिदेशक।

सेवा संकल्प अभियान व बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती को लेकर जिला भाजपा की बैठक आयोजित

सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पटुआहा में भाजपा जिला अध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह के संचालन में जिला बैठक शनिवार को आयोजित हुई। इस बैठक में क्षत्रिय संगठन प्रभारी अनंत नारायण मिश्रा, जिला प्रभारी सुनील कुमार, प्रदेश भाजपा प्रदेश नेता विस्तारक प्रभारी संजय राय मंच पर उपस्थित थे। अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया। वही जिला अध्यक्ष साजन शर्मा ने आगत अतिथियों को पाग चादर देकर के सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री बिहार सरकार डॉ आलोक रंजन, नगर निगम मेयर बैन प्रिया, पूर्व विधायक सुरेंद्र यादव,पूर्व जिला अध्यक्ष मदन प्रसाद चैधरी,डॉ शशि शेखर झा सम्राट ने भी बैठक को संबोधित किया। क्षेत्रीय संगठन प्रभारी अनंत नारायण मिश्रा ने आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए बूथ स्तर तक संगठन मजबूती पर बल दिया एवं सुचारू रूप से सेवा संकल्प अभियान जो 17 अक्टूबर तक चलेगा सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिया। जिसमें 5 तारीख को सपनों का भारत के तहत उच्च विद्यालय में बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही लेखन एवं चित्रकला आयोजित की जाएगी। जबकि 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा के तहत सभी मंडलों से कार्यकत्ता पटेल मैदान में पहुंचेंगे जिसमें केन्द्रीय मंत्री भाग लेंगे। इस बैठक में जिला महामंत्री भैरवानंद झा, अनमोल भगत, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन शाह, मनोज यादव, मिहिर झा, बीएन साहनी, सिद्धार्थ सिंह सिद्धू, अमीर राम, रिंकी देवी, कुमार गौरव, अरविंद भगत, मुकेश मानस, रंजना देवी, संजना देवी, सुगमनी देवी, कुमार अमर ज्योति, सुबोध शाह, सुरजीत सिंह कुशवाहा, अभिनंदन सिंह, विपिन कुशवाहा, संजीव कुमर भवेश सिंह सहित सभी मंडल अध्यक्ष मंच मोर्चा जिला अध्यक्ष बैठक में उपस्थित थे।



बैठक में संजय राय, जिलाध्यक्ष व अन्य।

फुटबॉल सीजन 6 का ट्रायल आज से



चयनित खिलाड़ी।

सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। सहरसा में भारत खेलो फुटबॉल सीजन 6 का ट्रायल 4 अक्टूबर को भारत खेलो फुटबॉल व टाउन फुटबॉल क्लब सहरसा के संयुक्त तत्वाधान में एवं भारत खेलो फुटबॉल के सौजन्य से आयोजित होंगे एकदिवसीय चयन प्रतियोगिता जिसमें न केवल बिहार के विभिन्न जिलों के लड़के एवं लड़कियां भाग लेंगे बल्कि भारत के और भी कई राज्यों के खिलाड़ी भी खिलाड़ी भी इस चयन शिविर में हिस्सा लेंगे इस ट्रायल के माध्यम से चयनित बच्चों इंडिया के विभिन्न क्लब में एवं विदेश के भी कई क्लब में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे बिहार रेफरी सह राष्ट्रीय कोच नीतीश मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन सहरसा स्टेडियम में होगा भारत खेलो फुटबॉल के द्वारा गरीब बच्चों को सपना पूरा किया जाता है यहां से खिलाड़ी भारत के कई बड़े क्लब में इंटरनेशनल टूर्नामेंट सहित पुर्तगाल के विभिन्न क्लब में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं सहरसा मैं ट्रायल विभिन्न आयु वर्ग में अंडर 13 के लिए 2013-2015 अंडर 15 के लिए 2011-2012 जबकि अंडर 17 के लिए -2010 के बीच जनम होना चाहिए। आयोजन को सफल बनाने में पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी सह कोच ब्रह्मदेव हंसदा जिला फुटबॉल संघ के रघुनाथ प्रसाद यादव हैंडबॉल संग के अध्यक्ष सुशील कुमार और बबलू यादव पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रश्मी सोरेन राष्ट्रीय खिलाड़ी बाबूजी बेसरा, अरविंद कुमार, हेंब्रम डब्लू कुमार, विकास कुमार गिरी, अजय मुर्मू, अरमान, बसंत कुमार, संजय मुर्मू, गणेश कुमार गुप्ता, डॉ संजय यादव, प्रशांत कुमार, अशोक कुमार, देवानंद कुमार एवं विभिन्न खेल संघो के लोग हुए हैं।

संक्षिप्त खबरें

जिउतिया पर्व पर आपदा मित्रों ने डूब रही महिला को बचाया

परबत्ता। जिउतिया पर्व के दौरान सौंढ़ उत्तरी पंचायत के स्लूइस गेट के समीप स्नान करते समय एक महिला गहरे पानी में बहकर डूबने लगी। मौके पर तैनात आपदा मित्रों ने तत्परता और साहस दिखाते हुए महिला को सुरक्षित पानी से बाहर निकाल लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बचाव कार्य में आपदा मित्र रामरूप मंडल, ऋषि कुमार, सूरज, रितेश, अमृत, राजा, अमरेश, सुरेश, नितीश एवं करण की भूमिका सराहनीय रही। आपदा मित्रों ने श्रद्धालुओं से गहरे पानी और तेज बहाव वाले स्थानों पर स्नान नहीं करने तथा सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की अपील की।

मजदूरी नही दिये जाने की किया शिकायत

बेलदौर। बेलदौर नगर पंचायत निवासी पसिंदर दास के पुत्र विकास कुमार ने पचौत गांव निवासी नंदकिशोर राम के पुत्र प्रफुल्ल उर्फ सनोज राम को नामजद अभियुक्त बनाते मजदूरी करवाकर चार महीने का भुगतान नहीं करने की शिकायत की है। आवेदक के मुताबिक नामजद मजदूरों का ठीकेदार है एवं उसने अपने साइट पर उससे चार माह कार्य करवा कर शेष बचे 29 हजार रुपये मजदूरी का रूपया भुगतान करने में आना-कानी कर रहा है। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जनता दरबार में पांच मामलो का हुआ निपटारा

बेलदौर। आईटी भवन में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में एक नया मामला आया, जबकि पुराने चार मामलों समेत कुल पांच का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। निपटाए गए मामलों में बलैठा पंचायत के नकटेश्वर निवासी अताबुल, मुस्तकीम, जमाल और जुबराती की शिकायत थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी खरीदी हुई जमीन पर दूसरे पक्ष ने कब्जा कर लिया है।दूसरे पक्ष के वीदो यादव और सिदो यादव ने बताया कि 2006 में उनके बड़े भाई वकील यादव और जोगिंदर यादव ने अपने हिस्से के अलावा दोनों छोटे भाइयों की जमीन भी नाबालिग बताकर बेच दी थी। इस मामले में वीदो यादव और सिदो यादव ने कोर्ट में अपील की थी, जिसका टाइटल सूट व्यवहार न्यायालय में चल रहा है। राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा ने मामला कोर्ट में होने के कारण आवेदक का आवेदन खारिज कर दिया। जनता दरबार में राजस्व कर्मचारी प्रशांत कुमार, बेलदौर थाना के पीटीसी गोविंद जायसवाल, राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा, अंचल लिपिक पंकज कुमार और कई फरियादी मौजूद थे।

'नीतीश संवाद' की ऐतिहासिक सफलता पर जदयू जिलाध्यक्ष ने जताया आभार

खगड़िया। शहर के बछौता स्थित राज कौशल रीसोर्ट में जनता दल यूनाइटेड की ओर से आयोजित 'नीतीश संवाद'जीविका दीदी का 20 साल बेमिसाल' कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता पर जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने जिला प्रभारी मंत्री मदन सहनी, विधायकगण, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जीविका दीदियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को बधाई देते हुए साधुवाद दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संवेदनशील सोच और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है कि जीविका से जुड़ने वाली महिलाओं की संख्या निरंतर बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियां आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त होकर रोजगार और स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में जीविका दीदियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता और '20 साल बेमिसाल' के नारों ने आयोजन को विशेष रूप से यार बना दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव और उनके आत्मविश्वास में हुई वृद्धि जीविका अभियान की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और जीविका दीदियों ने संगठनात्मक एकजुटता का भी परिचय दिया।

महात्मा गांधी की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

खगड़िया (एनएसबी)। इंडिया ब्लक के आह्वान पर 2 से 8 अक्टूबर तक चलाए जा रहे 'लोकतंत्र बचाओ अभियान' के तहत भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), सीपीआई(एम) जिला कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकल कमिटि सचिव, नगर परिषद खगड़िया के संजीव कुमार ने की। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। उपस्थित सभी नेताओं ने गांधी जी के व्यक्तित्व, उनके संघर्षपूर्ण जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी ऐतिहासिक भूमिका तथा उनके विचारों को याद करते हुए देश में लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीपीआई(एम) के जिला सचिव सुरेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्होंने सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह और जनभागीदारी के माध्यम से अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध व्यापक जनआंदोलन खड़ा किया। गांधी जी का जीवन हमें अन्याय, शोषण और दमन के खिलाफ शांतिपूर्ण एवं संगठित संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी समाज में आपसी भाईचारा, समानता, सहिष्णुता और मानवता को मजबूत करने के लिए प्रासंगिक हैं। जिला सचिव मंडल सदस्य ड़ राम विनय सिंह ने कहा कि गांधी जी की राजनीतिक और सामाजिक ष्टि में धार्मिक सहिष्णुता, सांप्रदायिक सद्भाव तथा सभी धर्मो के प्रति सम्मान का महत्वपूर्ण स्थान था। भारत जैसे बहुधार्मिक और बहुसांस्तिक देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए इन मूल्यों की रक्षा करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन ने जनता को एकजुट होकर अन्याय और गुलामी के विरुद्ध संघर्ष करना सिखाया। आज भी संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांतों को मजबूत करने की जरूरत है। महिला नेत्री नीतू देवी ने गांधी जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की समान भागीदारी, सम्मान और अधिकारों की रक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण शर्त है। गांधी जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित किया। आज महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा और समान अधिकार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर सामाजिक जागरूकता और संघर्ष की आवश्यकता है।पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सी, सेवा, त्याग और जनसरोकारों के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने समाज के कमजोर, वंचित और गरीब तबकों के जीवन में बदलाव लाने के लिए लगातार प्रयास किया। गांधी जी के विचारों को केवल जयंती और पुण्यतिथि तक सीमित रखने के बजाय उन्हें सामाजिक व्यवहार और सार्वजनिक जीवन में अपनाना चाहिए।नौजवान नेता एवं जिला कमेटी सदस्य मनजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज लोकतंत्र, संविधान, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा का सवाल अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें जनता के अधिकारों, असहमति व्यक्त करने की स्वतंत्रता, नागरिक समानता और संवैधानिक संस्थाओं की मजबूती भी शामिल है। नौजवानों, छात्रों, मजदूरों, किसानों और आम नागरिकों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जागरूक और संगठित रहना होगा। कार्यक्रम में जिला कमेटी सदस्य मनजीत कुमार, अमर कुमार यादव, रामविलास वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, पेंशनर एसोसिएशन के जिला सचिव रंजीत साहू, छात्र नेता सोने लाल यादव, शहर कमेटी के दीपक कुमार उर्फ गुड्डू जी, रंजीत कुमार पासवान, संजीव चौरसिया, मुमताज हुसैन, इनामुल हक, अधिवक्ता शंभू शरण, सुधांशु, रामचंद्र सहनी गौतम आदि मौजूद थे।



कार्यक्रम में माकपा नेतागण।

संक्षिप्त खबरें

टिकट लेने में यात्रियों को हो रही है परेशानी,स्टेशन मास्टर ने शिकायत को बताया गलत

चौथम(एनएसबी)। सहरसा-मानसी रेलखंड पर स्थित बदला रेलवे स्टेशन इन दिनों समुचित यात्री सुविधाओं के अभाव के साथ-साथ टिकट काउंटर से टिकट मिलने में हो रही परेषानी सेयात्रियों में नाराजगी देखी जा रही है। यात्रियों का आरोप है कि पिछले करीब एक सप्ताह से स्टेशन पर टिकट देने के लिए लगाए गए कंप्यूटर में बार-बार खराबी का हवाला देकर उन्हें टिकट उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इसके कारण कई यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने की स्थिति का सामना करना पड़ा। प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे संतोष कुमार, महेश्वर सिंह, योगेंद्र यादव, सदानंद पासवान, नागो पासवान सहित अन्य यात्रियों ने स्टेशन मास्टर के समक्ष ही अपनी परेशानी रखते हुए कहा कि टिकट नहीं मिलने के कारण उन्हें मजबूरी में बिना टिकट यात्रा करनी



जानकारी देते यात्रीगण।

पड़ी। यात्रियों के मुताबिक, बाद में मानसी स्टेशन पर जांच के दौरान उन्हें पकड़ा गया और जुर्माना भी भरना पड़ा। यात्रियों का कहना है कि यदि स्टेशन पर टिकट उपलब्ध कराया जाता तो उन्हें इस तरह की परेशानी और आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़ता। यात्रियों ने यह भी आरोप लगाया कि सुबह के समय जब सहरसामुंगेर और सहरसा-समस्तीपुर पैसेंजर ट्रेनों सहित अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों का परिचालन होता है, उस समय टिकट काउंटर को लेकर परेशानी बनी रहती है। कुछ यात्रियों का आरोप है कि कई बार कर्मचारी समय पर काउंटर नहीं खोलते और कंप्यूटर खराब होने की बात कहकर टिकट देने से मना कर दिया जाता है। यात्रियों का कहना है कि ग्रामीण और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग ट्रेन से यात्रा करते हैं। ऐसे में स्टेशन पर टिकट की व्यवस्था सुचारु नहीं रहने से सबसे अधिक परेशानी सामान्य यात्रियों को उठानी पड़ती है। बताते चले कि टिकट की समस्या के अलावा यात्रियों ने बदला स्टेशन पर मूलभूत यात्री सुविधाओं की कमी को लेकर भी नाराजगी जताई। यात्रियों के अनुसार स्टेशन पर बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा शौचालय की सुविधा और पेयजल की समुचित व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं होने की शिकायत की गई। यात्रियों ने रेलवे के मानसी-खगड़िया क्षेत्र के संबंधित वरीय अधिकारियों से मामले में संज्ञान लेते हुए बदला घाट स्टेशन की व्यवस्था में सुधार कराने की मांग की है। यात्रियों का कहना है कि टिकट व्यवस्था नियमित की जाए और स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। वहीं, यात्रियों की शिकायतों के संबंध में जब स्टेशन मास्टर से बात की गई तो उन्होंने यात्रियों द्वारा लगाए गए आरोपों को गलत बताया। स्टेशन मास्टर के अनुसार कंप्यूटर लगातार एक सप्ताह से खराब नहीं था। उन्होंने कहा कि कभी-कभार कुछ समय के लिए तकनीकी खराबी आने की स्थिति बनती है और उसे दूर करने का प्रयास किया जाता है। बहरहाल, बदला घाट रेलवे स्टेशन पर टिकट व्यवस्था और यात्री सुविधाओं को लेकर उठी शिकायतों ने स्टेशन की व्यवस्थाओं पर चर्चा तेज कर दी है। यात्रियों का कहना है कि तकनीकी खराबी होने की स्थिति में रेलवे को वैकल्पिक व्यवस्था के जरिए यात्रियों को टिकट उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाना चाहिए, ताकि यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने और बाद में जुर्माना भरने जैसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

परिचारी राजीव कुमार के निधन पर शोक सभा आयोजित



शोक सभा में अधिकारीगण।

खगड़िया (एनएसबी)। सदर प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित प्रतिनियुक्त जिला नजारत शाखा के कार्यालय परिचारी राजीव कुमार के निधन पर जिलाधिकारी के प्रकोष्ठ में उनकी आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक-संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

राजमाता माधुरी देवी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में गांधी एवं शास्त्री जयंती समारोह का भव्य आयोजन

खगड़िया (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर राजमाता माधुरी देवी टीचर ट्रेनिंग कलेज में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेज प्रांगण में मुख्य रूप से निबंध प्रतियोगिता एवं सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें कलेज के भावी शिक्षकों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। समारोह के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के अभूतपूर्व योगदान पर गहन और विस्तृत चर्चा की। निबंध के माध्यम से छात्रों ने गांधी जी के सत्याग्रहश् और लाल बहादुर शास्त्री जी के जय जवान, जय किसान की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सबसे प्रभावशाली क्षण वह था, जब गांधी जी और शास्त्री जी के उच्च आदर्शो से प्रेरित होकर सभी उपस्थित जनों ने एक सामूहिक संकल्प लिया। सभी ने भविष्य में सत्य, अहिंसा और सी के मार्ग पर चलने की शपथ ली। इसके साथ ही, देश में स्थायी शांति व सद्भाव स्थापित करने के उद्देश्य से यह प्रण लिया गया कि वे जाति, धर्म, संप्रदाय, भाषा और क्षेत्रवाद की संकीर्ण सीमाओं से ऊपर उठकर एक सशक्त, अखंड और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में अपना सर्वोच्च योगदान देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेज के प्राचार्य प्रो डा इंद्रजीत ने की, जिन्होंने अपने प्रेरक उोधन से छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में कलेज के सभी सहायक प्राध्यापक, कर्मचारीगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी की सक्रिय भागीदारी ने इस जयंती समारोह को एक ऐतिहासिक और यार आयोजन में बदल दिया।

कन्हैयाचक में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन के जिला कार्यालय का उद्घाटन

परबत्ता (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के कन्हैयाचक में इंडियन बैंक के समीप राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन, भारत के जिला कार्यालय का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मानवाधिकारों और सूचना के अधिकार के प्रति आम लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। संगठन की ओर से बताया गया कि संस्था इंडियन ट्रस्ट एक्ट, 1882 के तहत पंजीत है। समारोह में संगठन के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सांगेश कुमार भाटी, राष्ट्रीय सचिव (मीडिया प्रकोष्ठ) विभूति सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बिहार जितेंद्र कुमार, प्रदेश प्रभारी बिहार दिलीप कुमार, युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष धीरज कुमार, जिलाध्यक्ष खगड़िया अमन कुमार मिश्रा, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष माधव चौधरी एवं किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विक्रम शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि आम नागरिकों को उनके मानवाधिकार, सरकारी योजनाओं और सूचना के अधिकार के प्रति जागरूक करना संगठन की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। जिला कार्यालय के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुनने तथा उन्हें उनके अधिकारों और संबंधित कानूनी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। समारोह के दौरान पदाधिकारियों ने सत्यमेव जयते और कानून है आपकी ढाल, आपका हथियार, जब हो आपके साथ मानवाधिकार जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

पसराहा एवं महेशखूंट में 03407/03408 के ठहराव की मांग

खगड़िया(एनएसबी)। विक्रमशिला सेतु को आगामी तीन माह के लिए पूर्ण रूप से बंद किए जाने से परबत्ता, गोगरी, चौथम एवं बेलदौर सहित आसपास के क्षेत्रों के लाखों लोगों के आवागमन पर गंभीर असर पड़ा है। सड़क मार्ग से भागलपुर जाने का प्रमुख रास्ता बंद होने के कारण छात्र-छात्राओं, मरीजों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों एवं दैनिक यात्रियों के सामने बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। इस गंभीर जनसमस्या को देखते हुए जेडआरयूसीसी सदस्य विकास कुमार सिंह ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर ट्रेन संख्या 03407ध03408 कटिहार-भागलपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का पसराहा एवं महेशखूंट स्टेशन पर तत्काल ठहराव प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब सड़क मार्ग बाधित है और यात्रियों के लिए रेल ही सबसे भरोसेमंद विकल्प बचा है, तब महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ट्रेन का ठहराव नहीं होना यात्रियों की परेशानी को और बढ़ा रहा है। पसराहा स्टेशन गोगरी एवं परबत्ता क्षेत्र के हजारों यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण है, वहीं महेशखूंट स्टेशन चौथम, बेलदौर एवं आसपास के बड़े भू-भाग के यात्रियों के आवागमन का प्रमुख केंद्र है। विक्रमशिला सेतु बंद रहने की पूरी अवधि में इस ट्रेन का पसराहा एवं महेशखूंट में ठहराव केवल सुविधा नहीं, बल्कि वर्तमान परिस्थितियों में यात्रियों की आवश्यक जरूरत है। उन्होंने रेल प्रशासन से आग्रह किया कि जनहित और यात्रियों की गंभीर परेशानी को देखते हुए बिना विलंब के दोनों स्टेशनों पर ठहराव की स्वीति प्रदान की जाए, ताकि भागलपुर आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके।

क्राइम मिटिंग में थानाध्यक्षों को निर्देश

गोगरी(एनएसबी)। गोगरी सर्किल इस्पेक्टर कार्यालय में शनिवार को सर्किल इस्पेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद ने अनुमंडल के सभी थाना अध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में सर्किल इस्पेक्टर ने थानाध्यक्षो से अपराधियों के गिरफ्तारी एवं इलाके में अपराध कम करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। सर्किल इस्पेक्टर ने आयोजित क्राइम मीटिंग में थानाध्यक्ष को बारी बारी से संबंधित थाना के लंवित मामले के निष्पादन का रिपोर्ट लिया। इसके अलावा सभी थाना में लंबित मामले के निष्पादन को लेकर तेजी लाने की बात कही। साथ ही इलाके में अपराध नियंत्रण को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में थानाध्यक्षों से कहा कि किसी भी शर्त पर इलाके में पुलिस की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी एवं शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक मे गोगरी थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार, परबत्ता थाना प्रभारी प्रमोद कुमार,मरैया थाना प्रभारी मनीष कुमार,पसराहा थाना अध्यक्ष राजीव रंजन, महेशखूंट थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार, पोरा थाना प्रभारी सतीश कुमार पटेल, भरत खंड थाना प्रभारी सावित्री कुमारी आदि मौजूद थे।



बैठक में सर्किल इंसपेक्टर व थानाध्यक्ष।

महात्मा गांधी देश में सभी संप्रदाय के लोगों को जोड़कर देश को आजादी दिलाये : प्रभाकर

खगड़िया(एनएसबी)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला परिषद की ओर से जिला कार्यालय योगेंद्र भवन में शांति, सद्भाव सत्य अहिंसा, के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर बापू के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर प्रसाद सिंह ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश में सभी संप्रदाय के लोगों को जोड़कर अंग्रेजों के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन, डांडी आंदोलन, असहयोग आंदोलन चलाकर अंग्रेजों से हिंदुस्तान को 15 अगस्त 1947 को आजादी दिलाई। आज मोदी सरकार गांधी जी के सपनों का हिंदुस्तान को बदलना चाहती है और देश के अंदर संप्रदायिक तनाव हिंदू, मुसलमान सिख, ईसाई के बीच में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर देश की एकता अखंडता को तोड़ने का काम कर रहा है, इस परिस्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पूरे देश में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर शांति, सांप्रदायिक सद्भावना दिवस मनाने का फैसला लिया है और इसीलिए जिला कार्यालय में समारोह आयोजित कर तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किये हैं। कार्यक्रम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभाशंकर सिंह, जिला मंत्री पुनीत मुखिया, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद के सदस्य रविंद्र यादव, अंचल मंत्री कैलाश पासवान, अनिल कुमार सिंह, नरेश शर्मा, मनोज सदा, जिला कार्यकारिणी सदस्य नारायण शाह, बिंदेश्वरी शाह, पार्टी के जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र राय, विभाश चंद्र बोस, चंद किशोर यादव, अधिवक्ता साहब बिहारी, चमक लाल सिंह अधिवक्ता,राजमोहन यादव,जोगिंदर शर्मा,चनदेव ताती, काशी पासवान, सत्यनारायण सिंह, महेंद्र महीप,छात्र नेता प्रशांत सुमन,बिट्टू मिश्रा सहित दर्जनों नेताओं ने माल्यार्पण किये।

सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक

खगड़िया (एनएसबी)। आगामी 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाली सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा की तैयारियों को लेकर घनिवार को भारतीय जनता पार्टी, खगड़िया जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं वरिष्ठ नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 7 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा, यात्रा के मार्ग, कार्यकर्ताओं की सहभागिता, एकत्रीकरण, यातायात एवं कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपने तथा सभी मंडलों से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार 7 अक्टूबर को शहीद प्रभु नारायण चंद्रशेखर नर्सिग कलेज, परमानपुर, खगड़िया में कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों का एकत्रीकरण होगा। सभी प्रतिभागियों को सुबह 10 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद वहां से सेवा ज्योति के साथ यात्रा परमानंदपुर चौक के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा के दौरान सेवा, राष्ट्र निर्माण एवं विकसित भारत के संकल्प का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इसके उपरांत परमानपुर चौक पर मशाल स्थापित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गो को सेवा, राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत 2047 के संकल्प से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने सभी जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। यात्रा के दौरान यातायात, पार्किंग, पेयजल, मंच, ध्वनि व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों को समय से पूरा करने पर भी बैठक में विशेष चर्चा हुई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी मंडलों से निर्धारित संख्या में कार्यकर्ता समय पर एकत्रीकरण स्थल पर पहुंचेंगे तथा यात्रा को अनुशासित एवं व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी।



कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

मिड-डे मील के चावल की बिक्री का आरोप, ग्रामीणों ने रसोइया को पकड़ा

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ प्रखंड के मासूमगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील के चावल की कथित बिक्री का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि 2 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश के बावजूद विद्यालय खोला गया और बच्चों के लिए आवंटित चावल को बाजार में बेचने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने रसोइया को एक दुकान पर चावल ले जाते हुए पकड़ लिया और घटना का वीडियो भी बनाया। ग्रामीणों के अनुसार, रसोइया के पास विद्यालय का चावल था, जिसे वह दुकान पर बेचने पहुंची थी। इस दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने विरोध जताया। आरोप है कि वीडियो बनाए जाने के बीच प्रधान शिक्षिका कविता कुमारी वहां से चली गईं। ग्रामीणों ने विद्यालय में पहले भी अनाज की बिक्री किए जाने का आरोप लगाया है। एक बच्चे के हवाले से ग्रामीणों ने कुछ दिन पूर्व ई-रिक्शा से नौ बोरा चावल ले जाने की बात भी कही।
वहीं, रसोइया ने सफाई देते हुए कहा कि अवकाश के दिन उसने विद्यालय में साफ-सफाई का काम किया था और कथित तौर पर मजदूरी के बदले उसे एक बोरा चावल दिया गया था। उसके अनुसार चावल खराब था, इसलिए वह उसे बेचने गई थी। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पक्ष जानने के लिए संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

बच्चों की थाली सुरक्षित रहे, पीएम पोषण योजना में पारदर्शिता हो मजबूत

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पीएम पोषण योजना बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और विद्यालय में नियमित उपस्थिति से जुड़ी महत्वपूर्ण सरकारी व्यवस्था है। बिहार में योजना की प्रभावशीलता के लिए खाद्यान्न की उपलब्धता, गुणवत्ता, वितरण और उपयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है।
विद्यालयों में प्राप्त चावल एवं अन्य खाद्य सामग्री का नियमित स्टक सत्यापन, अभिलेखों का अद्यतन और निर्धारित मानकों के अनुसार भोजन की गुणवत्ता की निगरानी जरूरी है।किसी विद्यालय में अनियमितता की शिकायत सामने आने पर उसे न तो नजरअंदाज किया जाना चाहिए और न ही बिना जांच के किसी व्यक्ति को दोषी माना जाना चाहिए। निष्पक्ष जांच, संबंधित पक्ष का बयान और अभिलेखों के सत्यापन के आधार पर ही कार्रवाई होनी चाहिए। विद्यालय प्रबंधन समिति, अभिभावकों और स्थानीय समुदाय की सकारात्मक भागीदारी भी निगरानी व्यवस्था को मजबूत कर सकती है।पीएम पोषण योजना की सफलता के लिए विभागीय निरीक्षण के साथ नियमित स्टक मिलान, पारदर्शी रिकर्ड व्यवस्था और शिकायतों के त्वरित निस्तारण की जरूरत है। बच्चों की थाली तक पहुंचने वाला भोजन सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप होइसी से योजना के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत होगा।

अनंत सिंह की 'जन विश्वास यात्रा' का केंद्र अनुज सिंह के समर्थन का अभियान

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)पटना ातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। मोकामा के जदयू विधायक अनंत कुमार सिंह जनसुराज प्रत्याशी ड अनुज सिंह के समर्थन में खुलकर सामने आए हैं। उन्होंने अनुज सिंह के नामांकन में भी भाग लिया और उनके पक्ष में प्रचार करने की बात कही है। अनंत सिंह की प्रस्तावित 'जन विश्वास यात्रा' को इसी चुनावी अभियान से जोड़कर देखा जा रहा है। यात्रा के दौरान पटना ातक निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में मतदाताओं और समर्थकों से संपर्क कर अनुज सिंह के पक्ष में समर्थन जुटाने की कवायद होगी। हालांकि, चुनाव में मतदाताओं का अंतिम निर्णय मतदान के माध्यम से ही सामने आएगा।पटना ातक सीट पर जदयू ने मौजूदा विधान पार्षद नीरज कुमार को उम्मीदवार बनाया है, जबकि जनसुराज ने ड अनुज सिंह को मैदान में उतारा है। ऐसे में अनंत सिंह का अपनी पार्टी के अधित प्रत्याशी के बजाय अनुज सिंह का समर्थन करना चुनावी समीकरणों के लिहाज से चर्चा का विषय बना हुआ है।

स्टेशन रोड पर जाम से जनजीवन प्रभावित

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। स्टेशन रोड पर लगातार लग रहे जाम से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। सड़क पर वाहनों की बढ़ती आवाजाही, बेतरतीब पार्किंग और सड़क किनारे लगने वाली दुकानों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की शिकायत सामने आ रही है। जाम के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों, मरीजों और कामकाजी लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में अतिरिक्तसमय लग रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि व्यस्त समय में स्टेशन रोड की स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। सड़क पर वाहनों के फंसने से पैदल चलने वालों को भी आवागमन में कठिनाई होती है। कई बार जाम की स्थिति आसपास की सड़कों तक पहुंच जाती है, जिससे यातायात का दबाव बढ़ जाता है।लोगों ने प्रशासन और यातायात पुलिस से स्टेशन रोड पर नियमित निगरानी, बेतरतीब पार्किंग पर नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु कराने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्थायी समाधान के लिए सड़क पर यातायात प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था जरूरी है, ताकि स्टेशन रोड से गुजरने वाले लोगों को रोजाना जाम की समस्या का सामना न करना पड़े।

ब्रह्मपुत्र मेल के समय प्लेटफार्म पर लावारिस बैग में मिली 22 बोतल शराब

हरियाणा निर्मित शराब की कीमत करीब 16 हजार रुपये, आरपीएफ ने रेल पुलिस को सौंपा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर ब्रह्मपुत्र मेल के ठहराव के दौरान आरपीएफ ने लावारिस बैग से 22 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर तस्करी के मंसूबे पर पानी फेर दिया। ट्रेन एस्कर्ट पार्टी की मदद से हुई कार्रवाई में विभिन्न ब्रांड की 750 एमएल की शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कीमत करीब 16 हजार रुपये आंकी गई है।आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि ब्रह्मपुत्र मेल के समय प्लेटफार्म संख्या एक पर एक बैग संदिग्ध अवस्था में लावारिस पड़ा मिला। आसपास के यात्रियों से पूछताछ करने के बाद भी किसी ने बैग पर अपना दावा नहीं किया। इसके बाद आरपीएफ जवानों ने बैग की तलाशी ली। बैग खुलते ही उसमें शराब की बोतलें मिलीं।



स्टेशन पर बरामद शराब की जानकारी देते आरपीएफ।

जांच के दौरान कुल 22 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई।आरपीएफ के अनुसार, बरामद शराब की बोतलों पर मेड इन हरियाणा अंकित है। इससे शराब की खेप को हरियाणा से बिहार लाए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, शराब की खेप प्लेटफार्म तक कौन लेकर आया और उसे लावारिस छोड़कर कौन फरार हुआ, इसका पता नहीं चल सका है। आरपीएफ ने इस दिशा में जांच शुरू कर दी है।
बरामद शराब को जब्त कर उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए रेल पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। कार्रवाई में एसआइ भवेश कुमार, एएसआइ समीर दास सहित आरपीएफ के अन्य जवान मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

सेवा संकल्प अभियान के तहत सोनपुर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

7 अक्टूबर की सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों पर हुई विस्तृत चर्चा

सोनपुर (एनएसबी) महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज श्री निलयम रिसर्ट, सोनपुर में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में आगामी 7 अक्टूबर को प्रस्तावित सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों एवं कार्यक्रम की सफलता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनपुर नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह बबलू ने की, जबकि मंच संचालन भाजपा जिला मंत्री राजीव सिंह ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन प्रभारी जन्मेजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को आगामी संगठनात्मक एवं सेवा कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा सेवा संकल्प अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम जिला प्रभारी अशोक कुमार सिंह एवं सोनपुर विधानसभा प्रभारी राजेश ओझा ने संगठन में कार्यकर्ताओं की भूमिका एवं उनके दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता, समर्पण और सामूहिक सहभागिता पर निर्भर करती है।



बैठक में उपस्थित लोग।

इस अवसर पर सोनपुर के माननीय विधायक विनय सिंह ने आगामी 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाली सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक मंडल को निर्धारित जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी मंडलों के कार्यकर्ता समन्वय एवं संगठनात्मक एकजुटता के साथ सम्मानजनक संख्या बल में छपरा राजेन्द्र स्टेडियम पहुंचें, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सामूहिक रूप से सुना जाएगा।विधायक ने कार्यकर्ताओं से सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रहित की भावना के साथ अभियान को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में जिला मंत्री ष्ण राम ने आगत अतिथियों एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर सिवान जिला पश्चिमी प्रभारी लालबाबु कुशवाहा,मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार छोटू, दीपक शर्मा, सुनील कुमार,दीपक गुप्ता एवं ऋषभ, नरेश सिंह, अविनाश कुमार, संजीव कुमार सिंह सुबोध कुमार सिंह, महेश कुमार, मंगल राय, शशिभूषण सिंह, दिव्यांशु गौतम, अरुण कुमार सिंह,बब्लु सिंह, अलोक कुमार सिंह, ज्ञानसागर सिंह, दुर्गा दास सहित भाजपा के विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सोनपुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत स्वच्छता शपथ, प्रभात फेरी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने महात्मा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन

सोनपुर (एन एसबी) सोनपुर मंडल में 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किए जा रहे 'स्वच्छता पखवाड़ा-2026' के अंतर्गत आज 02 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विभिन्न स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 2 अक्टूबर को मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर श्री अमित सरन की गरिमामयी उपस्थिति में स्वच्छता शपथ, प्रभात फेरी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मंडल के अधिकारी, कर्मचारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स तथा अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। सभी ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इसके उपरांत प्रभात फेरीध्स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक सहित अधिकारीगण, कर्मचारी एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रभात फेरी के दौरान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ रेल परिसर से संबंधित नारों एवं संदेशों के माध्यम से जन-जागरूकता का प्रसार किया गया। प्रभात फेरी पाश्चात्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरनएवं अधिकारियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित रेल परिसर के निर्माण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने पर बल दिया गया। वहीं आज 2अक्टूबर गाँधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन द्वारा अन्य द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि किये। सोनपुर मंडल द्वारा 'स्वच्छ रेलस्वच्छ परिसरस्वच्छ पर्यावरण' के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छता पखवाड़े के दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनों, रेलवे कलोनियों, कार्यालयों एवं अन्य रेल परिसरों में स्वच्छता अभियान, श्रमदान, जन-जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजित स्वच्छता शपथ, प्रभात फेरी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की सक्रिय सहभागिता ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सोनपुर मंडल की सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।



वृक्षारोपन करते अधिकारी।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की 15वीं शाखा इकाई कुढ़नी का गठन, रणजीत महतो बने शाखाध्यक्ष और काशीनाथ बैठा सचिव

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, मुजफ्फरपुर की संगठनात्मक विस्तार की कड़ी में 15वीं शाखा इकाई कुढ़नी का गठन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक रणजीत महतो को शाखाध्यक्ष तथा काशीनाथ बैठा को शाखा सचिव मनोनीत किया गया। उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला संयोजक मनोज कुमार सिंह ने उपस्थित सदस्यों को पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पेंशन एवं फैमिली पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं, नमिनी विवरण को अद्यतन रखने तथा स्पर्श पोर्टल पर एलटीए अर्थात जीवन पर्यंत बकाया से संबंधित विवरण को अद्यतन करने के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि इन प्रक्रियाओं की सही जानकारी और समय पर आवश्यक कार्रवाई से पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को मिलने वाले लाभों में सुविधा होती है। उन्होंने सदस्यों से संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और अधिक से अधिक पूर्व सैनिकों को परिषद से जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला प्रतिनिधिमंडल के रूप में परिषद के जिलाध्यक्ष ष्णा सिंह, महासचिव बीरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष सुजय कुमार सिंह तथा गोबरसही शाखाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी उपस्थित रहे।

गांधी और शास्त्री के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प

खादी के प्रोत्साहन से स्वावलंबी भारत का दिया संदेश

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। गांधी जयंती पर शुक्रवार को जिला भाजपा पूर्वी के नेताओं ने खादी भंडार स्थित खादी ग्रामोद्योग परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सूत एवं पुष्प माला अर्पित कर उन्हें एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को नमन किया। साथ हीं चरखा चलाकर स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। जिला भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार के नेतृत्व में गोशाला रोड स्थित खादी ग्रामोद्योग परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा एवं मेयर निर्मला साहु के मार्गदर्शन में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पमाला एवं खादी सूत अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वदेशी एवं स्वावलंबन के सिद्धांतों तथा लालबहादुर शास्त्री के सी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वदेशी के माध्यम से देश को आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाया, वहीं लालबहादुर शास्त्री ने सी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। दोनों महापुरुषों के विचार आज भी समाज और राष्ट्र के लिए प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम के दौरान पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता और पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा ने चरखा चलाकर सूत कातने की पारंपरिक प्रक्रिया का अनुभव किया तथा खादी वस्त्रों की खरीदारी कर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित किया। मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि स्वदेशी, आत्मसम्मान, स्वावलंबन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का प्रतीक है। खादी एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और छोटे उद्यमियों को आर्थिक संबल मिलेगा। वही पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि खादी के अधिकाधिक उपयोग से स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहन देने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकताओं ने आम लोगों से भी खादी एवं स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय कुटीर उद्योगों के संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। मौके पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रभात मालाकार, जिला उपाध्यक्ष फेकु राम, पूर्व मेयर सुरेश कुमार, महामंत्री रविशंकर कुशवाहा, मंत्री पूनम वर्मा, पारितोष सिंह, ष्णा महतो, रितु आनंद, जिला मीडिया टीम प्रभारी सह कोषाध्यक्ष ड़ साकेत शुभम ठाकुर, मंडल अध्यक्ष उत्पल रंजन, नंदकिशोर ठाकुर, धीरज सिंह, भोला चौधरी, अर्चना सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिवाकर शर्मा, मीडिया प्रभारी रंजन ओझा, सतीश कुमार, विजय वर्मा, कपिलेश्वर प्रसाद, अमरेन्द्र सूरज, मो शहनवाज, मुकुल सिंह उमंग कुमार, अभिषेक कुमार, अखिलेश राज, वीर प्रताप सहित जिला, रामदयालु एवं पूर्वी मंडल के अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



गांधी जी की प्रतिमा को नमन करते पूर्व मंत्री एवं भाजपा के नेतागण।

स्कूल गई छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, सात लोगों पर अपहरण की प्राथमिकी

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। कुढ़नी थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा के पिता के आवेदन पर पुलिस ने सकरा थाना क्षेत्र के रहने वाले सात नामजद लोगों के खिलाफ शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के बाद से छात्रा के परिजन चिंतित हैं और उसकी सकुशल बरामी की गुहार पुलिस से लगाई है। प्राथमिकी के अनुसार, घटना 21 सितंबर की बताई गई है। छात्रा दोपहर करीब 12रू20 बजे घर से पास स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए निकली थी। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों, सहेलियों और संभावित ठिकानों पर खोजबीन के बावजूद छात्रा का कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों का आरोप है कि स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाने के दौरान उन्हें पता चला कि सकरा थाना क्षेत्र के एक गांव के सात नामजद लोगों ने कथित तौर पर एक राय होकर छात्रा को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले लिया है और उसे किसी अज्ञात स्थान पर छिपाकर रखा गया है। छात्रा के पिता ने कुढ़नी थाने में लिखित शिकायत देकर बेटी की सकुशल बरामी और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर छात्रा की बरामी का प्रयास कर रही है।

केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे जिला प्रशासन

मुंगेर (एनएसबी)। भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री पंचायती राज मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के हवेली खड़गपुर प्रखंड अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा संबंधित कार्यक्रम स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आने-जाने वाले लोगों की सुविधा, वाहनों के सुगम आवागमन तथा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का भी निदेश दिया।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते डीएम एसपी।

11 दिन बाद भी फरीदपुर डकैती का सुराग नहीं, पुलिस के हाथ खाली

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर थाना क्षेत्र के फरीदपुर दास टोली में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मनोज कुमार दास के घर हुई डकैती के 11 दिन बाद भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। 22 सितंबर की रात हथियार के बल पर पांच नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर करीब 1850 लाख रुपये की संपत्ति लूट ली थी। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में अब भी दहशत का माहौल है।डकैती की घटना को अंजाम देने वाले सभी बदमाशों की उम्र करीब 20 से 22 वर्ष बताई गई थी। बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर परिवार के सदस्यों को अपने कब्जे में लिया और नकदी व आभूषण सहित कीमती सामान लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी, लेकिन 11 दिन बीत जाने के बाद भी मामले का पर्दाफाश नहीं हो सका है।इधर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि कांड के उद्भेदन को लेकर पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच में कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। कांड के उद्भेदन में भले ही समय लग रहा हो, लेकिन घटना का निश्चित रूप से खुलासा किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जांच के दौरान कई सफेदपोश चेहरे भी बेनकाब हो सकते हैं।वहीं घटना के बाद से पीड़ित परिवार पुलिस की कार्रवाई पर नजर बनाए हुए है। परिवार के सदस्यों में अब भी सुरक्षा को लेकर भय बना हुआ है। स्थानीय लोगों में भी घटना का जल्द खुलासा नहीं होने को लेकर चर्चा है।

10 मामलों की हुई सुनवाई, दो का निष्पादन

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। अंचल कार्यालय जमालपुर में शनिवार को सीओ प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न मामलों से संबंधित कुल 10 फरियादियों ने अपनी शिकायतें एवं समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। सीओ ने सभी मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित पक्षों से आवश्यक जानकारी ली। इनमें दो मामलों का अन द स्पट निष्पादन कर दिया गया। वहीं, शेष आठ मामलों में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद अगले जनता दरबार में निष्पादन करने की बात कही गई। सीओ ने संबंधित कर्मियों को मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए।

कटाव से परेशान है सिंघिया पंचायत की जनता

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। प्रखंड की सिंघिया पंचायत में गंगा कटाव से ग्रामीण परेशान हैं। पंचायत के वार्ड संख्या 11 एवं चार में गंगा किनारे बसे लोगों के घरों पर हर साल बाढ़ और कटाव का खतरा मंडराता रहता है। बरसात के दिनों में गंगा का जलस्तर बढ़ने के साथ कटाव तेज हो जाता है, जिससे ग्रामीणों में भय बना रहता है। कटाव के कारण नदी धीरे-धीरे आबादी की ओर बढ़ रही है। ग्रामीणों को अपने घर और जमीन के अस्तित्व की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कटाव निरोधक कार्य कराने की मांग की है। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जवाहर साह ने जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कराने तथा जल्द सुरक्षात्मक कार्य शुरू कराने की मांग की है।

रोको-टोको अभियान से वाहन चालकों में मचा हड़कंप

तीन थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच, दो दर्जन वाहनों पर जुर्माना

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। पर्व-त्योहार के मद्देनजर पुलिस ने वाहन चालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर सफियासराय, जमालपुर और ईस्ट कलोनी थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में रोको-टोको अभियान चलाकर सघन वाहन जांच की। पुलिस की अचानक शुरू हुई कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।
जमालपुर-मुंगेर मुख्य मार्ग पर सफियासराय और जमालपुर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से वाहनों की जांच की। इस दौरान बाइक सवारों के हेलमेट, वाहन के कागजात सहित अन्य जरूरी बिंदुओं की जांच की गई। वहीं, ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर वाहन रोककर जांच की। अचानक सड़क पर पुलिस की चेकिंग देखकर कई वाहन चालक रास्ता बदलते नजर आए।तीनों थाना क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब दो दर्जन वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। पुलिस की कार्रवाई से वाहन चालकों में खलबली मची रही।जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान, सफियासराय थानाध्यक्ष संजीत कुमार और ईस्ट कलोनी थानाध्यक्ष वीरभद्र सिंह ने बताया कि आगामी पर्व-त्योहार को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। रोको-टोको अभियान अब नियमित रूप से चलाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जाएगी।



रोको टोको अभियान चलाती पुलिस।

संक्षिप्त खबरें

अंडर-14 व अंडर-17 कराटे में राज इंटरनेशनल स्कूल ने जीता जिला स्तरीय खिताब

समस्तीपुर। एनएसबी जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में राज इंटरनेशनल स्कूल, मथुरापुर की अंडर-14 और अंडर-17 कराटे टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। राज इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने शुरूआत से ही आक्रामकता के साथ संतुलित खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों पर बढ़त बनाए रखी। टीम की सफलता के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय के निदेशक सूर्य शेखर प्रसाद मंडल ने विजेता खिलाड़ियों, खेल शिक्षक एवं विद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और खेल भावना के कारण विद्यालय को यह उपलब्धि मिली है। विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग जारी रखेगा। विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने भी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में सफलता के बाद टीम के अगले स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

विधान परिषद चुनाव के लिए 11 सदस्यीय जिला स्तरीय चुनाव अभियान समिति गठित

उजियारपुर। एनएसबी बिहार विधान परिषद के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। उजियारपुर विधायक सह पूर्व मंत्री एवं राजद के जिला प्रभारी आलोक कुमार मेहता की ओर से समस्तीपुर जिला स्तरीय चुनाव अभियान समिति के गठन की जानकारी दी गई है। समिति में 11 सदस्यों को शामिल किया गया है। जारी सूची के अनुसार राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती को समिति की अध्यक्ष बनाया गया है। उनके साथ विपिन सहनी, प्रभु नारायण राय, चन्द्रिका सिंह, हरिश्चन्द्र राय, विष्णुदेव सिंह, शत्रुघ्न यादव, प्रमोद पंडित, नसीम अब्दुल्ला, विश्वनाथ राम एवं संजीव कुमार राय को सदस्य बनाया गया है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि समिति आगामी चुनाव को लेकर जिला स्तर पर अभियान एवं संगठनात्मक गतिविधियों का समन्वय करेगी। जिला सह प्रभारी सत्यविन्द पासवान एवं प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने मनोनीत सदस्यों को बधाई दी। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 2026 के चुनाव को लेकर विभिन्न दलों ने अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं। भाजपा ने सर्वेश कुमार को प्रत्याशी बनाया है, जबकि राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने अनिल कुमार झा को प्रत्याशी बनाया है।

बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंची मेडिकाना अस्पताल की टीम, खाद्य सामग्री व दवाएं बांटी

समस्तीपुर। एनएसबी जिले में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए मेडिकाना मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की टीम ने राहत अभियान चलाया। अस्पताल की टीम ने बाढ़ प्रभावित रसलपुर पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया तथा आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। मेडिकाना प्रमुख एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. कनुप्रिया मिश्रा के नेतृत्व में पहुंची टीम ने प्रभावित परिवारों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। टीम ने लोगों से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और बाढ़ के बाद उत्पन्न होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। डॉ. कनुप्रिया मिश्रा ने लोगों को स्वच्छ पानी पीने, आसपास साफ-सफाई रखने तथा संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ा होना सामाजिक जिम्मेदारी है। राहत अभियान के माध्यम से प्रभावित परिवारों को तत्काल आवश्यक सामग्री एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार आगे भी राहत एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा। मौके पर विजय कुमार चौधरी सहित अस्पताल की टीम के अन्य सदस्य मौजूद थे।

दुगार्पूजा को लेकर एसडीओ ने अधिकारियों को दिए सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

समस्तीपुर। एनएसबी आगामी दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल सभागार में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने की। इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा सभी थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक में एसडीओ ने अधिकारियों को दुगार्पूजा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने पूजा पंडालों, भीड़भाड़ वाले स्थानों तथा प्रतिमा विसर्जन मार्गों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पंडालों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच, नियमित पुलिस गश्त, महिला सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया। बैठक में सभी प्रखंडों में जल्द शांति समिति की बैठक आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। एसडीओ ने कहा कि शांति समिति की बैठकों में पूजा समितियों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को शामिल किया जाए, ताकि पर्व के दौरान बेहतर समन्वय कायम रहे। पूजा अवधि में पंडालों में बिजली, पेयजल, सफाई एवं चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए संबंधित विभागों को भी निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि दुगार्पूजा सामूहिक सद्भाव और भाईचारे का पर्व है। सभी लोगों की सहभागिता से इसे शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा को लेकर पूरी तरह सतर्क रहेगा।

जिला एनडीए की बैठक में दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा

समस्तीपुर। एनएसबी बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर समस्तीपुर जिला एनडीए की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष डॉ. दुर्गेश राय ने की, जबकि संचालन भाजपा जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला मंत्री सह उजियारपुर विधानसभा प्रभारी जगदेव राम ने किया। बैठक की शुरूआत दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी सर्वेश कुमार, एमएलसी डॉ. तरुण कुमार, रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार पासवान, मोहिउद्दीनगर विधायक राजेश कुमार सिंह तथा एनडीए के अन्य नेताओं द्वारा भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। बैठक में एनडीए नेताओं एवं कार्यकताओं ने आगामी विधान परिषद चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों पर चर्चा की। पार्टी नेताओं ने कार्यकताओं से बूथ स्तर से जिला स्तर तक संगठन के साथ समन्वय बनाकर चुनावी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक को एनटीपीसी के निदेशक सुशील चौधरी, भाजपा समस्तीपुर दक्षिणी जिलाध्यक्ष शशिधर झा, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष डॉ. दुर्गेश राय, लोजपा रामविलास जिलाध्यक्ष अनुपम सिंह, हम जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिलाध्यक्ष नीशांत कुमार सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा ने सर्वेश कुमार को प्रत्याशी बनाया है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मतदान 23 अक्टूबर को होना है और मतगणना 27 अक्टूबर को निर्धारित है।

गांधी-शास्त्री जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और विज्ञान प्रदर्शनी

दलसिंहसराय। एनएसबी आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक नवीन कुमार झा का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार चांद मुसाफिर ने की, जबकि नगर परिषद दलसिंहसराय के कार्यपालक पदाधिकारी अभिसार कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कर विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से अपनी रचनात्मक सोच एवं प्रयोगात्मक क्षमता दिखाई।

रात में गायब 10 वर्षीय बच्चे का गाछी में मिला शव, एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य

विद्यापतिनगर। एनएसबी घर से रात में गायब हुए 10 वर्षीय बच्चे का शव शनिवार की सुबह गाछी में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मधुवन टोल बढ़ौना वार्ड संख्या-3 निवासी मंटू साह के पुत्र सुधीर कुमार के रूप में हुई है। शव फुलवंतो स्थान के आगे पूर्व मतखोंमा गाछी में मिला। शरीर पर चोट और कटे के निशान मिलने की बात सामने आने के बाद परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। हालांकि पुलिस ने अभी हत्या की पुष्टि नहीं की है।

बताया गया कि सुधीर शुक्रवार की रात करीब नौ बजे से लापता था। परिजनों ने आसपास के इलाके में उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। शनिवार की सुबह करीब छह बजे शौच के लिए निकले ग्रामीणों की नजर गाछी में पड़े बच्चे के शव पर पड़ी। इसके बाद शव मिलने की सूचना गांव में तेजी से फैल गई और घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।



परिजनों के अनुसार बच्चे की आंख के पास चोट के निशान थे। शरीर के कई हिस्सों पर कटे के निशान भी बताए गए हैं। इन परिस्थितियों के कारण परिजन घटना को हत्या से जोड़कर देख रहे हैं और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और वहां से आवश्यक नमूने एवं अन्य साक्ष्य जुटाए। टीम साक्ष्यों को जांच के लिए अपने साथ ले गई। पुलिस बच्चे के घर से निकलने के समय, उसके संपर्क में आए लोगों तथा घटनास्थल के आसपास की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

सुधीर चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसके पिता मंटू साह मजदूरी के साथ कबाड़ का काम करते हैं। छोटे बेटे की मौत की खबर मिलने के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ परिजनों और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर पिंकी प्रसाद, थानाध्यक्ष सूरज कुमार, एसआई शलिम रजा, रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था।

भाजपा ने स्वच्छता अभियान चलाकर गांधी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, नशा मुक्ति का संदेश

ताजपुर। एनएसबी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर भाजपा ताजपुर दक्षिणी मंडल की ओर से कोठिया पंचायत स्थित गांधी चौक पर स्वच्छता एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गांधी प्रतिमा की साफ-सफाई करने के बाद कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के बाद नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम में प्रभारी मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिलीप सिंह कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष शशिधर झा, जिला प्रभारी संजीव साह, जिला महामंत्री मनोज कुमार सिंह, जिला मोर्चा अध्यक्ष अमरेश साहू, बीस सूत्री अध्यक्ष डॉ. कुमार समर्पण, सांसद प्रतिनिधि सुशील चौबे एवं डॉ. ज्ञान शंकर कौशल सहित कई नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी विचारों और सामाजिक जीवन में स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की। नशा मुक्ति अभियान के माध्यम से लोगों से नशे की आदत से दूर रहने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की गई। मौके पर मंडल महामंत्री अमरेश कुमार चौरसिया, राजेश कुमार कुशवाहा, ललित कुमार कुशवाहा, नरेंद्र चौधरी, रंजीत कुमार सिंह, शोभा देवी, मंडल अध्यक्ष विवेक साहू, पंचायत अध्यक्ष सत्यनारायण चौधरी, महामंत्री धनु कुमार, कौशल किशोर गुप्ता, अशोक पासवान, सुभाष सिंह, रंजीत कुमार गुप्ता, अजय सिन्हा, मुन्ना दास, सुरेश साह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

एसआईआर के विरोध में माले का मार्च, मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन

ताजपुर। एनएसबी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में भाकपा माले की ताजपुर प्रखंड कमिटी की ओर से शनिवार को फतेहपुर चौक से विरोध मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल कार्यकर्ता नारे लगाते हुए मोतीपुर सब्जी मंडी पहुंचे, जहां मार्च सभा में तब्दील हो गया। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर एसआईआर-2026 से संबंधित मतदाता सूची सेवाएं उपलब्ध हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में ज्ञानेश कुमार कार्यरत हैं।



सभा की अध्यक्षता भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने की। इस दौरान ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, प्रभात रंजन गुप्ता, शंकर महतो, मनोज कुमार सिंह, संजीव राय, सुलेखा कुमारी, आशा कुमारी एवं सुनीता कुमारी समेत अन्य वक्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पार्टी की आपत्तियां रखीं और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य बंदना सिंह ने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया के कारण बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे को लेकर आंदोलन जारी रखेगी तथा गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने हर वार्ड में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन करने की घोषणा भी की।

मार्च के दौरान कार्यकताओं ने एसआईआर रद्द करने तथा मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर नारे लगाए। कार्यक्रम के अंत में प्रदर्शनकारियों ने ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध जताया।

पर्व-त्योहारों को देखते हुए बंद 32 नंबर रेलवे गुमटी पथ चालू कराने की मांग

दलसिंहसराय। एनएसबी शहर के 32 नंबर रेलवे गुमटी के समीप निमार्णाधीन ओवरब्रिज के कारण पिछले करीब दो वर्षों से बंद महावीर चौक से गुमटी तक मुख्य सड़क को चालू कराने की मांग की गई है। इस संबंध में जदयू के राज्य परिषद सदस्य सुनील कुमार बमबम ने अनुमंडल पदाधिकारी, दलसिंहसराय को आवेदन देकर सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन शुरू कराने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पिछले कई महीनों से किसी कारणवश रुका हुआ है। मुख्य सड़क बंद रहने से शहरवासियों के साथ बाहर से आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। लोगों को वैकल्पिक मार्ग से आवागमन करना पड़ रहा है, लेकिन वह मार्ग जर्जर रहने के साथ-साथ अक्सर जाम की समस्या से भी प्रभावित रहता है। सुनील कुमार बमबम ने कहा कि दुगार्पूजा, दीपावली और छठ पर्व के कारण आने वाले दिनों में बाजारों में लोगों की भीड़ बढ़ेगी। ऐसी स्थिति में वैकल्पिक मार्ग पर यातायात का दबाव और बढ़ सकता है। इससे जाम की समस्या गंभीर होने की आशंका है। उन्होंने एसडीओ से मांग की है कि जब तक ओवरब्रिज का निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं होता, तब तक बंद सर्विस रोड की अविलंब मरम्मत कराकर उसे आम लोगों के आवागमन के लिए चालू कराया जाए।

हत्याकांड का नामजद आरोपी घर से गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

विद्यापतिनगर। एनएसबी विद्यापतिनगर थाना पुलिस ने हत्याकांड में फरार चल रहे एक नामजद आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान खनुआ गांव निवासी अमित साहनी, पिता हुलस सहनी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार अमित साहनी विद्यापतिनगर थाना कांड संख्या 107/25 में नामजद आरोपित है। यह मामला 10 जुलाई 2025 को दर्ज किया गया था। मामले में पहले ही हुलस सहनी और सुकुमारिया देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 238 एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अमित साहनी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही थी।

ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

कल्याणपुर। एनएसबी चकमेहसी थाना क्षेत्र के चकमेहसी पंचायत स्थित नवाबगंज गांव में शुक्रवार की देर शाम खेत जोतकर लौटने के दौरान ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई।

जनता दरबार में सात मामलों का मौके पर निष्पादन

विद्यापतिनगर। एनएसबी अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचल अधिकारी कुमार हर्ष एवं एएसआई रविन्द्र कुमार की मौजूदगी में आयोजित जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस दौरान कुल सात मामले सामने आए, जिनकी सुनवाई के बाद मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, रास्ते से संबंधित समस्या, जमीन की मापी तथा आपसी विवाद से जुड़े मामले सामने आए। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की बात सुनी और संबंधित कागजात एवं मामले की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए सातों मामलों का निष्पादन किया गया। अंचल अधिकारी कुमार हर्ष ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। भूमि एवं राजस्व से जुड़े मामलों को लेकर लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत मामलों की सुनवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति और नियमानुसार विवादों का समाधान कराने का प्रयास किया जाता है। वहीं एएसआई रविन्द्र कुमार ने विवादित मामलों में दोनों पक्षों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार के विवाद को बढ़ने से रोकने की सलाह दी। मौके पर राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



गांधी और शास्त्री हमारे आदर्श हैं : डॉ. लाभ

समस्तीपुर। एनएसबी महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार की देर शाम कायस्थ-परिवार की ओर से शिक्षाविद मंच के तत्वावधान में ताजपुर रोड स्थित समता सदन में समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. परमानन्द लाभ ने की। कार्यक्रम की शुरूआत राजकुमार चौधरी की सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद डॉ. परमानन्द लाभ द्वारा लिखित पुस्तकों ह्यगांधीजी के अनुत्तरित सवालह्ण और ह्यबजाना अपनी डफली अपना रागह्ण का लोकार्पण किया गया। मिथिला की परंपरा के अनुसार आयोजक समदर्शी राजगृहार को दुपट्टा, माला और पाग देकर सम्मानित किया गया।



समारोह में मुख्य अतिथि ने सरकार से राजकीय सम्मान के रूप में शास्त्री जयंती मनाने की मांग की। विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार वर्मा ने शास्त्रीजी की मृत्यु से जुड़े सवालों की जांच कर स्थिति स्पष्ट करने की मांग रखी।

अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. परमानन्द लाभ ने महात्मा गांधी को राजनीतिक संत और लाल बहादुर शास्त्री को राजनीतिक आदर्श बताया। इससे पहले महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। अतिथियों का स्वागत समदर्शी राजगृहार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजद नेता सत्यविंद पासवान ने किया।

कार्यक्रम को डॉ. मायानन्द राय, अभिमन्यु कुमार, नवल किशोर, मनोज कुमार कर्ण, मो. मुर्शीद खां, करण भास्कर, विनयकृष्ण, सौम्य शिरोमणि, गजेंद्र कुमार, डॉ. रवींद्रचन्द्र वर्मा, पत्रकार प्रवीण कुमार सिन्हा, टेक्नोमिशन निदेशक ए.के. लाल एवं दरभंगा शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी भुवनेश्वर राम सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।

पूजा पंडालों में सीसीटीवी, फायर बॉक्स और वॉलेंटियर की रहेगी व्यवस्था

दलसिंहसराय। एनएसबी आगामी दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर दलसिंहसराय अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओ किशन कुमार ने पूजा समितियों को समय पर लाइसेंस लेने और प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूजा समितियों एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक जानकारी दी। बैठक में पूजा पंडालों की सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। एसडीओ ने कहा कि सभी पूजा समितियां समय से लाइसेंस प्राप्त करें और पंडालों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करें।

हर पंडाल में सीसीटीवी और फायर बॉक्स लगाने का निर्देश

एसडीओ ने सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे और फायर बॉक्स लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पहले से तैयारी जरूरी है। भीड़भाड़ वाले पंडालों में विशेष सतर्कता बरतने तथा श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु रखने को कहा गया।

वॉलेंटियर के लिए ड्रेस कोड और इमरजेंसी नंबर जरूरी

डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने कहा कि प्रत्येक पूजा समिति अपने वॉलेंटियर के लिए ड्रेस कोड निर्धारित करे, ताकि भीड़ में उनकी पहचान आसानी से हो सके। पंडालों में पर्याप्त संख्या में वॉलेंटियर तैनात रखने तथा आपातकालीन संपर्क नंबर प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय स्थिति की जानकारी तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को दी जाए। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे।

संक्षिप्त खबरें

पिंडदानियों के चुराय गये समान को पुलिस ने किया बरामद

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। पितृपक्ष मेला महासंगम 2026 के अवसर पर गया आए पिंडदानियों के गोल्ड चेन, कान की बाली, पायल एवं नकद राशि को गया पुलिस की तत्परता एवं सक्रियता से बरामद कर संबंधित पिंडदानियों को सुरक्षित रूप से वापस किया गया।

जगजीवन महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक पितृपक्ष में निःस्वार्थ सेवा में जुटे

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। जगजीवन महाविद्यालय, गया के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक पितृपक्ष मेले के दौरान सीताकुंड में लगातार



निःस्वार्थ सेवा कार्य में लगे हुए हैं। पितरों का पिंडदान करने आए श्रद्धालुओं की सेवा, मार्गदर्शन और व्यवस्था में स्वयंसेवक संगठन बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. मो. ऐयूब ने कहा कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर सीताकुंड में साफ-सफाई करवाई गई। हमारे एनएसएस स्वयंसेवकों ने पितृपक्ष में निःस्वार्थ भाव से सेवा दे रहे हैं, इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूँ। एनएसएस स्वयंसेवक वैभव कुमार और कुश कुमार ने कहा कि सीताकुंड में आए सभी पितरों के परिजनों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है और गांधी जी के स्वच्छता के संदेश को आगे बढ़ाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

डॉ राजेंद्र प्रसाद स्कॉलरशिप और एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा शास्त्री जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। गयाजी, दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो। देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर डॉ राजेंद्र प्रसाद स्कॉलरशिप और एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा शास्त्री जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा पूर्वक नमन करते हुए ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा सामाजिक रूप से जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उच्च पद पर रहते हुए भी इन्होंने सादगी जीवन जीना पसंद किया। इनके सादगी विचार और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ विचारधारा को सदस्यों ने याद करते हुए उनके आदर्श विचारधारा पर चलने का संकल्प सामूहिक रूप से लिए। कार्यक्रम में मुकेश कुमार वर्मा, सुनील कुमार सिन्हा, प्रभात शंकर, राजेश सहाय, विभूतिभूषण, मंगलेश सिंन्हा, गोलोक बिहारी श्रीवास्तव रिंकू सिन्हा, यश सिन्हा ,विवेक बिहारी सिन्हा रंजन सिन्हा आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

जिउतिया व्रत में भी अवकाश नहीं मिलने से महिला स्वास्थ्यकर्मियों को उठानी पड़ी परेशानी

कुर्था (एनएसबी)। जिउतिया व्रत के अवसर पर विभिन्न विभागों में अवकाश घोषित किए जाने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महिला



डयूटी पर तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मी।

परिचारिकाओं को ड्यूटी से राहत नहीं मिल सकी है। इसके कारण निर्जला व्रत रखने वाली महिला परिचारिकाओं को अस्पताल में सेवा देने के दौरान काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपवास के दौरान अन्न-जल ग्रहण किए बिना उन्हें मरीजों की देखभाल और अन्य जिम्मेदारियां निभानी पड़ रही हैं। नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर महिला परिचारिकाओं ने बताया कि वे जिउतिया का निर्जला व्रत रखकर अस्पताल में अपनी ड्यूटी कर रही हैं। लंबे समय तक बिना अन्न-जल के रहने के कारण ड्यूटी के दौरान शारीरिक कमजोरी और परेशानी महसूस हो रही है। इसके बावजूद मरीजों की सेवा को देखते हुए वे अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही हैं। महिला परिचारिकाओं का कहना है कि जिउतिया महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे में व्रत रखने वाली महिला कर्मियों को अवकाश अथवा वैकल्पिक ड्यूटी की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती तो उन्हें काफी राहत मिलती। उनका सुझाव है कि व्रत रखने वाली कर्मियों की जगह उन महिला कर्मियों से ड्यूटी ली जा सकती है, जो व्रत नहीं रखती हैं। इससे अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं भी सुचारु रूप से चलती रहेंगी और व्रत रखने वाली महिला परिचारिकाओं को पर्व मनाने में सुविधा मिलेगी। महिला परिचारिकाओं ने विभागीय अधिकारियों से जिउतिया जैसे महत्वपूर्ण पर्व के दौरान व्रत रखने वाली महिला स्वास्थ्यकर्मियों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ड्यूटी व्यवस्था में आवश्यक राहत देने की मांग की है।

मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन

बोधगया (एनएसबी)। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग द्वारा पीएच.डी. शोधार्थियों के लिए एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय ह्यभूगोलः द रूट्स, अंडरस्टैंडिंग एंड मार्च टुवर्ड्स रिसर्चह्व था। व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को भूगोल की मूल अवधारणा, उसके विकास, भूगोल को समझने की व्यापक दृष्टि तथा



भौगोलिक शोध की प्रकृति एवं विभिन्न शोध-दृष्टिकोणों से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग की वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. मीनाक्षी प्रसाद द्वारा मुख्य वक्ता प्रो. राणा पी. बी. सिंह, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, भूगोल विभाग, विज्ञान संस्थान, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी का स्वागत करते हुए किया गया। उन्होंने कहा कि शोधार्थियों के लिए ऐसे व्याख्यान विषय की व्यापक समझ विकसित करने तथा शोध के प्रति वैज्ञानिक एवं आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बाद डॉ. पिंटू कुमार ने परिचयात्मक वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए व्याख्यान के विषय की पृष्ठभूमि एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. राणा पी. बी. सिंह, सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग, विज्ञान संस्थान, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने ह्यभूगोलः द रूट्स, अंडरस्टैंडिंग एंड मार्च टुवर्ड्स रिसर्चह्व विषय पर अपना विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो. सिंह ने शोध की प्रकृति एवं उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए शोधार्थियों के समक्ष कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न रखेकृशोध क्यों किया जाना चाहिए? भूगोल को कैसे परिभाषित किया जाए? भौगोलिक शोध की विशिष्टता क्या है? शोध के लिए कौन-कौन से दृष्टिकोण उपलब्ध हैं और किसी शोध समस्या के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण का चयन किस प्रकार किया जाए? उन्होंने शोध को प्रश्नों, जिज्ञासा, अन्वेषण एवं ज्ञान की गहन समझ की प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मानव विज्ञानों में शोध का उद्देश्य मानव, स्थान, क्षेत्र एवं पर्यावरण के बीच संबंधों को बेहतर ढंग से समझना है। प्रो. राणा पी. बी. सिंह ने शोधार्थियों को शोध में खुले एवं व्यापक दृष्टिकोण को अपनाने तथा भौगोलिक घटनाओं को विभिन्न दृष्टियों से समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भूगोल को केवल एक विषय के रूप में न देखकर इसे पृथ्वी, मानव एवं पर्यावरण के अंतसंबंधों को समझने की एक व्यापक दृष्टि के रूप में देखने पर बल दिया।

गया जिला विकास की गति पर अग्रसर हो रहा है : मांझी

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। गया जिले के 162 वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को गांधी मैदान स्थित टेंट सिटी में भव्य एवं गरिमापूर्ण मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी एवं अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार द्वारा 162 मोमबत्तियां जलाकर किया गया। इसके उपरांत केक काटकर गया जिले का 162वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

पितृपक्ष मेला 2026 के अवसर पर आयोजित ह्यपेंट द सिटीह्व कार्यक्रम में भाग लेने वाले गया जिले के प्रतिभावान बच्चों को इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी एवं अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। इन बच्चों द्वारा गया शहर के प्रमुख पिंडवेदी स्थलों पर पिंडदान की

गया जिले का 162 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के संपन्न



धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को आकर्षक वॉल पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था। चित्रों के माध्यम से पिंडदान की परंपरा, महत्व एवं गया की आध्यात्मिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय मंत्री एवं बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों के रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने गया जिलेवासियों को 162 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गया जिला लगातार विकास की गति पर अग्रसर है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गया के समग्र एवं बेहतर विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में इन प्रयासों से गया के विकास को और गति मिलेगी तथा जिले में नागरिक सुविधाओं एवं आधारभूत संरचनाओं का और विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला के अवसर पर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट प्रबंधन एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। देश-विदेश से बड़ी संख्या में आने वाले तीर्थयात्री यहां से सुखद अनुभव लेकर अपने घर लौट रहे हैं। पितृपक्ष मेला के बेहतर प्रबंधन से गया एवं बिहार की देश-विदेश में सकारात्मक पहचान और मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला प्रत्येक वर्ष एक नई ऊंचाई प्राप्त कर रहा है। इससे गया एवं बिहार की ब्रांडिंग को और मजबूती मिल रही है तथा देश-विदेश में गयाजी की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान और व्यापक हो रही है। अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिले के 162 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गयाजी केवल एक जिला नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक चेतना का महत्वपूर्ण केंद्र है। भगवान विष्णु की पावन नगरी, भगवान बुद्ध की ज्ञानभूमि बोधगया, फल्गु नदी, विष्णुपद मंदिर, अक्षयवट, सीताकुंड, मंगला गौरी, प्रेतशिला एवं रामशिला जैसी धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरें गया की विशिष्ट पहचान हैं। उन्होंने कहा कि गांधी मैदान स्थित टेंट सिटी में आयोजित यह कार्यक्रम श्रद्धालुओं एवं नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। जिला प्रशासन, नगर निकाय, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आम नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही बड़े आयोजनों को सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के अवसर पर गया की गौरवशाली विरासत को संरक्षित रखते हुए विकास को नई गति देने तथा जिले को स्वच्छ, सुंदर एवं आधुनिक बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया।

सेवा ज्योति संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में जुटी भाजपा

अरवल (एनएसबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक के 25 वर्षों के जनसेवा एवं शासन के सफर के पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जाने वाले ह्यसेवा ज्योति संकल्प यात्राह्व को लेकर शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने की। बैठक में आगामी 7 अक्टूबर को अरवल गांधी मैदान में प्रस्तावित कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए विभिन्न स्तरों पर कार्ययोजना तय की गई।



बैठक करते भाजपा नेता।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शासन प्रमुख की जिम्मेदारी संभालने से लेकर प्रधानमंत्री तक के सफर से जनसेवा का उनकी 25 वर्षों की यात्रा 7 अक्टूबर को पूर्ण हो रही है। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि इसी अवसर को जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोड़ते हुए अरवल के गांधी मैदान में 7 अक्टूबर को ह्यसेवा ज्योति संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, सेवा और सुशासन की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर है। कार्यक्रम की भव्यता और सफलता के लिए पार्टी के बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। कार्यकताओं की सहभागिता से कार्यक्रम को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के सभी मंडलों, शक्ति केंद्रों एवं बूथों से कार्यकताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संगठनात्मक स्तर पर तैयारी की जा रही है। बैठक में कार्यकताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया गया। जिला प्रभारी सुबोध पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के जनसेवा के सफर को समर्पित यह कार्यक्रम संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए बूथ स्तर तक संपर्क और समन्वय को मजबूत किया जाएगा। सभी मंडलों एवं बूथों के कार्यकताओं को निर्धारित जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जनभागीदारी से मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

7 अक्टूबर को अरवल गांधी मैदान में होगा आयोजन

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय होंगे मुख्य अतिथि

छूटे हुए एवं नए पात्र निर्वाचक फॉर्म-6 के माध्यम से निर्वाचक सूची में जुड़वाएं अपना नाम : डीएम

अरवल (एनएसबी)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के सभी पात्र निर्वाचकों से अपील की जाती है कि जिन पात्र नागरिकों का नाम अब तक निर्वाचक सूची में शामिल नहीं है, वे अपना नाम निर्वाचक सूची में शामिल कराने हेतु फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन अवश्य करें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में वैसे राज्यों में, जहाँ विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्फ़) की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है, वहाँ निर्वाचक सूची में नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म-6 के साथ अलग से घोषणा-पत्र देने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। अतः पात्र नागरिक अपना नाम निर्वाचक सूची में शामिल कराने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, अरवल द्वारा विशेष रूप से छूटे हुए पात्र निर्वाचकों एवं नए निर्वाचकों से अपील की गई है कि वे अभियान का लाभ उठाते हुए निर्वाचक सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। साथ ही जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि छूटे हुए एवं नए पात्र निर्वाचकों के नाम निर्वाचक सूची में जोड़ने हेतु अभियान चलाकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक निर्वाचक सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, अरवल की अपील सभी पात्र नागरिक निर्वाचक सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

500 इंटर्नशिप शुल्क पर छात्रों का फूटा आक्रोश

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। गया कॉलेज, गया में इंटर्नशिप के नाम पर टेस्ट देने के लिए छात्र-छात्राओं से 500 रुपए शुल्क वसूले जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया। छात्र-छात्राओं से इस प्रकार शुल्क वसूली की जानकारी मिलते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तत्काल इसका विरोध करते हुए शुल्क जमा नहीं करने का आह्वान किया। शनिवार को गया कॉलेज में छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या ने एकजुट होकर 500 शुल्क वसूली के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया और कॉलेज प्रशासन से तत्काल इस अवैध शुल्क वसूली को बंद करने की मांग की। छात्रों के आक्रोश और अभावीप के लगातार विरोध के बाद कॉलेज प्रशासन को अंततः पीछे हटना पड़ा। महाविद्यालय प्रशासन

अभाविप के आंदोलन के आगे झुक गया कॉलेज प्रशासन



द्वारा पत्र जारी कर स्पष्ट किया गया कि इंटर्नशिप से संबंधित किसी भी प्रकार का शुल्क छात्र-छात्राओं से नहीं लिया जाएगा। अभाविप के जिला संयोजक विनायक कुमार ने कॉलेज प्रशासन पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि छात्रों को शिक्षा देने के नाम पर लगातार अलग-अलग मदों में शुल्क लेने की प्रवृत्ति किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। छात्रों की जेब पर बोझ डालकर कॉलेज प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता। 500 शुल्क वसूली का निर्णय छात्रों के विरोध के बाद वापस लेना पड़ा, यह स्पष्ट करता है कि जब छात्र एकजुट होकर अपने अधिकार के लिए खड़े होते हैं तो प्रशासन को जवाब देना ही पड़ता है। अभविप ने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में यदि इंटर्नशिप, टेस्ट, प्रैक्टिकल अथवा किसी अन्य मद के नाम पर छात्रों से अनावश्यक शुल्क वसूली का प्रयास किया गया, तो महाविद्यालय प्रशासन को फिर से छात्रों के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

चुनाव आयोग के खिलाफ 6 अक्टूबर को कुर्था में महागठबंधन निकलेगा प्रतिरोध मार्च

कुर्था(एनएसबी)। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरोध में प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर शनिवार को कुर्था परिषदन में महागठबंधन के नेताओं की बैठक हुई। बैठक का नेतृत्व राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुनील यादव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे कुर्था प्रखंड मुख्यालय से विद्रोही चौक तक प्रतिरोध मार्च निकाला जाएगा। इस दौरान महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ विरोध दर्ज कराएंगे। बैठक में राजद के बंसी प्रखंड अध्यक्ष महाराणा प्रसाद, प्रखंड मीडिया प्रभारी राम प्यारे यादव, पूर्व मुखिया भान यादव, सांसद प्रतिनिधि अमिताभ यादव, कांग्रेस नेता जितेंद्र कुमार, भाकपा माले के प्रखंड सचिव महेश यादव राजद नेता नीरज यादव सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डुमरा में ट्रेन की चपेट में दो किशोरों की मौत

टिकारी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेलखंड पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस्माइलपुर-गुरारू स्टेशन के बीच डुमरा रेलवे गुमटी के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो किशोरों की मौत हो गई। जिस दिन माताएं अपने पुत्रों की लंबी उम्र के लिए जिउतिया व्रत रखे हुई थीं, उसी दिन दो घरों के चिराग बुझ गए। मृतकों की पहचान डुमरा गांव निवासी बिंदेश्वर यादव के 12 वर्षीय पुत्र प्रतीक कुमार और नीरज रवानी के 12 वर्षीय इकलौते पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई है। दोनों कक्षा 5 के छात्र थे। परिजनों के अनुसार, दोनों सुबह इस्माइलपुर में ट्यूशन पढ़कर घर लौटे थे। खाना खाने के बाद वे रेलवे गुमटी के पास स्थित मैदान में खेलने गए थे। मैदान तक जाने के लिए रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है। इसी दौरान तेज रफ्तार एक्सप्रेस ट्रेन आ गई और दोनों उसकी चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के करीब एक घंटे बाद जब परिजनों ने खोजबीन शुरू की, तब शवों की शिनाख्त हो सकी।

बताया जाता है कि नीरज रवानी बंगाल में नहर विभाग में मजदूरी करते हैं और शिवम उनका इकलौता बेटा था। वहीं बिंदेश्वर यादव पिलग्रिम अस्पताल, गया में एंबुलेंस चालक हैं। प्रतीक दो भाइयों में छोटा था और ज्ञान भारती स्कूल, गुरारू में पढ़ता था। सूचना मिलते ही कोंच थाना और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गई। डबूर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर मो. आकिब आलम, सुखेन्द्र यादव, दिलीप कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

शिक्षा सुधारो-स्कूल ठीक करो अभियान को बड़े जनांदोलन में बदलने का लिया संकल्प

अरवल (एनएसबी)। शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, सरकारी स्कूलों की जर्जर स्थिति और गरीब-दलित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित किए जाने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के सवाल पर भाकपा-माले की अरवल जिला कमिटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य कमिटी के फैसलों के आलोक में ह्यशिक्षा सुधारोझस्कूल ठीक करोह्व अभियान को जिले में व्यापक जनांदोलन का रूप देने का निर्णय लिया गया। बैठक में पार्टी प्रभारी कुमार परवेज, पूर्व विधायक महानंद सिंह जिला सचिव जितेंद्र यादव, राज्य कमिटी सदस्य लीला वर्मा, शाह शाद सहित समेत जिला कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जिले की राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक परिस्थितियों की समीक्षा करते हुए आने वाले दिनों के आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। पूर्व विधायक महानंद सिंह ने कहा कि बैठक में तय किया गया कि इंडिया गठबंधन के आह्वान पर 2 से 8 अक्तूबर के बीच जिले में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर सघन अभियान चलाया जाएगा. गांव गांव बैठक की जाएगी और 6 व 7 अक्टूबर को सघन प्रचार चलाया जाएगा. 8 अक्टूबर को सभी प्रखंड मुख्यालय पर लोकतंत्र बचाओ मार्च का आयोजन किया जाएगा कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चल रहे विवाद और मतदाताओं के नाम हटाए जाने की शिकायतों पर चर्चा की। हालिया रिपोर्टों में निर्वाचन आयोग के भीतर स्क्फ़से जुड़े कुछ निर्णयों पर आयुक्तों द्वारा आपत्तियां उठाई हैं जो काफी गंभीर हैं।कहा कि



बैठक में शामिल पूर्व विधायक।

मतदाता सूची में नाम हटाए जाने की प्रक्रिया ने बड़ी संख्या में लोगों के सामने अपने मताधिकार को लेकर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर प्रभावित मतदाताओं को संगठित करेगी और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन तेज करेगी उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने और बिहार में पुनः चुनाव कराने की पार्टी की मांग को दोहराया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी प्रभारी कुमार परवेज ने कहा कि सरकार की शिक्षा नीति का सबसे अधिक खामियाजा गरीबों, दलितों, पिछड़ों और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों और दलितों के स्कूल भी भूमिहीन हैं और कई उत्क्रमित विद्यालय आज उत्पीड़ित विद्यालय में तब्दील हो गए हैं।

विभागीय उदासीनता के कारण सड़क पर दिख रहा झाड़ियों का कब्जा

कुर्था(एनएसबी)। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्ग और शहर से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना समेत विभिन्न योजनाओं के तहत पक्की सड़कों का निर्माण कराया गया। इन सड़कों का उद्देश्य ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना और कम समय में मुख्य मार्ग व शहर तक पहुंच सुनिश्चित करना था लेकिन निर्माण के बाद नियमित देखरेख और रखरखाव के अभाव में प्रखंड क्षेत्र की कई ग्रामीण सड़कों की स्थिति अब बदहाल होती जा रही है। दरहेटा गांव में बनी सड़क भी विभागीय उपेक्षा की शिकार है। सड़क के दोनों किनारों पर झाड़ीनुमा घास और वनस्पतियां तेजी से फैल गई हैं, जिससे कई जगह सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है। इसके कारण वाहनों के आवागमन में परेशानी हो रही है और आमने-सामने से आने वाले वाहनों को रास्ता देने में भी ग्रामीणों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के



सड़क किनारे लगी झाड़ी।

किनारों की सफाई और झाड़ियों की कटाई नहीं होने के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। समय रहते सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में आवागमन की समस्या और गंभीर हो सकती है।

संक्षिप्त खबरें

जिउतिया पर पूजा अर्चना, मंगल कामना

पटना सिटी/एनएसबी। तीन दिनों के जिउतिया व्रत केअनुष्ठान में अष्टमी के दिन शनिवार को व्रती महिलाएं उपवास रह कर लव कुश की पूजा अर्चना की. मातृ नवमी के दिन रविवार को व्रती महिलाएं व्रत का अनुष्ठान पूरा कर पारण करेंगी. त्योहार को लेकर बाजारों में चहल पहल रही.इस दौरान पूजा पाठ के नियमित उपयोग आने वाली पूजन सामग्री की खरीदारी की गयी. व्रति महिलाओं ने सामुहिक पूजन का अनुष्ठान भी किया. पारण से पहले पूजा अर्चना का अनुष्ठान व्रती महिलाओं की ओर से किया जायेगा.

तख्त साहिब में अखंड पाठ

पटना सिटी/एनएसबी। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव जी महाराज के ज्योति जोत पर्व पर शनिवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ रखा गया.सोमवार को अखंड पाठ की समाप्ति के बाद विशेष दीवान सजेगा. अखंड पाठ तख्त साहिब के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में हुई. पदधारकों ने बताया कि ने बताया कि ज्योति जोत पर्व पर होने वाले धार्मिक आयोजन की तैयारी की गयी है.

अभिनेत्री ने बड़ी पटनदेवी में की पूजा अर्चना

पटना सिटी/एनएसबी। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में दर्शन पूजन के लिए अभिनेत्री यामिनी गौतम पहुंची. जहां पर महंत विजय शंकर गिरि ने पूजा अर्चना का अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चर से कराया. इसके बाद अभिनेत्री को माता की चुनरी आशीर्वाद में व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया. इस दौरान मंहत ने शक्तिपीठ में चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति से भी अवगत कराया.सिने अभिनेत्री ने कहा कि माता रानी के दरबार में आकर आत्मिक शांति की अनुभूति हुई. इससे पहले तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में भी मत्था टेक गुरुघर का आशीष लिया था.

इंटर कॉलेज वेट लिफ्टिंग और पवार लिफ्टिंग प्रतियोगिता संपन्न

पटना सिटी/एनएसबी। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से जुड़े इंटर कॉलेज वेट लिफ्टिंग और पवार लिफ्टिंग प्रतियोगिता किला रोड स्थित श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज में संपन्न हो गयी. कालेज प्राचार्य प्रो डॉ मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित पुरस्कार वितरण में श्री गुरु गोविंद कॉलेज चैंपियन बना.दूसरे स्थान पर बीडी कॉलेज और तीसरे स्थान पर किसान कॉलेज, नालंदा के प्रतिभागी विजेता को पुरस्कृत किया गया.कार्यक्रमका संचालन डॉ अमरेंद्र त्रिपाठी व अतिथियों का स्वागत खेल प्रभारी डॉ. सुनील कुमार ने की. आयोजन में कॉलेज की खुशी कुमारी चैंपियनशिप रही. कार्यक्रम में डॉ फजल अहमद,डॉ उमेश कुमार, डॉ. के.के. धर, डॉ. शम्स तबरेज असलम,डॉ मोहम्मद तकी, डॉ दिनेश कुमार, डॉ नरेश कुमार, डॉ निकिता जायसवाल, डॉ मो शहाबुद्दीन,डॉ. जन्मेजय कुमार व पूर्व पी.टी.आई. मनोरंजन कुमार उपस्थित थे. प्रतियोगिता में रेफरी के तौर पर सुधा कुमारी, आलोक राज, विवेक कुमार गुप्ता, प्रियांशु राज और अभिषेक राज शामिल हुए थे.

फायर कर्मियों पूजा पंडालों का जायया ले दिया निर्देश

पटना सिटी/एनएसबी। दुर्गा पूजा को ले बन रहे पूजा पंडालों का जायजा लेने के लिए फायर बिग्रेड के कर्मियों की टीम निकली. फायर अफसर अजय कुमार शर्मा के निर्देश पर प्रधान अग्निक पंकज कुमार रजक,नुरे एम पासा,विकास,रवि,करिश्मा व रीना कुमारी ने पूजा पंडाल का निरीक्षण कर पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव के साथ सदस्यों को सुरक्षा मानक के तहत पंडाल निर्माण कराने का निर्देश दिया. इस दौरान फायरकर्मियों ने पूजा पंडालों मे जजर्र व खुले विद्युत तार का उपयोग नहीं करने, पंडाल के अंदर हवन कुंड का इस्तेमाल नहीं करने और अग्निशमन यंत्र रखने को कहा. फायर अफसर ने बताया कि पूजा आयोजकों को पंडाल मे फायर सेफ्टी को लेकर आवश्यक जानकारी दी जा रही है. इसके साथ ही फायर बिग्रेड की टीम पंडाल का निरीक्षण कर रही है.

चोरों ने दो मकान से उड़ाये 24 लाख से अधिक की संपत्ति

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना के आइओसी कॉलोनी के विश्वासिनी नगर निवासी पीड़िता अर्चना केसरी के बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने 22लाख रुपये से अधिक की संपत्ति चोरी की है. पीड़िता ने इसकी शिकायत थाना में दर्ज करायी है. इसमें पुलिस को बताया है कि चोरों ने मकान के मेन गेट तोड़ कर बीस लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण व दो लाख रुपये नगद चोरी कर लिया है. शिकायत पर जांच पड़ताल को पहुंची अगमकुआं थाना पुलिस आसपास में लगे सीसीटी फुटेज को खंगाल रही है. महिला का कहना है कि पड़ोस के सीसीटी फुटेज में तीन संदिग्ध दिख रहे है. दूसरी ओर दीदारगंज थाना में डॉ सुजीत कुमार निराला ने निमार्णाधीन मकान से दो लाख रुपये से अधिक की संपत्ति चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी है.इसमें पुलिस को बता है कि चोरों ने जेनरेटर,मोटर,पंखे समेत अन्य कीमती सामान निमार्णाधीन मकान से चोरी कर लिया है. पुलिस ने बताया कि चोरी के दोनों मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन की जा रही है. पुलिस चोरी की गुत्थी सुलझाने के लिए सीसीटी फुटेज को खंगाल रही है.

ट्रक के गुप्त तहखाने से 1391.04 लीटर विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

हाजीपुर/एनएसबी। बिहार सरकार की पूर्ण शराबबंदी नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं कारोबार पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में उत्पाद विभाग द्वारा लगातार सघन जांच एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग की टीम को अवैध रूप से परिवहन की जा रही विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद करने में सफलता मिली है। उत्पाद विभाग की टीम द्वारा दौलतपुर चांदी, थाना कजीपुर क्षेत्र में जांच के दौरान 12 चक्का ट्रक संख्या BR01GR 1171 को रोका गया। ट्रक की गहन जांच के क्रम में उसके डाला के फ्लोर में बनाए गए गुप्त तहखाने का पता चला। तहखाने की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखी गई 161 पेटी विदेशी शराब, कुल मात्रा 1391.04 लीटर, बरामद की गई। उत्पाद विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान ट्रक पर सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त ट्रक को नियमानुसार जब्त करते हुए गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



जिला पदाधिकारी ने जिला भू-अर्जन कार्यालय का किया निरीक्षण

आगंतुकों की सुविधा एवं स्वच्छ कार्यालय व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

हाजीपुर/एनएसबी। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा जिला भू-अर्जन कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई एवं आगंतुकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यालय परिसर एवं विभिन्न कक्षों का अवलोकन करते हुए उचित साफ-सफाई एवं सुव्यवस्थित कार्यालय व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, कार्यालय परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने तथा नागरिकों के साथ सुविधाजनक एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यालय में कार्यों के निष्पादन की स्थिति की भी जानकारी ली तथा संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को कार्यालयीन कार्यों का समयबद्ध एवं सुचारु निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन के सभी कार्यालयों में स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं जनहितैषी कार्य वातावरण बनाए रखना प्राथमिकता है, ताकि आमजन को सरकारी सेवाओं एवं कार्यों के निष्पादन में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

पंचायत सरकार भवनों को पूरी तरह क्रियाशील रखें : डीएम

पटना/एनएसबी। जिला अंतर्गत चल रहे विकासात्मक एवं कल्याणकारी व योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समयपर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पंचायत सरकार भवनों के सुचारू संचालन पर विशेष जोर

जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी पंचायत सरकार भवन पूरी तरह क्रियाशील रहें तथा वहां निर्धारित कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पंचायत सरकार भवनों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि पंचायत सरकार भवनों पर कार्यरत कर्मियों के वेतन का भुगतान बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही किया जाए। किसी पंचायत सरकार भवन के बंद अथवा गैर-क्रियाशील पाए जाने पर संबंधित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को पंचायत सरकार भवनों के संचालन का नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

उद्योग एवं बड़ी परियोजनाओं लिए लैंड बैंक तैयार करने का निर्देश

जिलाधिकारी ने जिले में औद्योगिक इकाइयों एवं बड़ी परियोजनाओं की स्थापना के लिए पर्याप्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। सभी अंचल अधिकारियों एवं अनुमंडल पदाधिकारियों को उपयुक्त सरकारी भूमि की पहचान कर लैंड बैंक तैयार करने का निर्देश दिया गया, ताकि बड़ी परियोजनाओं आवश्यकता के अनुरूप औद्योगिक एवं अन्य विकास परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को उद्योग एवं विभिन्न उद्यमों से संबंधित आवेदनों, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, क्लीयरेंस एवं लाइसेंस से जुड़े मामलों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। इससे जिले में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने के साथ रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास के अवसरों का विस्तार होगा। बैठक में ह्यसेवा संकल्प एवं कायाकल्पह्व अभियान की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, पंचायत भवनों एवं अन्य चयनित सरकारी भवनों एवं स्कीमो में आवश्यक सुधार एवं विकासात्मक कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भवन में उपलब्ध आधारभूत संरचना एवं आवश्यक सुविधाओं की कमियों को चिह्नित कर उनके निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विद्यालयों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालयों के वास्तविक आवश्यकताओं एवं समस्याओं की पहचान मीना मंच एवं बाल संसद के माध्यम से भी की जाए, ताकि उनकी वास्तविक जरूरतों के अनुरूप सुधारात्मक कार्य किए जा सकें।

अस्पतालों में चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति एवं सुविधाओं की जानकारी प्रदर्शित करने का निर्देश

जिलाधिकारी ने अस्पतालों में चिकित्सकों की ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अस्पतालों में डिजिटल डिस्प्ले लगाने को कहा, जिस पर जिनकी ड्यूटी हो उन चिकित्सक का नाम एवं मोबाइल नंबर प्रदर्शित हो, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को सुविधा हो सके. साथ ही अस्पतालों में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया।

लोक शिकायत, आरटीपीएस एवं न्यायालयीय मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर

बैठक में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम विभिन्न न्यायालयीय मामलों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का ससमय, गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

भू-अर्जन एवं मुआवजा भुगतान में तेजी लाने का निर्देश

विभिन्न विकास एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं के लिए किए जा रहे भू-अर्जन की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन भू-स्वामियों को अर्जित भूमि का मुआवजा अब तक प्राप्त नहीं हुआ है, उनके लिए विशेष कैंप आयोजित कर भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन भूमि का भू-अर्जन पूर्ण हो चुका है, उनका दाखिल-खारिज तत्काल सुनिश्चित किया जाए, ताकि परियोजनाओं से संबंधित आगे की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री शुभम कुमार सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

वामपंथी पार्टियों ने निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का फूका पुतला



हाजीपुर/एनएसबी। वामपंथी पार्टियों भाकपा-माले एवं भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) हाजीपुर ने हाजीपुर के रामचौरा महारानी चौक पर संयुक्त रूप से भारत के निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला लेकर रामचौरा से हेला बाजार के विभिन्न मार्गो से जुलूस के साथ महारानी चौक पर पहुंचकर पुतला का दहन किया। पुतला दहन के बाद एक नुक्कड़ सभा किया गया जिसकी अध्यक्षता सीपीएम के वरिष्ठ नेता दीनबंधु प्रसाद ने किया एवं संचालन माले के जिला सचिव गोपाल पासवान ने किया।

उक्त मौके पर माकपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र पटेल, माले के रामबाबू भगत, नगर सचिव मजेंद्र शाह, युवा नेता दिलीप कुमार,माकपा के मिथलेश पासवान ने संबोधन किया इसके अलावा शत्रुधन पासवान, राजवलव पासवान , मो तबराज आदि ने कार्यक्रम में सामिल हुआ कहा कि देश की आजादी के बाद पहले चुनाव आयुक्त है जो भाजपा एवं आरएसएस के गुलामी में लगा हुआ है तथा उसके अनुकूल देश के मतदाताओं का मतहरण किया है, संविधान यह कहता है कि किसी भी हाल में एक भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे, यह जिम्मेवारी निर्वाचन आयोग की है परंतु चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार से शुरू कर पश्चात बंगाल,हरियाणा, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में एस आई आर के नाम पर 13 करोड़ मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर दिया और उनके नाम काट दिए गए यह अपराध देशद्रोह का साबित होता है। न्यायालय इस मामले पर दोहरी नीतियां अपना रही है सरकार अडानी अंबानी के सेवा में लगा हुआ है, इस देश की जमीन ,संपदा ,उद्योग तमाम अदानी अम्बानी के हाथों में सॉफ्ते जा रही है, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि देश गुलामी की ओर बढ़ रहा है देश के अंदर एक तरफ सामंती, संप्रदाय ताकतों का हौसला बढ़ा है तो दूसरी ओर इसके खिलाफ आंदोलन भी आगे बढ़ रही है और इस आंदोलन में इस सरकार को जाना होगा और ज्ञानेश कुमार को त्यागपत्र देना होगा। इस देश में निष्पक्ष निर्वाचन हो इसके लिए बिहार ,बंगाल, हरियाणा जैसे राज्यों का पुनः नए सिरे से सभी कांटे गए मतदाओ का नाम जोड़कर ,चुनाव कराकर सरकार का गठन किया जाना चाहिए। नेताओं ने यह आरोप लगाया की एनडीए सरकार के नेतृत्व में सब कुछ कॉपोरेट घरानो के हाथ में सोपते जा रही है और मनु स्मृति जैसे संविधान को ठोकना चाहती है। यह इस देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी ।

बाढ़ पीड़ितों तक हर जरूरी राहत सामग्री पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम



हाजीपुर/एनएसबी। बाढ़ प्रभावित परिवारों तक तत्काल राहत एवं आवश्यक खाद्य सामग्री पहुँचाने को लेकर जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंहके मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में जिला प्रशासन द्वारा राहत कार्य लगातार संचालित किए जा रहे हैं। प्रभावित परिवारों की जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राहत सामग्री की उपलब्धता, पैकेजिंग एवं उसके त्वरित वितरण की लगातार समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने आज नगर परिषद, हाजीपुर परिसर पहुँचकर बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री तैयार कर रहीं जीविका दीदियों के कार्य का स्वयं निरीक्षण किया। उन्होंने राहत पैकेट तैयार करने की पूरी प्रक्रिया का जायजा लिया तथा जीविका दीदियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में जीविका दीदियों द्वारा स्वेच्छापूर्वक आगे बढ़कर राहत कार्यों में सहयोग करना सराहनीय है। उनकी सहभागिता से राहत सामग्री को तेजी से तैयार कर प्रभावित परिवारों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण सहायता मिल रही है। जिला पदाधिकारी की पहल एवं मार्गदर्शन में जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दीदियाँ राहत अभियान की सक्रिय सहयोगी बनी हुई हैं। उनके द्वारा चूड़ा, चीनी एवं चना की पैकेजिंग कर खाद्य राहत पैकेट तैयार किए जा रहे हैं। राहत कार्य में आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न संस्थाओं एवं समूहों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जिला पदाधिकारी द्वारा विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि प्रभावित परिवारों तक आवश्यक सामग्री शीघ्र पहुँचाई जा सके।

डीएम ने स्वयं राहत पैकेट तैयार कर रहीं जीविका दीदियों के कार्य का किया निरीक्षण, बढ़ाया उत्साह

जिला प्रशासन द्वारा तैयार राहत सामग्री को वैशाली जिले के हाजीपुर एवं राघोपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के साथ-साथ सारण जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी भेजा जा रहा है। अब तक 7 हजार खाद्य पैकेट प्रभावित परिवारों के लिए भेजे जा चुके हैं, जबकि 5 हजार अतिरिक्त खाद्य पैकेट तैयार किए जा रहे हैं।

शहादत दिवस पर याद किये गए अजित कुमार अकेला और विशेश्वर शाह

बिदुपुर/एनएसबी। 52वे शहादत दिवस पर छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस की गोली से मारे गए अजित कुमार अकेला और विशेश्वर शाह सिद्दत से याद किये गए ' बिदुपुर प्रखंड कार्यालय के सामने बने उनके मूर्ति पर शनिवार को एक सादे कार्यक्रम के तहद उनकी 52 वी शहादत दिवस मनाया गया तथा उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ' मालूम हो की 3 सितंबर 1974 को लोक नायक जयप्रकाश नारायण आह्वान पर बिदुपुर प्रखंड के विभिन्न हाई स्कूलों के छात्र प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे थे ' जुलुश मे आगे महान स्वतंत्रता सेनानी अमीर सिंह उर्फ अमीर गुरूजी एवं लालती देवी के पुत्र अजित कुमार अकेला थे ' पुलिस ने उनके सीने मे गोली मारी और उनके साथ साथ विशेश्वर साह को भी गोली लगी और दोनों वही दम तोड़ दिए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक सतीश कुमार ने कहा की जिन्दा कौम अपने पुरखो के बलिदान को कभी नहीं भूलता है ' अजित कुमार अकेला और विशेश्वर शाह ने जिन मूल्यों और आदर्श के लिए अपनी जन गवाई उनको स्थापित करने मे अपना योगदान देना हमारा पुनीत कर्तव्य है ' सभी ने उनके मूर्ति पर पुष्प मला दल कर अपनी कृतज्ञता जाहिर की मौके पर पूर्व विधायक सतीश कुमार के अलावे जिला मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद सिंह, अक्षयवत सेवा ट्रस्ट के वीर बहादुर सिंह, भाजपा नेता टिंकज कुमार सिंह,विक्रांत गौतम इंजिनियर रंजीत सिंह पूर्व शिक्षक चन्द्रिका सिंह देवराज सिंह आदि ने भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की।



नशीला इंजेक्शन व टैबलेट के साथ छह गिरफ्तार

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना की पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये गये विशेष छापेमारी अभियान में नशीले इंजेक्शन व टैबलेट के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया है. नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलजा ने बताया कि अगमकुआं थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि महात्मा गांधी नगर टीवी टावार के पास नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री की जा रही है. सूचना के बाद थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा के नेतृत्व में गठित पुलिसटीम ने छापेमारी की. छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार करते हुए 415 नशीली सुई बरामद किया. पकड़े गये चारों की निशानदेही पर गठित पुलिस टीम ने गोविंद मित्र रोड स्थित फार्मा के गोदाम में छापेमारी की. छापेमारी के दौरान गोदाम में रखे गये पांच हजार 500 पीस टैबलेट व तीन हजार 875 पीस नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया है. सिटी एसपी ने बताया कि इस मामले में छह लोगोंको गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार लोगों में बिक्रांत,आदित्य राज,अनिल कुमार,पंकज पासवान,शहजाद आलम अफकान आलम को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार छह लोग अगमकुआं और बहादुरपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले है.

तिरहुत स्नातक चुनाव को लेकर NDA की बड़ी बैठक, अभिषेक झा के चुनाव अभियान पर बनी संयुक्त रणनीति

हाजीपुर/एनएसबी। आज तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर होटल के सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी ई. अभिषेक झा के चुनाव अभियान को लेकर गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने व्यापक विचार-विमर्श किया।बैठक में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव प्रभारी सह वैशाली के माननीय विधायक श्री सिद्धार्थ पटेल सहित के पांचों घटक दलों के जिलाध्यक्षों, विधायकों, पूर्व विधायकों एवं वरिष्ठ नेताओं ने चुनावी तैयारियों, आपसी समन्वय, स्नातक मतदाताओं से संपर्क तथा बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता बढ़ाने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।बैठक में बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा स्नातक मतदाताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचने के विभिन्न सुझावों पर विचार किया गया। ई. अभिषेक झा ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं पांचों घटक दलों के जिलाध्यक्षों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक में मिले सुझावों के अनुरूप आगे के चुनावी कार्यक्रमों को समन्वित ढंग से संचालित किया जाएगा।



बिहार सब जूनियर में वैशाली जिले के एक बेटे और एक बिटिया का बिहार टीम में हुई चयन



हाजीपुर/एनएसबी। भिलाई (छत्तीसगढ़) में 3 से 7 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली 45वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप (बालक व बालिका) में भाग लेने वाली बिहार सब जूनियर बालक व बालिका बॉल बैडमिंटन टीम की घोषणा कर दी गयी है। टीम की घोषणा करते हुए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर ने बताया कि बिहार टीम आज पटना से भिलाई के लिए रवाना हो गयी। बिहार टीम को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के एवं वैशाली जिला संघ के पदाधिकारी डॉ संगीता कुमारी हाजीपुर नगर परिषद अध्यक्ष एवं अध्यक्ष सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ, अनिल चंद्र कुशवाहा भाजपा नेता राजेंद्र कुमार बनफूल, विनोद सिंह सम्राट अध्यक्ष पूर्व नगर परिषद सोनपुर एवं वैशाली जिला एथलेटिक समाजसेवी खेल प्रेमी सतीश पाठक जी किसलय किशोर अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा विकास परिषद राजकुमार राजू, डॉ राजेश शुभांगी सचिव वैशाली जिला एथलेटिक्स संघ संजय दादा समाजसेवी, कमल प्रसाद सिंह रालोपा नेता इंजीनियर जवाहरलाल सिंह संघअध्यक्ष-सह-सदस्य,बिहार विधान परिषद प्रो.नवल किशोर यादव, उपाध्यक्ष-सह-भाजपा प्रवक्ता प्रो.सुहेली मेहता,मिथिलेश कुमार मंडल,डॉ.सुनील कुमार सिंह, सुजय सौरभ,निदेशक पवन केजरीवाल,संयुक्त सचिव मिताली मित्रा,रंजन गुप्ता,संयोजक डॉ.अरुण दयाल ने शुभकामनाएं दीं हैं।

घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या और चाची को घायल करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हाजीपुर/एनएसबी। भगवानपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की गला काटकर हत्या कर दी गई। चाची को गम्भीर रूप से घायल कर दिया।पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए हत्या की घटना के 04 घंटे के भीतर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जानकारी दिया कि भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरिवंशपुर वार्ड नं0-03 में पति-पत्नी के बीच विवाद के कारण पति द्वारा अपनी पत्नी की गला रेतकर हत्या किए जाने की सूचना प्राप्त हुई।सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए जांच-पड़ताल प्रारंभ की गई तथा ऋछ टीम को सूचित किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के नेतृत्व में अनु०पु०पदा०, लालगंज एवं थानाध्यक्ष भगवानपुर के साथ एक टीम का गठन किया गया।टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के लगभग 04 घंटे के अंदर हत्यारोपी दिलीप माँझी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम में अभियुक्त द्वारा हत्या करने की बात को स्वीकार किया गया है। साथ ही, घटना में प्रयुक्त एक गड़ासा एवं हंसुली को भी विधिवत जब्त किया गया है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल, हाजीपुर भेजा गया है।

संक्षिप्त खबरें

घर से खरीदारी करने गई महिला के बक्से से सात जेवर चोरी, दो पर आरोप

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय थाना क्षेत्र के करमैनी गाजी गांव में घर से खरीदारी करने गई महिला के बक्से से जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है।पीड़ित महिला माला देवी ने कुचायकोट थाने में आवेदन देकर घटना की शिकायत की है।आवेदन के अनुसार, माला देवी गुरुवार को खरीदारी करने के लिए कुचायकोट बाजार गई थीं।इसी दौरान घर में रखे उनके बक्से को परिवार के ही दो लोगों ने खोलकर उसमें रखे सात जेवर चोरी कर लिए।खरीदारी कर घर लौटने के बाद जब उन्होंने बक्सा खुला देखा और उसमें रखे जेवर गायब मिले, तो घटना की जानकारी पुलिस को दी।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने महिला से घटना की जानकारी ली।पुलिस मामले की जांच कर रही है। साथ ही चोरी के आरोपों की सत्यता की पड़ताल करते हुए संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है।

खराब सड़क पर अनियंत्रित होकर पलटा टेंपो

अभियंत्रण महाविद्यालय के दो छात्र घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) विशंभरपुर थाना क्षेत्र के तिवारी मटिहनिया गांव के समीप शनिवार को खराब सड़क के कारण एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया।हादसे में सिपाया स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया।जानकारी के अनुसार, मोतिहारी निवासी अभियंत्रण महाविद्यालय के छात्र आशुतोष कुमार और संध्या कुमारी टेंपो से किसी काम से कुचायकोट आ रहे थे।इसी दौरान तिवारी मटिहनिया गांव के पास सड़क की खराब स्थिति के कारण टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।दुर्घटना में दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को टेंपो से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने भी मामले की जानकारी ली।

दो जगहों पर मारपीट में दो महिला सहित आठ घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों पर हुई मारपीट की घटनाओं में आठ लोग घायल हो गए।घायलों में दो महिलाएं भी शामिल हैं।सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट में कराया गया।जानकारी के अनुसार, बघउच गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा था।शुक्रवार देर रात कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई।घटना में एक पक्ष के शहाबुद्दीन अंसारी और खुशी खातून तथा दूसरे पक्ष के राजा हुसैन, साबिर मियां और नूरजहां घायल हो गए।वहीं, शनिवार की सुबह दूसरी घटना नोनिया टोला गांव में हुई।यहां आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में अभिषेक कुमार, हरकेश महतो और नीरज कुमार घायल हो गए।दोनों घटनाओं के बाद आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार हुआ।पुलिस दोनों घटनाओं की जानकारी जुटा रही है।

कचरा निस्तारण इकाई में चला विशेष स्वच्छता अभियान, रंगोली बना जलाए दीप

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छ वातावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार की देर शाम बनकटा पंचायत के बरनैया गोकुल गांव स्थित कचरा निस्तारण इकाई परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान स्वच्छता कर्मियों ने परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।इसके बाद परिसर में



आकर्षक रंगोली बनाई गई और दीप जलाए गए।इस मौके पर स्वच्छता कर्मियों ने ह्यस्वच्छ बिहार, स्वस्थ बिहारह्ण की सोच के साथ पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की शपथ ली। स्वच्छता पर्यवेक्षक विकास कुमार ने बताया कि ह्यसेवा ही संकल्पह्ण कार्यक्रम के तहत पंचायत के विभिन्न स्थानों पर लगातार स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।इसी क्रम में कचरा निस्तारण इकाई परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने तथा स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए जागरूक किया जा रहा है।अभियान में शामिल स्वच्छता कर्मियों ने नियमित रूप से परिसर और पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

बाइक की ठोकर से पैदल जा रहा व्यक्ति घायल, गोरखपुर रेफर

कटेया (दैनिक नवसंदेश) कटेया थाना क्षेत्र के सिकटिया गांव के समीप मुख्य सड़क पर बाइक की ठोकर से पैदल जा रहा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की पहचान अहिरौली गांव निवासी विजय नोनिया के रूप में हुई है।घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। इस संबंध में गणेश नोनिया की पत्नी सुनीता देवी ने थाने में आवेदन देकर बताया है कि उनके देवर विजय नोनिया 21 सितंबर की शाम करीब छह बजे पंचदेवरी बाजार से पैदल अपने घर अहिरौली जा रहे थे।इसी दौरान सिकटिया गांव के समीप मुख्य सड़क पर पंचदेवरी निवासी अजय चैहान बाइक से आया और उन्हें ठोकर मार दी।घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पंचदेवरी लाया गया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया।पुलिस पीड़ित महिला के दिए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांधी -शास्त्री जयंती पर पौधारोपण किया

पटना/एनएसबी। सामाजिक एवं साँस्कृतिक संस्था युवा संगम और चार्ल्स डार्विन इंग्लिश स्कूल के तत्वाधान में महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के पदाधिकारी एवं स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका और विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया '

उजरा नारायणपुर में पूर्व मुखिया के घर में हुई चोरी

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के उजरा नारायणपुर गांव में पूर्व मुखिया मसौवर हुसैन के घर के पीछे के खिड़की का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर उसमें रखे दो अलमीरा, ट्रंक बक्सा व दीवान पलंग के बॉक्स में रखे गए गहना व कई अन्य महंगा सामान की चोरी कर ली गई है। घटना की जानकारी तब हुई जब 29 सितंबर के दिन पूर्व मुखिया के ससुर रब्बी आलम उनके घर की देखरेख करने के लिए गए हुए थे। इस दौरान जैसे ही वे घर का ताला खोल कर अंदर घुसे तो कमरे के सभी दरवाजे खुले हुए थे। घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ था। घर के पीछे की खिड़की का दरवाजा खुला था। जिससे घर के अंदर घुसे चोरों ने कमरों में लगे तालों को तोड़ने के बाद कमरे में रखे दो अलमीरा, ट्रंक बक्सा व दीवान पलंग के बॉक्स में रखें गहने व कई महंगे सामान की चोरी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि पूर्व मुखिया के घर के सभी लोग लड़की की शादी की तैयारी के लिए दिल्ली बाजार करने के लिए गए हुए थे। मामले में पूर्व मुखिया के ससुर रब्बी आलम के आवेदन पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

त्रिलोकपुर के छह वर्षीय छात्र की मौत मामले में पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर शुरू की जांच

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर उत्तर टोला निवासी अरविंद कुमार सिंह के 6 वर्षीय बेटे अभिनंदन कुमार की मोहबतिया पोखरा में डूबने से हुई मौत मामले में पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दिया है। अपने आवेदन में उचकागांव थाने के सहायक दरोगा सह त्रिलोकपुर पंचायत के सेक्टर मजिस्ट्रेट गौरव कुमार ने लिखा है कि घटना के बाद ग्रामीणों से उन्हें जानकारी मिली कि 29 सितंबर के दिन अरविंद कुमार सिंह के पड़ोसी हारून रावत चंवर की तरफ घोंघा चुनने जा रहे थे। इसी दौरान उनके पीछे अभिनंदन कुमार भी चला गया। इसी दौरान घोंघा चुनने के



लोगो से बातचीत करते पुलिस अधिकारी।

दौरान ही पोखरा के बांध से पैर फिसलने के कारण पोखरा के गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। मामले में स्वजन अथवा अभिभावक से कोई आवेदन प्राप्त नहीं होने पर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा ने सहायक दरोगा गौरव कुमार के आवेदन पर बीते एक अक्टूबर को यूडी केस दर्ज कर थाने के दरोगा टिंकू कुमार को घटना की गहनता से जांच करने का निर्देश दिया है। जिसके आलोक में शनिवार के दिन थाने के दरोगा टिंकू कुमार व सहायक दरोगा कन्हैया लाल सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए ग्रामीणों की उपस्थिति में मोहबतिया पोखरा स्थित घटनास्थल की गहनता से जांच की। वहीं ग्रामीणों का बयान दर्ज किया। इस दौरान ग्रामीणों का कहना था कि यदि छह वर्ष के छोटा बच्चा को घर से लगभग एक किलोमीटर दूर डेढ-दो फीट पानी लगे चंवर में पोखरा तक जबरन न लाया जाए तो यह बच्चा पोखरा तक अपने मन से कैसे आ सकता है। उसे पड़ोसी के द्वारा किसी के कहने पर जबरन लाकर घटना को अंजाम दिया गया है। इस दौरान ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर मामले में संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके बाद थाने के दरोगा टिंकू कुमार ने निष्पक्ष जांच करते हुए न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। इसके पूर्व ग्रामीणों द्वारा बीते एक अक्टूबर के दिन ही पड़ोसी हारून

45वीं अंतर विद्यालय लोक नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरा भारतीय संस्कृति का रंग

पटना/एनएसबी। रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा आयोजित 45वीं अंतर विद्यालय लोक नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन शनिवार, 3 अक्टूबर 2026 को बापू सभागार, गांधी मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में 19 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने ह्यभारत के अनसुने नायकह्ण विषय पर शानदार प्रस्तुतियां देकर भारतीय लोक संस्कृति, परंपरा और देशभक्ति की अनूठी झलक प्रस्तुत की।कार्यक्रम का उद्घाटन रोटरी जिला गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि माननीय मंत्री श्री राम कृपाल यादव, विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी तथा भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री परमेंद्र हरि उपस्थित रहे।प्रतियोगिता के कनिष्ठ, वरिष्ठ एवं विषय आधारित वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा विशेष श्रेणी के पुरस्कार तथा प्रतिष्ठित ह्यचैंपियन ऑफ चैंपियंसह्ण पुरस्कारह्ण भी प्रदान किया गया।मुख्य अतिथि श्री राम कृपाल यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ रोटरी की सकारात्मक सामाजिक छवि और समाज में उसकी पहचान को मजबूत करते हैं।रोटरी जिला गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग ने प्रतियोगिता को युवाओं की प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए अनूठा मंच बताते हुए बच्चों को रोटरी के इंटरैक्ट क्लब से जुड़कर समाजसेवा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र के द्वैमासिक समाचार-पत्र का विमोचन भी किया गया। इसमें क्लब की प्रमुख सेवा गतिविधियों एवं उपलब्धियों को संकलित किया गया है।क्लब अध्यक्ष रोटेरियन अंजनी कुमार सिन्हा ने कहा कि 45 वर्षों से आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता नई पीढ़ी को भारतीय लोक संस्कृति से जोड़ने तथा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में क्लब की महत्वपूर्ण पहल है।क्लब सचिव रोटेरियन उमेश कुमार जैन ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यालयों, प्रतिभागियों, शिक्षकों, अभिभावकों, निर्णायकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।प्रतियोगिता के अध्यक्ष रोटेरियन नवीन गुप्ता ने आयोजन की सफलता में सहयोग देने वाले के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी के पूर्व जिला गवर्नर संदीप नारंग, एल. बी. सिंह एवं नम्रता नाथ सहित पटना के विभिन्न रोटरी क्लबों के अध्यक्ष एवं सदस्य, विभिन्न विद्यालयों के निदेशक एवं प्राचार्य उपस्थित रहे। सारा ग्रुप हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम भी आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के साथ पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रही।आयोजन को सफल बनाने में रोटेरियन प्रेम मित्तल, अनिल रितोलिया, पूर्व अध्यक्ष सुबोध जैन, अशोक अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, वीणा जैन, शिल्पी चाचन, रेखा जैन, संदीप सर्राफ, ऋषि जायसवाल, रीता अग्रवाल , अजय गुप्ता सहित आयोजन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

थावे-लाइन बाजार मुख्य जर्जर सड़क की निर्माण की मांग को लेकर दिया एक दिवसीय धरना



उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव प्रखंड की तरफ जाने वाली थावे ओवरब्रिज के पश्चिम युवकों ने पिपराही, अरना, लुहसी होते हुए लाइन बाजार जाने वाली जर्जर मुख्य सड़क की निर्माण की मांग की लेकर एक दिवसीय धरना दिया। हथुआ अनुमंडलीय क्षेत्र के उचकागांव, फुलवरिया, पंचदेवरी, कटेया, भोरे, विजयीपुर प्रखंड क्षेत्र को सीधे जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य सड़क जो थावे बाजार से पिपराही, अरना, लुहसी, जमसड होते हुए लाइन बाजार तक जाती है। पिछले दो वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी हुई है। इसी सडक से जिले के सांसद, विधायक से लेकर आला अधिकारी तक गुजरते हैं। परंतु मुकदर्शक बने हुए हैं। परंतु इस सड़क से होकर गुजरने वाली बाइक, ई रिक्शा, दो दोपहिया, चार पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस सड़क से गुजरते हुए प्रतिदिन राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद भी इस सड़क का सरकार द्वारा निर्माण नहीं कराया जा रहा है। मामले को लेकर शनिवार के दिन मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति से त्रस्त ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान इस जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने थावे ओवरब्रिज के पश्चिम सड़क के किनारे एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। जिसमें अरना, झीरवा, पिपराही सहित आसपास के दर्जनों गांवों के सैकड़ों युवा, बुजुर्ग, किसान और ग्रामीण शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और सड़क की जल्द से जल्द निर्माण की मांग को लेकर आवाज बुलंद की। अनस सलाम ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दो माह के भीतर सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई, तो बाध्य होकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।धरना के दौरान इस्तेयाक अहमद रिंकू, सबरे आलम, महमद कूदुस, महमद सलाउद्दीन, धनु, गौरी, सेराज अंसारी, डॉ नाजिर अली, शाहिद आलम आदि शामिल थे।

पंचायत सरकार भवनों को पूरी तरह क्रियाशील रखें : डीएम

पटना/एनएसबी। जिला अंतर्गत चल रहे विकासात्मक एवं कल्याणकारी व योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समयपर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

पंचायत सरकार भवनों के सुचारू संचालन पर विशेष जोर

जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी पंचायत सरकार भवन पूरी तरह क्रियाशील रहें तथा वहां निर्धारित कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पंचायत सरकार भवनों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि पंचायत सरकार भवनों पर कार्यरत कर्मियों के वेतन का भुगतान बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही किया जाए। किसी पंचायत सरकार भवन के बंद अथवा गैर-क्रियाशील पाए जाने पर संबंधित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को पंचायत सरकार भवनों के संचालन का नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

उद्योग एवं बड़ी परियोजनाओं लिए लैंड बैंक तैयार करने का निर्देश

जिलाधिकारी ने जिले में औद्योगिक इकाइयों एवं बड़ी परियोजनाओं की स्थापना के लिए पर्याप्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। सभी अंचल अधिकारियों एवं अनुमंडल पदाधिकारियों को उपयुक्त सरकारी भूमि की पहचान कर लैंड बैंक तैयार करने का निर्देश दिया गया, ताकि बड़ी परियोजनाओं आवश्यकता के अनुरूप औद्योगिक एवं अन्य विकास परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को उद्योग एवं विभिन्न उद्यमों से संबंधित आवेदनों, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, क्लीयरेंस एवं लाइसेंस से जुड़े मामलों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। इससे जिले में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने के साथ रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास के अवसरों का विस्तार होगा। बैठक में ह्यसेवा संकल्प एवं कायाकल्पह्ण अभियान की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, पंचायत भवनों एवं अन्य चयनित सरकारी भवनों एवं स्कीमो में आवश्यक सुधार एवं विकासात्मक कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भवन में उपलब्ध आधारभूत संरचना एवं आवश्यक सुविधाओं की कमियों को चिह्नित कर उनके निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विद्यालयों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालयों के वास्तविक आवश्यकताओं एवं समस्याओं की पहचान मीना मंच एवं बाल संसद के माध्यम से भी की जाए, ताकि उनकी वास्तविक जरूरतों के अनुरूप सुधारात्मक कार्य किए जा सकें। जलाधिकारी ने अस्पतालों में चिकित्सकों की ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अस्पतालों में डिजिटल डिस्प्ले लगाने को कहा, जिस पर जिनकी ड्यूटी हो उन चिकित्सक का नाम एवं मोबाइल नंबर प्रदर्शित हो, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को सुविधा हो सके. साथ ही अस्पतालों में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया।

संतान की कुशलता के लिए माताओं ने की निर्जला जिउतिया

केराउ व गाय के दूध से आज होगा पारण

पटना/एनएसबी। आश्विन कृष्ण अष्टमी में शनिवार को आर्द्रा नक्षत्र एवं वरीयान योग के सुयोग में महिलाएं अपने संतान की कुशलता, दीर्घायुष्य एवं वंश वृद्धि की कामना से निर्जला जिउतिया का व्रत किया क सुबह से ही व्रती गंगा स्नान को लेकर गंगा घाटों पर पहुंचने लगी थी कपटना के विभिन्न घाटों गंगा स्नान करने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा क संध्या बेला जीमूतवाहन भगवान का कुश की प्रतिमा बनाकर विधिवत पूजन कर पौराणिक कथाओं का श्रवण किया क महिलाएं आपस में एक-दूसरे को मंगल टीका एवं सुहाग सिंदूर लगाकर पूजा-अर्चना की क आचार्य राकेश झा ने बताया कि जिउतिया का निर्जला उपवास करने वाली व्रती महिलाएं आज रविवार की सुबह 07:38 बजे के बाद पारण करेंगी क जिउतिया व्रत का पारण केराउ व गाय के दूध से होगा।

पटना नगर निगम क्षेत्र में कर के दायरे से बाहर संपत्तियों के लिए लगेंगे शिविर

वार्डवार आयोजित होंगे कर निर्धारण शिविर, नए कर निर्धारण, पुनर्निर्धारण एवं संपत्ति कर भुगतान की मिलेगी सुविधा

पटना/एनएसबी। पटना नगर निगम द्वारा संपत्ति कर के दायरे से बाहर रह गई संपत्तियों को कर के दायरे में लाने तथा राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष पहल की जा रही है। संपत्ति कर संवर्धन के लिए चलाए गए डोर-टू-डोर अभियान के बाद अब निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में वार्डवार कर निर्धारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से आम नागरिक अपनी संपत्तियों का नया कर निर्धारण, पुनर्निर्धारण, संपत्ति कर में परिवर्तन अथवा संशोधन तथा संपत्ति कर भुगतान से संबंधित कार्य आसानी से करवा सकेंगे। नागरिक अपनी सुविधानुसार नजदीकी शिविर में पहुंचकर इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

दो चरणों में आयोजित होंगे शिविर

पटना नगर निगम द्वारा प्रथम चरण में 5 से 7 अक्टूबर तथा दूसरे चरण में 8 से 10 अक्टूबर 2026 तक शिविर आयोजित किए जाएंगे।

प्रथम चरण : 5 से 7 अक्टूबर 2026

नूतन राजधानी अंचलः वार्ड पार्षद कार्यालय, सब्जपुरा (वार्ड-3)

पाटलिपुत्र अंचलः गेट संख्या 93, अशोक राजपथ (वार्ड 22-ए)

दूसरा चरण : 8 से 10 अक्टूबर 2026

नूतन राजधानी अंचलः वार्ड पार्षद कार्यालय, हरनीचक (वार्ड 11)

पाटलिपुत्र अंचलः वार्ड पार्षद कार्यालय, बैंक ऑफ बरौडा के पास, कुर्जी (वार्ड 22-बी)

5 अक्टूबर से शुरू होगा शिविरों का आयोजन, सफाई निरीक्षक एवं सेक्टर सुपरवाइजर करेंगे संपत्तियों की पहचान

घर-घर जाकर चिह्नित की जाएंगी कर निर्धारण योग्य संपत्तियां

सभी सफाई निरीक्षकों एवं सेक्टर सुपरवाइजरों को अपने-अपने वार्डों में भ्रमण कर ऐसी संपत्तियों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है, जिनका अब तक कर निर्धारण नहीं हुआ है अथवा जिनके पुनर्निर्धारण की आवश्यकता है। चिह्नित संपत्तियों की जानकारी संबंधित कार्यपालक पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि संबंधित संपत्तिधारकों को शिविरों के माध्यम से कर निर्धारण की सुविधा प्रदान की जा सके। इसके अतिरिक्त, निगम के कंट्रोल रूम द्वारा संपत्ति कर के दायरे से बाहर रह गए बिजली उपभोक्ताओं से भी संपर्क किया जाएगा। उन्हें कर निर्धारण शिविरों की जानकारी देते हुए अपनी संपत्ति का कर निर्धारण कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बकाया संपत्ति कर भुगतान की भी मिलेगी सुविधा

कर निर्धारण के साथ-साथ शिविरों में संपत्तिधारक अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान भी कर सकेंगे। विदित हो कि 1 अक्टूबर 2026 से बकाया संपत्ति कर की राशि पर प्रतिमाह 1.5 प्रतिशत की दर से पेनाल्टी लागू हो गई है। सभी बकायेदार संपत्तिधारकों से अपील है कि वे अतिरिक्त पेनाल्टी से बचने के लिए यथाशीघ्र अपने बकाया कर का भुगतान करें। साथ ही, जिन संपत्तियों का अब तक कर निर्धारण नहीं हुआ है, उनके स्वामी निर्धारित शिविरों में पहुंचकर समय रहते अपनी संपत्ति का कर निर्धारण सुनिश्चित कराएं।